राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 प्रोफेसर अली खान पर महिला आयोग का दावा उनके.........

जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक......... 12

वर्ष : 16 | अंक : 16 | नई दिल्ली, बुधवार, 21 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## सीसीआई की स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करना न केवल आर्थिक, बल्कि लोकतांत्रिक जरूरत भी है और इस पृष्ठभूमि में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 16वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धा दक्षता और इनोवेशन को बढ़ावा देती है और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा, इनोवेशन के लिए प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण है। एकाधिकार वाले माहौल में विकसित होने की कोई जल्दी नहीं होती। जबकि, प्रतिस्पर्धा के साथ, पीछे छूट जाने का डर संगठनों को टेक्नोलॉजी, डिजाइन, सर्विस और डिलीवरी में इनोवेशन के लिए मजबूर करता है। वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, फ्री और फेयर ट्रेड मार्केट यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी सिंगल प्लेयर रिसोर्सेज पर अपना एकाधिकार न बना ले, विकल्पों को न छिपा सके और प्राइस को ज्यादा न बढ़ा सके। उन्होंने कहा, इससे हमारे उपभोक्ताओं को लाभ होता है। वित्त मंत्री ने कहा, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत तीन मुख्य कार्य हैं: पहला बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और उसे बनाए रखना। दूसरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और तीसरा प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली प्रथाओं को रोकना। आज की परस्पर जुड़ी हुई और तेज गति वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था में, विनियामक मंजूरी में देरी से अनिश्चितता पैदा हो सकती है, वाणिज्यिक समयसीमा बाधित हो सकती है और संभावित रूप से लेनदेन के इच्छित मूल्य में कमी आ सकती है। वित्त मंत्री सीतारमण ने जोर देते हुए कहा, यह आवश्यक है कि रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, कठोर निगरानी बनाए रखते हुए, ऐसे संयोजनों के लिए तेज और निर्बाध मंजूरी की सुविधा भी प्रदान करें, जो प्रतिस्पर्धा को कोई नुकसान न पहुंचाएं।ह्व पारंपरिक चुनौतियों के अलावा, हाल के वर्षों में नई चुनौतियों का उदय हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकें बाजार की शक्ति, पारदर्शिता, डेटा एक्सेस, एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रहों और प्रतिस्पर्धी नुकसान के दायरे को लेकर सवाल उठाती हैं। वित्त मंत्री ने कहा, इस साल के केंद्रीय बजट में मैंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक लाइट-टच रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के महत्व को बताया था। इसी तरह, नियामकों को विकास समर्थक मानसिकता के साथ नियामक सतर्कता को संतुलित करने के लिए न्यूनतम आवश्यक, अधिकतम व्यवहार्य के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए।




**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ असेंबली का विषय है 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ', यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के विजन के अनुरूप है: प्रधानमंत्री

### स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशन, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है

> जून में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आ रहा है, इस वर्ष का विषय है 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ'
>
> स्वस्थ धरती का निर्माण करते समय, आइए हम यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पीछे न छूटे



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जिनेवा में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को हार्दिक बधाई दी, इस वर्ष की थीम 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ' पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के विजन के अनुरूप है।

उन्होंने 2023 वर्ल्ड हेल्थ असेंबली में अपने संबोधन को याद किया, जहां उन्होंने 'वन अर्थ, वन हेल्थ' के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेशन, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। श्री मोदी ने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर जोर दिया कि समावेशन भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है, जो 580 मिलियन लोगों को कवर करती है और मुफ्त उपचार प्रदान करती है। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को कवर करने के लिए विस्तारित किया गया है। उन्होंने भारत के हजारों हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के व्यापक नेटवर्क के बारे में बताया, जो कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की शुरूआती जांच करने के साथ-साथ इनका पता लगाने की सुविधा प्रदान करते हैं। उन्होंने हजारों सार्वजनिक फार्मेसियों की भूमिका के बारे में भी बताया, जो काफी कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं प्रदान करती हैं।

श्री मोदी ने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म और यूनिक डिजिटल हेल्थ आइडेंटिटी सिस्टम जैसी भारत की डिजिटल पहलों से अवगत कराया, जो लाभों, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन के साथ, कोई भी मरीज अपने डॉक्टर से बहुत दूर नहीं है। उन्होंने भारत की मुफ्त टेलीमेडिसिन सेवा पर प्रकाश डाला, जिसने 340 मिलियन से अधिक परामर्शों को सक्षम किया है। भारत की स्वास्थ्य संबंधी पहलों के सकारात्मक प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय में उल्लेखनीय गिरावट आई है। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी स्वास्थ्य व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों की कितनी अच्छी तरह देखभाल करते हैं।₹ उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक दक्षिण विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से प्रभावित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का विजन अनुकरणीय, मापनयोग्य और टिकाऊ मॉडल प्रदान करता है। उन्होंने दुनिया के साथ, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के साथ अपने ज्ञान और सर्वोत्तम प्रणालियों को साझा करने की भारत की इच्छा व्यक्त की। जून में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने वैश्विक भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने इस वर्ष की थीम, 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' पर प्रकाश डाला और योग के जन्मस्थान के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देते हुए सभी देशों को आमंत्रित किया। श्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और सभी सदस्य देशों को आईएनबी संधि की सफल वार्ता के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे भविष्य में होने वाली महामारियों से लड़ने के लिए अधिक वैश्विक सहयोग के माध्यम से साझा प्रतिबद्धता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने एक स्वस्थ धरती के निर्माण को महत्वपूर्ण बताने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया कि कोई भी पीछे न छूटे। अपने संबोधन के समापन पर, प्रधानमंत्री ने वेदों की एक शाश्वत प्रार्थना का हवाला दिया, उन्होंने बताया कि कैसे हजारों साल पहले, भारत के ऋषियों ने एक ऐसी दुनिया के लिए प्रार्थना की थी जहां सभी स्वस्थ, खुश और रोग मुक्त हों। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजन दुनिया को एकजुट करेगा।

## प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डॉ. एमआर श्रीनिवासन के निधन पर पीएम ने जताया दुख



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गज और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमआर श्रीनिवासन के निधन पर दुख जताया। पीएम मोदी ने कहा कि एमआर श्रीनिवासन का वैज्ञानिक प्रगति को आगे बढ़ाने और कई युवा वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन देने के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। उन्होंने 95 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दिग्गज डॉ. एमआर श्रीनिवासन के निधन से बहुत दुख हुआ। महत्वपूर्ण परमाणु अवसंरचना के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका ऊर्जा क्षेत्र में हमारे आत्मनिर्भर होने का आधार रही है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, उन्हें परमाणु ऊर्जा आयोग के उनके प्रेरक नेतृत्व के लिए याद किया जाता है। वैज्ञानिक प्रगति को आगे बढ़ाने और कई युवा वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन देने के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाले श्रीनिवासन के निधन पर दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अग्रणी परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमआर श्रीनिवासन के निधन से बहुत दुख हुआ। भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अप्रतिम योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. एमआर श्रीनिवासन के निधन पर दुख जाहिर करते हुए एक्स पर लिखा, भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले महान वैज्ञानिक डॉ. एमआर श्रीनिवासन जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनके नेतृत्व में भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में जो उपलब्धियां प्राप्त की, वे देश की वैज्ञानिक प्रगति की आधारशिला बनीं। दूरदर्शी विचारक और वैज्ञानिक के रूप में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिवारजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## संक्षिप्त खबरें

### परमाणु ऊर्जा क्षेत्र निजी भागीदारी बढ़ाने पर विचार कर रही मोदी सरकार

नई दिल्ली। मोदी सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनों में संशोधन पर विचार कर रही है। 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य पाने के लिए केंद्र सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी सहभागिता बढ़ाना चाहती है। इसके लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित कानूनों में बदलाव की जरूरत है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि निजी क्षेत्र को भागीदारी की अनुमति देने के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम में बदलाव पर विचार किया जा रहा है। दरअसल परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण के लिए उपकरणों के आपूर्तिकताओं पर जवाबदेही सीमित करने के लिए परमाणु क्षति के लिए जवाबदेही कानून में संशोधन की जरूरत है। केंद्र सरकार नियामक सुधारों पर भी विचार कर रही है और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इनस्पेस) के माडल का मूल्यांकन कर रही है। इनस्पेस अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए नियामक के रूप में कार्य करता है। 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को भी निजी भागीदारी के लिए खोलने की घोषणा की, जिसे अब तक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों तक सीमित रखा गया था।

## कर्नाटक में हमने सभी पांच गारंटी पूरी कीं: राहुल



विजयनगर, एजेंसी

विजयनगर (कर्नाटक)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक में अपनी पार्टी की सरकार के दो साल पूरा होने के मौके पर उसकी उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जिन पांच गारंटी का वादा किया गया था, उन्हें पूरा किया गया है। उन्होंने यहां आयोजित समर्पण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहती है कि धन और संसाधन चुनिंदा अमीर लोगों के पास जाएं, जबकि कांग्रेस चाहती है कि धन गरीबों के पास जाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, ह्यह्यआज कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की सरकार को 2 साल पूरे हुए हैं। हमने चुनाव के समय कर्नाटक की जनता से वादे किए थे। हमने जनता को 5 गारंटी दी थीं। तब नरेंद्र मोदी और भाजपा के लोगों ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी ये काम नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि पहली गारंटी गृहलक्ष्मी योजना के तहत 2,000 रुपये प्रति महीना एक करोड़ महिलाओं को दिए जा रहे हैं। उनका कहना था, आज मैं खुशी से कह सकता हूं कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार करोड़ों महिलाओं के खाते में पैसा डालती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, दूसरी गारंटी गृह ज्योति के तहत करोड़ों परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। हमने जनता को दिया ये वादा भी पूरा किया। तीसरी गारंटी अन्न भाग्य योजना के तहत चार करोड़ लोगों को 10 किलो अनाज दिया जा रहा है। आज कर्नाटक में करोड़ों परिवारों को इस योजना से अनाज मिलता है।

## सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता : कांग्रेस



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गये हैं। उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा, अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे। 'गुजरात समाचार' ने कांग्रेस के खिलाफ भी लिखा है लेकिन हमने कभी उनके यहां ईडी या सीबीआई नहीं भेजी या कभी छापेमारी नहीं करवाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा,ह्ल पहलगाम हमले के बाद, देश देखना चाहता है कि कब मोदी सरकार हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को गिरफ्तार करेगी। वो आतंकवादी कहां चले गए, वे पाकिस्तान वापस चले गए या भारत की जमीन पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के पास इन सवालों का कोई जवाब नहीं है।

**वक्फ संशोधन** संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा..................

## वक्फ मामला: केंद्र का न्यायालय से अंतरिम आदेश के लिए सुनवाई तीन मुद्दों तक सीमित रखने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करने के लिए सुनवाई को तीन चिह्नित मुद्दों तक सीमित रखा जाए। इन मुद्दों में अदालत द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने का अधिकार भी शामिल है। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आग्रह किया कि वह पहले की पीठ द्वारा निर्धारित कार्यवाही तक ही सीमित रहें। विधि अधिकारी ने कहा, ह्यह्यन्यायालय ने तीन मुद्दे चिन्हित किए थे। हमने इन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल किया था। हालांकि, याचिकाकताओं की लिखित दलीलें अब कई अन्य मुद्दों तक चली गई हैं। मैंने इन तीन मुद्दों के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया है। मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित रखा जाए। वक्फ अधिनियम, 2025 के प्रावधानों को चुनौती देने वाले लोगों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल तथा अभिषेक सिंघवी ने इन दलीलों का विरोध किया कि अलग-अलग हिस्सों में सुनवाई नहीं हो सकती। एक मुद्दा ह्यअदालत द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीडह्ल घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के अधिकार का है। याचिकाकताओं द्वारा उठाया गया दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है, जहां उनका तर्क है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही इसमें काम करना चाहिए तीसरा मुद्दा एक प्रावधान से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करते हैं कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। सुनवाई जारी है। सिब्बल ने दलीलें पेश करना शुरू किया और मामले की पृष्ठभूमि का उल्लेख किया। गत 17 अप्रैल को, केंद्र ने शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक न तो ह्यवक्फ बाई यूजरह्ल समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा। केंद्र ने केंद्रीय वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक लगाने के अलावा ह्यवक्फ बाई यूजरह्ल सहित वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के खिलाफ अंतरिम आदेश पारित करने के शीर्ष अदालत के प्रस्ताव का विरोध किया था। गत 25 अप्रैल को, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम, 2025 का बचाव करते हुए 1,332 पन्नों का प्रारंभिक हलफनामा दायर किया था और संसद द्वारा पारित संवैधानिकता की धारणा वाले कानून पर अदालत द्वारा किसी भी तरह की पूर्ण रोक का विरोध किया था। केंद्र ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को पिछले महीने अधिसूचित किया था, जिसके बाद इसे 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई थी। इस विधेयक को लोकसभा में 288 सदस्यों के मत से पारित किया गया, जबकि 232 सांसद इसके खिलाफ थे। राज्यसभा में इसके पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 सदस्यों ने मतदान किया।

## संसदीय दलों की विदेश यात्रा कल से शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले एवं ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष बैजयंत पाण्डा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असद्दुदीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आजाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे। भाजपा के डॉ रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दूसरा समूह 25 मई को फ्रांस, 27 मई को इटली, 29 मई को डेनमार्क, एक जून को ब्रिटेन और पांच जून को जर्मनी जाएगा। समूह के अन्य सदस्य भाजपा की डॉ डी पुरन्देश्वरी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की प्रियंका चतुवेर्दी, नामांकित गुलाम अली खटाना, कांग्रेस के डॉ. अमर सिंह, भाजपा के समिक भट्टाचार्य और श्री एम जे अकबर हैं। इस समूह में राजदूत पंकज सरन भी शामिल होंगे। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व वाला तीसरा समूह 22 मई को जापान, 24 मई को दक्षिण कोरिया, 27 मई को सिंगापुर, 28 मई को इंडोनेशिया और 31 मई को मलेशिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस के यूसुफ पठान, भाजपा के बृजलाल, माकपा के जॉन ब्रिटास, भाजपा के प्रधान बरुआ, भाजपा के हेमांग जोशी और सलमान खुर्शीद हैं। राजदूत मोहन कुमार भी इस समूह का हिस्सा होंगे। शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले चौथा समूह 21 मई को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), 24 मई को कांगो, 28 मई को सिएरा लिओन और 31 मई को लाइबेरिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सत्यापन न करवाने पर 13 मकान मालिकों के चालान

**देहरादून, एजेंसी।** थाना पुलिस ने कालसी और साहिया में बाहरी लोगों के सत्यापन के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने किरायेदारों का सत्यापन न करवाने पर 13 मकान मालिकों पर 10-10 हजार रुपये के चालान कार्रवाई की। वहीं, छह लोगो के पुलिस एक्ट के तहत चालान किए। थाना प्रभारी कालसी दीपक धारीवाल ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर कालसी, कस्बा व्यास भूड, हरिपुर, साहिया में सत्यापन अभियान चलाया गया। बताया कि 13 मकान मालिकों ने अपने किरायेदारों के सत्यापन नहीं करवाए थे। सभी के 10-10 हजार रुपये के चालान किए गए। बताया कि छह लोगों पर पुलिस एक्ट के चालान की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि सत्यापन अभियान जारी रहेगा।

### बच्चों के झगड़े ने लिया हिंसक रूप, छबीलबाग में देर रात विवाद के बाद पथराव; पुलिसबल तैनात

**देहरादून, एजेंसी।** जिस व्यक्ति के घर पर पथराव हुआ उनके परिवार के सदस्यों ने किसी तरह छिपकर जान बचाई। आरोप है कि पथराव में एक व्यक्ति के दरवाजे, खिड़कियों के कांच और कुछ सामान टूट गया। सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

लक्ष्मण चौक पुलिस चौकी क्षेत्र के छबील बाग में सोमवार देर रात बवाल हो गया। पथराव की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। खबर लिखे जाने तक पुलिसबल घटनास्थल पर ही डटा रहा।

जानकारी के मुताबिक बच्चों के झगड़े के बाद हुए विवाद में बड़े भी शामिल हो गए। विवाद बढ़ा तो कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। जिस व्यक्ति के घर पर पथराव हुआ उनके परिवार के सदस्यों ने किसी तरह छिपकर जान बचाई। आरोप है कि पथराव में एक व्यक्ति के दरवाजे, खिड़कियों के कांच और कुछ सामान टूट गया। सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

### रक्षा मंत्री से मिले मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष; ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यक्रम में शामिल करने की कही बात

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुफ़्ती शमून क़ासमी ने कहा कि उत्तराखंड मदरसा बोर्ड अपने नए पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल करने पर विचार कर रहा है।

उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुफ़्ती शमून क़ासमी ने मंगलवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों और सूफियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा।

मुफ़्ती क़ासमी ने रक्षा मंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर करारा प्रहार किया है। इस साहसिक कार्रवाई से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की रणनीति और सुरक्षा नीति की सराहना हो रही है।

उन्होंने रक्षा मंत्री से मांग की कि ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों और जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी हमले में मारे गए आम नागरिकों के परिजनों को विशेष आर्थिक सहायता दी जाए। मुफ़्ती क़ासमी ने जानकारी दी कि उत्तराखंड मदरसा बोर्ड अपने नए पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल करने पर विचार कर रहा है। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि मदरसों में पढ़ने वाले छात्र भी देश की सैन्य उपलब्धियों और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें।

### केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य में हिम तेंदुओं को लेकर अच्छी खबर, कैमरे में कैद हुई तस्वीर

**देहरादून, एजेंसी।** केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य में हिम तेंदुए की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है। केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य (केडब्ल्यूएस) में हिम तेंदुओं को लेकर एक बार फिर अच्छी खबर आई है। यहां पर अध्ययन के लिए लगाए गए कैमरा ट्रैप में हिम तेंदुए का फोटो आया है।केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य जैव विविधता की दृष्टि से काफी समृद्ध है। वन विभाग डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, नेशनल कंजरवेशन फाउंडेशन के सहयोग से अध्ययन (केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य में बड़े स्तनधारियों की स्थिति और प्रचुरता का आकलन) का काम पिछले महीने से करा रहा है।

# यूसीसी को चुनौती देने वाली याचिकाओं की एकसाथ हुई सुनवाई

## हाईकोर्ट ने केंद्र को जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का दिया समय

**नैनीताल, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता को चुनौती देती जनहित याचिकाओं सहित प्रभावित लोगों की ओर से दायर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से समय समय मांगा गया। जिसके बाद कोर्ट ने केंद्र को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए।

मामले में अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान भीमताल निवासी सुरेश सिंह नेगी की ओर से कहा गया कि प्रदेश में यूसीसी कानून जनवरी से लागू हो गया है। इससे प्रभावित लोगों ने कई याचिकाएं कोर्ट में दायर की है लेकिन अभी तक कुछ ही पक्षकारों ने जवाब पेश किया है।

केंद्र सरकार का जवाब भी नही आया,




इसलिए शीघ्र केंद्र सरकार से जवाब तलब कराया जाय। जबकि राज्य सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत कर दिया गया है। जो याचिकाएं दायर की गई है उनमें से खासकर मुस्लिम सुमदाय व लिव इन रिलेशन में रह रहे लोग शामिल हैं।

लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों का कहना है कि जो फार्म रजिस्ट्रेशन के लिए भरवाया जा रहा है उसमें पूर्व की जानकारी मांगी गई है। अगर वे पूर्व की जानकारी फार्म में अंकित करते है तो उन्हें जानमाल का खतरा भी हो सकता है। इसमें संसोधन किया जाए।

भीमताल निवासी सुरेश सिंह नेगी ने यूसीसी के विभिन्न प्रविधानों को जनहित याचिका के रूप में चुनौती दी है। देहरादून के एलमसुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य ने अपनी याचिका में कहा है कि यूसीसी में अल्पसंख्यकों के रीति-रिवाजों को अनदेखा किया गया है।

याचिकाओं में कहा गया कि जहां सामान्य शादी के लिए लड़के की उम्र 21 व लड़की की 18 वर्ष होनी आवश्यक है। जबकि लिव इन रिलेशनशिप में दोनों की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है। उनसे होने वाले बच्चे कानूनी बच्चे माने जाएंगे।

इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति अपनी लिव इन रिलेशनशिप से छुटकारा पाना चाहता है तो वह एक साधारण प्रार्थना पत्र रजिस्ट्रार को देकर करीब 15 दिन के भीतर अपने पार्टनर को छोड़ सकता है या उससे छुटकारा पा सकता है। जबकि विवाह में तलाक लेने के लिए पूरी न्यायिक प्रक्रिया अपनानी पड़ती है और दशकों के बाद तलाक होता है, वह भी पूरा भरण पोषण देकर। राज्य के नागरिकों को जो अधिकार संविधान से प्राप्त हैं ,राज्य सरकार ने उसमें हस्तक्षेप करके उनके अधिकारों का हनन किया है।

याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि भविष्य में इसके परिणाम गंभीर हो सकते है। सभी लोग शादी न करके लिव इन रिलेशनशिप में ही रहना पसंद करेंगे। यही नहीं 2010 के बाद शादी का रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है। नहीं करने पर तीन माह की सजा या 10 हजार के जुर्माने तक का प्राविधान रखा गया है।

ऐसे में तो लिव इन रिलेशनशिप एक तरह की वैध शादी ही है। बस कानूनी प्रक्रिया अपनाने में अंतर है। एक अन्य याचिका में कहा है कि यूसीसी में इस्लामिक रीति रिवाजों व कुरान के प्रविधानों की अनदेखी की गई है।

## 31 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, पूछताछ में उगले चौकाने वाले राज

**विकासनगर, एजेंसी।** पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के पास से 104.02 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है. पकड़ी गई स्मैक की कीमत करीब 31 लाख रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई तेज कर दी है. पुलिस की पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह सहारनपुर से स्मैक खरीद कर लाया था. विकासनगर क्षेत्र में महिला नशा तस्कर के साथ मिलकर डिमांड के हिसाब से लोगों को स्मैक उपलब्ध कराता था.

सहसपुर थाना प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया की चेकिंग के दौरान आदुवाला आम के बगीचे के पास से एक नशा तस्कर शहबाज को 104.2 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है. आरोपी के विरुद्ध थाना सहसपुर में संबंधित धाराओं समेत एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है. पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को मिर्जापुर सहारनपुर के रहने वाले जीशान नाम के व्यक्ति से सस्ते दामों में खरीद कर लाया था.

जिसे वह कुंजाग्रांट के रहने वाली हबीब उर्फ माडी पत्नी तसव्वर उर्फ भूरा निवासी कुरैशी मोहल्ला कुंजाग्रांट विकास नगर को देने जा रहा था. इसके साथ मिलकर आरोपी नशे के आदि व्यक्तियों को स्मैक को ऊंचे दामों में बेचता था. गिरफ्तार युवक की पहचान शहबाज निवासी गाडा रोड अस्पताल के पास मिर्जापुर सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि दो आरोपी वांछित हैं, जिसकी पहचान जीशान निवासी मिर्जापुर सहारनपुर, हबीबा उर्फ माडी पत्नी तसव्वर उर्फ भूरा निवासी कुंजाग्रांट विकासनगर के रूप में हुई है.

## हरिद्वार सिडकुल में आधार राशन कार्ड और मार्कशीट का फर्जीवाड़ा, बांग्लादेशी महिला का मामला सामने आने से हड़कंप

**हरिद्वार, एजेंसी।** धर्मनगरी में दस्तावेजों का फर्जीवाड़ा केवल बांग्लादेशी महिला का आधार व पैन कार्ड बनने तक ही सीमित नहीं है। औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल के इर्द-गिर्द आधार कार्ड से लेकर राशन कार्ड, मार्कशीट व जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों का फर्जीवाड़ा भी धड़ल्ले से किया जा रहा है।

दूसरे राज्य के श्रमिकों को स्थानीय दिखाने और अपने फायदे के लिए नाबालिग को बालिग व बालिग को नाबालिग दर्शाने के लिए ये फर्जीवाड़ा जमकर हो रहा है।

नाबालिग से दुष्कर्म, अपहरण जैसे कई मुकदमों की पड़ताल में यह फर्जीवाड़ा पकड़ में भी आ चुका है। लेकिन उनकी चुनिंदा मामलों में ही कार्रवाई हुई। फर्जीवाड़े को लेकर कोई अभियान नहीं छेड़ा गया। नतीजतन, गोरखधंधा चालू है।

तीन दिन पहले रोड़ीबेलवाला क्षेत्र की झुग्गी बस्ती से पकड़ में आई बांग्लादेशी महिला व उसके बेटे का आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। इतना ही नहीं, महिला के पति संतोष दूबे ने उसका पैन कार्ड तक बनवाया हुआ था।

इस पर्दाफाश के बाद हर किसी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि आमजन को आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवाने व संशोधन कराने के लिए ऐड़ियां घिसनी पड़ती हैं, फिर बांग्लादेशी महिला व उसके बेटे के नाम पर ये दस्तावेज कैसे बन गए।

इसके पीछे गिरोह की आशंका देखते हुए पुलिस बारीकी से पड़ताल कर रही है। लेकिन पिछले कुछ समय में पुलिस के सामने मुकदमों की तफ्तीश के दौरान ऐसे कई फर्जीवाड़े उजागर हुए, जिनसे यह साफ पता चलता है कि फर्जीवाड़ा सिर्फ आधार कार्ड तक सीमित नहीं है।

औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल के आस-पास कई कंप्यूटर सेंटरों पर आधार कार्ड, पहचान पत्र, मार्कशीट, राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों का फर्जीवड़ा भी चल रहा है। फैक्ट्रियों में रिज्यूम के साथ अमूमन दस्तावेजों की प्रतिलिपि ही मांगी जाती है।

देखने में आ रहा है कि कंप्यूटर से काट-छांट करते हुए दस्तावेजों में नाम, पते और उम्र बदली जा रही है। इसकी प्रतिलिपि कर्मचारी फैक्ट्री में जमा करते हैं। हाल के दिनों में नाबालिग से जुड़े मुकदमों में स्वजनों की ओर से पुलिस को सौंपे गए दस्तावेजों की पड़ताल में फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। पुलिस ने सेंटर संचालक पर कार्रवाई भी की है। मगर फर्जीवाड़े को गंभीरता से लेते हुए अभियान चलाकर कार्रवाई नहीं की गई।

सिडकुल क्षेत्र की फैक्ट्रियों में 90 फीसद कर्मचारी दूसरे राज्यों से हैं। फैक्ट्रियों में ठेका प्रथा बदस्तूर जारी है। इसके बावजूद, नौकरियों के लिए मारा-मारी रहती है। कई फैक्ट्रियों के बाहर युवाओं की लंबी-लंबी कतारें नजर आती हैं। सिडकुल की फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर काम कर रहे अधिकांश श्रमिक दूसरे राज्यों से हैं। इनमें से कई लोग यहां का स्थायी निवासी दिखने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेते हैं। खासकर, लोकल राशन कार्ड की फोटोकापी जमा कर संविदा पर नौकरी हासिल की जाती है। कंपनियों की ओर से भी इन दस्तावेजों की बारीकी से जांच नहीं की जाती, जिससे फर्जीवाड़े को बढ़ावा मिल रहा है।

कई मामलों में नाबालिग को बालिग दिखाकर नौकरी तक दिला दी जाती है। इसके लिए आधार कार्ड, स्कूल प्रमाणपत्र और जन्मतिथि वाले दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की जाती है। फर्जी दस्तावेजों का यह खेल सिर्फ पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि सरकारी सुविधाओं और योजनाओं में भी सेंध लगा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, सिडकुल क्षेत्र और उसके आस-पास दलालों का पूरा नेटवर्क सक्रिय है, जो कुछ रुपयों के बदले आधार कार्ड, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, यहां तक कि स्कूल की मार्कशीट तक बना देता है। प्रशासन की ओर से अब तक इस गोरखधंधे पर कोई विशेष अभियान चलाया गया।

बांग्लादेशी महिला व उसके बेटे का आधार कार्ड बनने के मामले को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है। उनका आधार कार्ड कब, कहां और कैसे बना, इसकी कड़ियां खंगाली जा रही हैं। इसके अलावा हरिद्वार में जहां इस प्रकार के दस्तावेजों का धंधा हो रहा है, उसका पता लगाया जा रहा है।

## स्वामी अवधेशानंद गिरि अमरनाथ श्राइन बोर्ड के सदस्य नामित, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने भेजा संदेश

**हरिद्वार, एजेंसी।** जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि को फिर से श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड का सदस्य नामित किया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस संबंध में आचार्य महामंडलेश्वर को संदेश भेजा है।




आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि कहा कि वह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का हृदय से आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने मुझे एक बार पुनः श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। जम्मू-कश्मीर भारत का मुकुटमणि है और बाबा अमरनाथ की कृपा संपूर्ण राष्ट्र पर बनी रहे, यही मेरी प्रार्थना है।

आचार्य महामंडलेश्वर ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सभी भारतवासियों को एकजुट रहना चाहिए। अमरनाथ यात्रा को केवल धार्मिक अनुष्ठान न मानते हुए उन्होंने इसे राष्ट्रीय एकात्मता का प्रतीक बताया और इसे निर्बाध संपन्न कराने के लिए शासन-प्रशासन के प्रयासों की प्रशंसा की। स्वामी अवधेशानन्द गिरि ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे शूरवीर सशस्त्र बल सीमाओं की सुरक्षा जिस समर्पण से कर रहे हैं, वह संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। हमें अपनी सेना पर पूर्ण विश्वास है। हमारी सेना विश्व की सर्वाधिक सक्षम और समर्पित सेनाओं में से एक है।

उन्होंने बाबा अमरनाथ यात्रा की सफलता के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा एवं प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में की गई व्यवस्थाएं अत्यंत उत्कृष्ट एवं श्रद्धालुओं के अनुकूल हैं। उनकी भगवान से यही प्रार्थना है कि बाबा अमरनाथ की यह पवित्र यात्रा पूर्ण श्रद्धा, सुरक्षा और निर्बाधता के साथ संपन्न हो।

## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर गजब का उत्साह, अभी तक इतने श्रद्धालु कर चुके दर्शन



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2025 में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं. अभी तक 9,17,117 श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर पुण्य कमा चुके हैं. सबसे ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं. जहां श्रद्धालुओं की संख्या 3 लाख 80 हजार पार हो गया है.

यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या: बीती 30 अप्रैल को यमुनोत्री धाम के कपाट पूरे विधि विधान के साथ खोले गए. कपाट खुलने से लेकर अब तक 1,68,013 श्रद्धालु मां यमुना का आशीर्वाद ले चुके हैं. जिसमें 88,374 पुरुष, 74,551 महिला और 5,088 बच्चे शामिल हैं. वहीं, 18 मई की बात करें तो 10,327 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य कमाया. जिसमें 5,590 पुरुष, 4,422 महिला और 315 बच्चे शामिल रहे.

30 अप्रैल को ही गंगोत्री धाम के कपाट भी खोले गए. कपाट खुलने से लेकर अब तक 1,55,718 श्रद्धालु मां गंगा की आशीर्वाद ले चुके हैं. जिसमें 83,433 पुरुष, 68,308 महिला और 3,977 बच्चे शामिल हैं. वहीं, 18 मई की बात करें तो 10,106 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य कमाया. जिसमें 5,632 पुरुष, 4,183 महिला और 291 बच्चे शामिल रहे. इस तरह से अभी तक यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में 3,23,731 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं.

केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या: 2 मई 2025 को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. अब भी तक 3,80,897 श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं. अगर 18 मई की बात करें तो 24,336 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर पर हाजिरी लगाई. जिसमें 15,170 पुरुष, 8,814 महिला और 352 बच्चे शामिल रहे.


बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या: बीती 4 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खोले गए. अभी तक 2,12,489 श्रद्धालु भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर आशीर्वाद ले चुके हैं. जिसमें 1,24,752 पुरुष, 77,028 महिला और 10,709 बच्चे शामिल रहे. वहीं, 18 मई की बात करें तो 19,250 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य कमाया. जिसमें 10,655 पुरुष, 7,922 महिला और 673 बच्चे शामिल रहे.

## प्रदेश के आठ शराब ठेकेदारों ने गोदाम संचालक के लाखों रुपये हड़पे, रायपुर थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

**देहरादून, एजेंसी।** सालों तक शराब खरीदने के बाद भी रकम नहीं चुकाने पर आठ शराब ठेकेदारों के खिलाफ रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

अंग्रेजी शराब के गोदाम संचालक के प्रदेश के आठ शराब ठेकेदारों ने लाखों रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने सालों तक शराब खरीदी, लेकिन बहुत सा भुगतान रोक लिया। बार-बार कहने पर भी उनका धन नहीं दिया। गोदाम संचालक की शिकायत पर रायपुर पुलिस ने सभी ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

एसओ रायपुर प्रदीप नेगी ने बताया कि मामले में शिकायत वारुणी इंटरप्राइजेज प्रगति विहार, धर्मपुर के संचालक अशोक कुमार गुप्ता ने की है। गुप्ता राज्य में विदेशी मदिरा और बीयर के अधिकृत विक्रेता हैं। उनका गोदाम मियांवाला, रायपुर में है। गुप्ता



ने पुलिस को बताया कि रुद्रप्रयाग के तुनेरा के गांव श्रीकोट के रहने वाले जीतराम ने उनसे तीन अक्तूबर 2020 से शराब खरीदना शुरू किया। 25 मार्च 2021 तक उन्होंने 18.75 लाख रुपये की शराब खरीदी। इसमें से कुल 17.95 लाख रुपये ही दिए। बाकी रुपये अब तक नहीं दिए। इसी तरह उत्तरकाशी के नाकुरी बरसाली के रहने वाले कुलदीप सिंह ने 6.45 लाख रुपये के माल के पैसे नहीं चुकाए। पौड़ी गढ़वाल के मुकेश रावत ने 1.54 लाख रुपये, पौड़ी के सर्किट हाउस के रहने वाले विनोद सिंह ने 27 हजार रुपये, अल्मोड़ा के राजेंद्र सिंह नेगी ने 73 हजार रुपये, चंपावत के मुकेश चंद पांडेय ने 1.76 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया। इसके अलावा बहादराबाद के श्यामलाल यादव ने 1.40 रुपये का भुगतान नहीं किया।

## हेलटमेट नहीं लगाने पर एक साल में 5275 चालान

**देहरादून, एजेंसी।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन की पिछले एक साल की कार्रवाई में सबसे अधिक दोपहिया वाहनों पर हेलमेट नहीं लगाने वालों का चालान किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2024 से अप्रैल 2025 तक जहां कुल 9756 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई है। इनमें दोपहिया वाहनों पर हेलमेट नहीं लगाने वाले चालान की संख्या 5275 है।

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए साल भर चलाए जाने वाले अभियानों का असर दोपहिया वाहन चालकों पर नहीं हो रहा है। विकासनगर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन की पिछले एक साल की रिपोर्ट इस सच्चाई को दर्शा रही है।

अप्रैल 2024 से लेकर अप्रैल 2025 तक यातायात नियमों के उल्लंघन में कुल 9756 चालान किए गए हैं। जिनमें ओवर स्पीड में किए गए चालान 1979, भार वाहनों में ओवरलोडिंग पर 280, भार वाहनों में यात्री ढोने पर 188, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन का प्रयोग 372, नशे की हालत में वाहन चलाने पर 01, दोपहिया वाहनों में हेलमेट का प्रयोग नहीं करने पर 5295 और चार पहिया वाहन में सीट बैल्ट का प्रयोग नहीं करने पर 1641 चालान शामिल हैं। चालान की कार्रवाई में सबसे अधिक लापरवाही दोपहिया वाहनों में हेलमेट नहीं लगाने वालों की दिखाई दे रही है।

एआरटीओ प्रवर्तन अनिल नेगी ने कहा कि वाहन चालक व दोपहिया वाहन पर बैठकर सफर करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट अनिवार्य है। परंतु इसके बावजूद भी लोग लापरवाही कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ कार्रवाई संबंधी अभियान जारी रहेगा।

# मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स में शिक्षा माफिया का राज और अल्टनेटिव पॉलिटिक्स में समान शिक्षा का हक मिलेगा : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कॉस्टिट्यूशन क्लब में पार्टी के छात्र संगठन को एक नए नाम व कलेवर के साथ री-लॉन्च किया। अब इसका नया नाम एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) होगा। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एएसएपी न सिर्फ छात्र राजनीति को एक नई दिशा देगा, बल्कि वैकल्पिक राजनीति का एक सशक्त मंच भी बनेगा। इसके जरिए हम एक ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करेंगे जो राजनीति की परिभाषा को बदलेगी और देश के लिए काम करेगी। युवाओं की ऊर्जा अब बदलाव की राजनीति में लगेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 75 साल से चल रही मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स ही हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ है। मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स में शिक्षा माफिया का राज मिलेगा, जबकि आम आदमी पार्टी की अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स में सबको समान शिक्षा का हक मिलेगा। इस दौरान पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा, सांसद गुरमीत सिंह, अनमोल गगन, वरिष्ठ नेता अवध ओझा, विधायक जरनैल सिंह समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स का लोगो लॉन्च कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि छात्र विंग एएसएपी को लॉन्च करके बड़ी खुशी हो रही है। वैकल्पिक राजनीति और मुख्यधारा की राजनीति क्या है? आज हमारे देश के सामने बहुत सारी समस्याएं हैं। किसी भी देश के सामने किसी भी वक्त समस्याएं तो होती ही हैं। लेकिन आज हमारे देश के सामने बेसिक समस्याएं हैं। लोगों के पास खाने के लिए नहीं है, पीने को पानी नहीं हैं, कोई बीमार हो जाए तो इलाज नहीं हैं। भारत को आजाद हुए 75 साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी पर्याप्त अस्पताल, दवाइयां नहीं हैं। सड़कें नहीं हैं, बेरोजगारी है। आज कोई खुश नहीं है। देश के अंदर व्यापारी, महिलाएं, छात्र दुखी हैं। इंडस्ट्री का बुरा हाल है। चारों तरफ बुरा हाल है। इन सारी समस्याओं की जड़ मौजूदा दौर की राजनीति है। इसी को हम मुख्यधारा (मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स) की राजनीति कहते हैं। केजरीवाल ने बताया, यह है मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स अरविंद केजरीवाल ने छात्र विंग को मेन स्ट्रीम राजनीति को समझाते हुए कहा कि पिछले 75 साल से एक ही ढर्रे पर कांग्रेस, भाजपा समेत दूसरी पार्टियों की राजनीति चली आ रही है। जिसे हम मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स कहते हैं। 75 साल से चली आ रही वह मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स ही आज हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ है। हमारी जिंदगी के हर मुद्दे को राजनीति छूती है। यह जो बिजली आ रही है, यह भी राजनीति की वजह से आती है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली में 10 साल सरकार थी और 24 घंटे बिजली आती थी। लेकिन आज दिल्ली में पावर कट लगने लगे हैं। आम जनता के घर में बिजली आएगी या नहीं आएगी, इसमें भी राजनीति है। सस्ती बिजली मिलेगी या महंगी मिलेगी, सरकारी नौकरी मिलेगी या नहीं मिलेगी, इसमें भी राजनीति है। हर छोटी से लेकर बड़ी चीज तक में राजनीति है। इसलिए युवाओं को राजनीति का हिस्सा बनना पड़ेगा, राजनीति करनी पड़ेगी और राजनीति में भाग लेना पड़ेगा। आम आदमी पार्टी करती है अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स- केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 10 साल राज किया और अभी पंजाब में हमारी सरकार है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जिस तरह का काम और राजनीति की, उसे वैकल्पिक राजनीति कहते हैं। हम कहते हैं कि स्कूल बनने चाहिए। लेकिन मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स के लोग कहते हैं कि अच्छे स्कूल नहीं होने चाहिए। हम कहते हैं कि लोगों को अच्छा इलाज मिलना चाहिए। पिछले 10 साल में हमने दिल्ली में ढेरों शानदार स्कूल बनाए। सारे सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। 10 साल तक प्राइवेट स्कूलों को फीस नहीं बढ़ाने दी। दिल्ली में भाजपा की सरकार बने तीन महीने भी नहीं हुए हैं। इन्होंने सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्क करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया बच्चे और पैरेंट्स बता रहे हैं।

# दिल्ली में विधायक निधि में बड़ी कटौती, 15 करोड़ से घटाकर 5 करोड़ की गई, रेखा गुप्ता सरकार का बड़ा फैसला

दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली की बीजेपी सरकार ने विधायक क्षेत्रीय विकास निधि को सालाना 15 करोड़ रुपये से घटाकर पांच करोड़ रुपये कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले विधायक क्षेत्रीय विकास निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया था। इस साल फरवरी में हुए चुनावों में छब्बीस साल बाद बीजेपी ने सत्ता से बाहर कर दिया। दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग द्वारा जारी एक हालिया आदेश के अनुसार दो मई को कैबिनेट के फैसले के अनुरूप विधायक क्षेत्रीय विकास निधि को प्रति विधानसभा क्षेत्र प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये कर दिया गया है। दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग की ओर से जारी एक हालिया आदेश के अनुसार, 2 मई को कैबिनेट के फैसले के अनुसार विधायक एलएडी फंड को प्रति विधानसभा क्षेत्र हर साल 5 करोड़ रुपये रखा गया है। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट के निर्णय संख्या 3187 दिनांक 02-05-2025 के अनुसरण में, एमएलएलएडी योजना के तहत निधि का आवंटन वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्रति विधानसभा क्षेत्र हर साल 5 करोड़ रुपये रखा गया है। इसके अलावा आदेश में कहा गया है, मंत्रिपरिषद ने निर्देश दिया है कि यह एक अनटाइड फंड होगा और इसे पूंजीगत प्रकृति के स्वीकृत कार्यों के साथ-साथ बिना किसी सीमा के परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए खर्च किया जा सकता है। एक बीजेपी विधायक ने कहा कि सरकार ने विधायक एलएडी फंड के तहत 350 करोड़ रुपये अलग रखे हैं, जिसे दिल्ली के 70 विधायकों में से प्रत्येक के बीच 5 करोड़ रुपये में बांटा गया है। पिछली आम आदमी पार्टी सरकार ने, 2021-22 और 2022-23 में प्रत्येक विधायक को 4 करोड़ रुपये दिए गए थे, जिसे 2023-24 में बढ़ाकर 7 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### बदले हालात यमुना नदी में फॉस्फेट हुआ कम

नई दिल्ली,। यमुना की हालत पर हर महीने आने वाली नकारात्मक रिपोर्ट के बीच मई की रिपोर्ट भविष्य के प्रति आस बंधाती है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी द्वारा जारी मई माह की रिपोर्ट बताती है कि यमुना में फॉस्फेट के स्तर में सुधार आया है। कुछ जगहों पर बीओडी के स्तर में भी सुधार देखने को मिला है, लेकिन यह बहुत मामूली है। वहीं अब भी आठ में से छह प्वाइंट पर यमुना के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा शून्य रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार बीओडी के मानक महज पल्ला में पूरे हो रहे हैं। अन्य सभी आठों जगहों पर पानी मानकों के अनुरूप नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि फॉस्फेट के स्तर में कमी आई है। अप्रैल में फॉस्फेट का स्तर असगरपुर में 5.77 एमजी प्रति लीटर और ओखला में 5.44 एमजी प्रति लीटर था, लेकिन मई की रिपोर्ट में इसका स्तर असगरपुर में 1.92 एमजी प्रति लीटर और ओखला में 1.57 एमजी प्रति लीटर रह गया है।

### हॉर्न बजाने से मना किया तो एयरपोर्ट कर्मी पर रॉड से हमला आरोपी मौके से हुआ फरार

नई दिल्ली,। दिल्ली में द्वारका नार्थ थाना इलाके में गाड़ी देखकर चलाने व हॉर्न बजाने से मना करने पर एक कार चालक ने एयरपोर्ट कर्मी पर हमला कर दिया। आरोपी ने लोहे की रॉड से हमला कर पीड़ित को अधमरा कर दिया और मौके से कार समेत भाग गया पुलिस ने घायल एयरपोर्ट कर्मी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घायल की पहचान द्वारका इलाके के सरफराज के रूप में हुई है। मूल रूप से वह उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले हैं। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इसी दौरान पीछे से एक कार आई। कार चालक बार-बार हॉर्न बजाने लगा। गाड़ी देखकर चलाने व हॉर्न बजाने का कारण पूछने पर चालक तैश में आ गया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। पत्नी के समझाने और उसके विरोध करने पर चालक कार से रॉड लेकर आया। उसने सरफराज के सिर व अन्य जगह वार कर वह फरार हो गया।

### डीयू के इस कॉलेज में पुरुष शौचालय को लेकर छिड़ी जंग

नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज के प्रवेश द्वार के ठीक सामने स्थित पुरुष शौचालय को लेकर उपजा विवाद अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। लंबे समय से चल रही आपत्तियों और ज्ञापनों के बावजूद जब प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व में कॉलेज की छात्राओं ने मिलकर शौचालय को प्रतीकात्मक रूप से ध्वस्त कर दिया। कॉलेज की छात्राओं का कहना है कि इस शौचालय की स्थिति न केवल उनकी निजता और मानसिक सुरक्षा को प्रभावित कर रही थी, बल्कि यह उनके लिए प्रतिदिन असहजता का कारण बन गया था। छात्राओं के अनुसार, कॉलेज में प्रवेश करते समय उन्हें जिस दृश्य का सामना करना पड़ता था, वह उनकी गरिमा के प्रतिकूल था। इस विषय को लेकर एबीवीपी द्वारा कई बार नगर निगम और कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए थे। लेकिन, बार-बार के प्रयासों के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। संगठन का कहना है कि जब संस्थागत स्तर पर संवेदनशीलता की कमी हो, तो प्रतिरोध ही एकमात्र विकल्प रह जाता है। कॉलेज छात्रसंघ की अध्यक्ष आयुषी शर्मा ने कहा, हमने कई बार शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन का ध्यान खींचने की कोशिश की, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो हमें मजबूरन यह निर्णय लेना पड़ा।

# शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया से मिलकर रो पड़ी बच्ची कहा, आपने सरकारी स्कूलों को बनाया शानदार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



20 मई, सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित करने की परंपरा को जारी रखते हुए दिल्ली शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को दिल्ली के सरकारी स्कूलों के सीबीएसई बोर्ड के 10वीं-12वीं के टॉपर्स से मुलाकात की और बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। बता दे कि, मनीष सिसोदिया से मिलने वाले बच्चों में दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों से लाए गए सीबीएसई के टॉपर बच्चे शामिल थे। इस मौके पर टॉपर्स को संबोधित करते हुए श्री सिसोदिया ने कहा कि, आप सभी बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत खुद का, अपने स्कूल का, अपने पेरेंट्स का और पूरी दिल्ली का मान बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा कि, 2015 में दिल्ली में सरकार स्कूल जर्जर हाल में होते थे। क्लासरूम में डेस्क नहीं, ब्लैकबोर्ड नहीं, पंखें नहीं, टूटी दीवारें-खिड़कियां और बदहाल टॉयलेट सरकारी स्कूल का पर्याय बन चुके थे। लेकिन हमनें सरकारी स्कूलों को बदलने का काम किया। स्कूलों को शानदार बनाया और बच्चों की बेहतर पढ़ाई पर निवेश किया, मेहनत की और आज आप बच्चों के शानदार रिजल्ट के रूप में, आपकी तरक्की के रूप में उसका परिणाम सभी के सामने है। श्री सिसोदिया ने कहा कि, बोर्ड रिजल्ट के बाद बच्चों से मुलाकात करना 10 साल से चलती आ रही हमारी परंपरा का हिस्सा है। बेशक आज मैं शिक्षा मंत्री नहीं हूँ लेकिन मनीष सिसोदिया बनकर ही इस परंपरा को कायम रखा है और ये आगे भी जारी रहेगा। टॉपर्स ने क्या कहा? शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया से मिलकर रो पड़ी बच्ची कहा- आपने सरकारी स्कूलों को बनाया शानदार न्यू कोंडली के सरकारी स्कूल से दसवीं में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्रा मनीष सिसोदिया से मिलकर रो पड़ी और कहा कि, ह्लआपके सरकारी स्कूलों को बहुत अच्छा बना दिया है ह्व उसनें साझा किया कि, मुझे यूपीएसई करनी है और इसके लिए मैंने अभी से मेहनत शुरू कर दी है। घर की आर्थिक हालत बहुत अच्छी नहीं है, पिताजी सिलाई का काम करते है लेकिन कभी भी मेरे पैरेंट्स ने अपना हाथ पीछे नहीं खींचा और मुझे हमेशा पढ़ाई में सपोर्ट किया। साथ ही मेरे टीचर्स ने भी हर मौके पर मुझे सपोर्ट किया। 12वीं में शानदार प्रदर्शन करने वाली सिया ने साझा किया कि, ह्लआगे की पढ़ाई के बाद मुझे बैंकिंग सेक्टर में जाना है और लोगों को जागरूक करना है कि कैसे वो अपने फंड्स को बेहतर ढंग से निवेश कर सकते है। वीर सावरकर सर्वोदय स्कूल से 10 वीं में शानदार प्रदर्शन करने वाली एक छात्रा ने साझा करते हुए कहा कि, मुझे बोर्ड में अच्छे मार्क्स मिले लेकिन मेरा मानना है कि जीवन में मार्क्स से ज्यादा ये मायने रखता है कि आपने क्या क्या सीखा और कितना सीखा।

# दिल्ली में सरकार चलाने विफल भाजपा विधायक फंड में कटौती कर दिल्ली के कामों को रोक रही है : अजय दत्त

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, भाजपा सरकार दिल्लीवालों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं के फंड में लगातार कटौती कर रही है। अब उसने विधायक निधि को 15 करोड़ से घटाकर 5 करोड़ रुपए कर दिया है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने विधायक निधि में भारी कटौती पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि भाजपा ने एमएलए फंड में कटौती कर दिल्लीवालों को धोखा दिया है। भाजपा ने एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था, अगर यह जुमला नहीं है, तो फिर एमएलए फंड भी बढ़ाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आप की सरकार में विधायकों को 15 करोड़ का फंड मिलता था और विधायक अपने क्षेत्र में सारे काम करा लेते थे। दरअसल, भाजपा को सरकार चलानी नहीं आती। वरना वह विभिन्न फंड में कटौती कर जनहित की योजनाओं को बंद नहीं करती। मंगलवार को आप मुख्यालय पर विधायक निधि को लेकर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने विधायक संजीव झा और अजय दत्त के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता कीं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार में सभी विधायकों को हर साल 15-15 करोड़ रुपए विधायक निधि के रूप में दिए जाते थे। विधायक निधि का उपयोग विधायक अपनी विधानसभा क्षेत्र में छोटे-मोटे कार्यों के लिए करते हैं। विधायक इस निधि से टूटी सड़क की मरम्मत, पानी-सीवर लाइन डालने और कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम करते हैं। इसके अलावा, पार्क में झूले लगवाने, वॉकिंग ट्रैक ठीक कराने, या ट्यूबवेल लगवाने समेत अन्य छोटे-छोटे काम जनता की सुविधा के लिए कराते हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मार्च में भाजपा ने दिल्ली का बजट पेश किया। भाजपा ने बजट में बड़ा ढोल पीटा कि दिल्ली का बजट एक लाख करोड़ रुपए का है। जबकि पहले दिल्ली का बजट 70 हजार करोड़ रुपए का था। भाजपा का यह एक शिगूफा और जुमला था कि उसने सरकार में आते ही दिल्ली का बजट 70 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर सीधे एक लाख करोड़ रुपए कर दिया। अब सवाल यह है कि अगर बजट बढ़ेगा है, तो विधायक निधि का पैसा भी बढ़ेगा। क्योंकि एक लाख करोड़ के बजट का मतलब है कि दिल्ली सरकार के पास खर्च करने के लिए ज्यादा बजट है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार में बजट बढ़ गया है तो आप सरकार में विधायकों को मिल रही 15 करोड़ रुपए की विधायक निधि भी बढ़कर 25 करोड़ रुपए हो जानी चाहिए थी। लेकिन भाजपा ने विधायक निधि का पैसा बढ़ाने के बजाय घटाकर 5 करोड़ रुपए कर दिया। इसका मतलब है कि भाजपा दिल्ली के बजट को लेकर दिल्लीवालों से झूठ बोल रही है। सच्च तो यह है कि भाजपा को सरकार चलानी नहीं आती है। इसलिए भाजपा जनहित के कामों में पैसे की कटौती करने लगी है। दिल्ली में 545 मोहल्ला क्लीनिक थे, लेकिन भाजपा ने सत्ता में आते ही 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद दिया। स्वास्थ्य मंत्री कह रहे हैं कि बचे मोहल्ला क्लीनिक को भी बंद कर देंगे। क्योंकि सरकार को पैसे बचाने हैं और जनता पर पैसे खर्च नहीं करना है।

# खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध : रेखा गुप्ता




नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार पर खिलाड़ियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने आज यहां तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली खेल-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए जो उनके लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा, हमने पिछली सरकारों के समय में देखा है कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिलने के कारण उन्हें अन्य राज्यों में जाकर अपना नाम पंजीकृत करवाना पड़ता था। हम युवाओं को खेलों की सभी सुविधाएं देंगे ताकि दिल्ली के खिलाड़ी दिल्ली के साथ रहें और दिल्ली का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनको आर्थिक सहयोग भी प्रदान करेगी। दिल्ली सरकार ने अपने खेल बजट को दोगुना किया है और खिलाड़ियों के पुरस्कार राशि को भी चार गुना किया है ताकि दिल्ली का खिलाड़ी किसी भी क्षेत्र में पिछड़ा न रहे। उन्होंने कहा, मैं विकसित भारत की तर्ज पर विकसित दिल्ली को देखती हूं तो उसमें दिल्ली खेल के माध्यम से दिल्ली का नाम रौशन हो यह रास्ता अपनाना जरूरी है ह्व मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित है। आपरेशन सिंदूर ने जो आतंकवादियों के साथ किया वह केवल सॉफ्ट बॉल थी। पिक्चर अभी बाकी है। उसके लिए यह है कि देश का हर नागरिक अपने आप को तैयार कर ले।

# मुख्यधारा की राजीनीति सभी समस्याओं की जड़ : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को 75 साल से चली आ रही मुख्यधारा की राजीनीति को सभी समस्याओं की जड़ करार देते हुए वैकल्पिक राजनीति की वकालत की जिसमें विकास और मोहब्बत की राजनीति हो। श्री केजरीवाल ने आज यहां पार्टी की छात्र इकाई एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) के लांच के अवसर पर मुख्यधारा और वैकल्पिक राजनीति का अंतर बताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर हमले किए। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा की राजनीति करने वाले नेताओं के बच्चे विदेश में पढ़ते हैं, जबकि यहाँ वह चौबीस घंटे हिंदू-मुसलमान कराते हैं। उन्होंने कहा, देश के सामने शिक्षा, रोजगार, अस्पताल से जुड़ी तमाम समस्याएं और उनकी जड़ आज की राजनीति है। पचहत्तर साल से जो राजनीति चली आ रही वही सभी समस्याओं की जड़ है। हमारी जिंदगी के हर मुद्दे राजनीति से जुड़े हैं। हर काम में राजनीति है। राजनीति का हिस्सा सभी को बनना पड़ेगा और यह समझना पड़ेगा कि मुख्यधारा की राजनीति सभी समस्याओं की जड़ है। श्री केजरीवाल ने कहा, ह्यह्यदिल्ली में हमने जिस प्रकार की राजनीति की उसे वैकल्पिक राजनीति कहते हैं। हमने जो शानदार स्कूल बनाये उसे अब बर्बाद करना शुरू कर दिया गया। हमने शिक्षा माफिया को ध्वस्त कर दिया था लेकिन नई सरकार बने तीन महीने नहीं हुए स्कूलों की फीस बढ़ा दी। स्कूल के बाहर बाउंसर लगा दिए और निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं। हमने दिल्ली में चौबीस घंटे बिजली कर दी थी, यही वैकल्पिक राजनीति थी। अब बिजली कंपनियों की मनमानी चलने लगी है और बिजली कटौती बढ़ गई है। उन्होंने कहा, केंद्र भाजपा और कांग्रेस जमकर भ्रष्टाचार करते हैं। यही मुख्यधारा की राजनीति है, लेकिन हमने वैकल्पिक राजनीति की। ईमानदारी से लोगों का दिल जीतना ही वैकल्पिक राजनीति है। गुंडागर्दी और डरना धमकाना इनकी राजनीति है लेकिन देश को विकास के पाथ पर ले जाना वैकल्पिक राजनीति है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) के जरिए एक नई पीढ़ी तैयार की जाएगी जो राजनीति को बदलेगी। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि आप की छात्र इकाई एएसएपी भी वैकल्पिक राजनीति करेगी। आप ने वैकल्पिक राजनीति दी है और युवा भी एएसएपी के माध्यम से वैकल्पिक राजनीति को आगे लेकर जाएँगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि हर विश्वविद्यालय में उनकी पार्टी की छात्र इकाई एएसएपी जीतकर आए और राजनीति को नई दिशा दे और लोगों के अंदर देशभक्ति भरने का काम करें। उन्होंने कहा कि असली सुधार युवाओं के बीच से आयेगा।

# धोखाधड़ी के मामले में 2 आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नजफगढ़ और द्वारका इलाके में फ्रॉड और धोखाधड़ी करने के मामले में पिछले 10 सालों से चल रहे वांटेड 2 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान राजकुमार और बाला देवी के रूप में हुई है। यह दोनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों को प्रो क्लेम ऑफेंडर घोषित किए जाने के बाद दोनों आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 29 दिसंबर 2014 को आरोपियों ने नजफगढ़ के रोशन गार्डन में एक प्रॉपर्टी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक फर्जी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी बनाई और प्रॉपर्टी का एक हिस्सा 2 अलग-अलग लोगों को धोखे से बेच दिया। इस मामले में दोनों के खिलाफ दिल्ली के नजफगढ़ थाने में त्रक्रक्र दर्ज कराई गई। क्राइम ब्रांच ने इस पूरे मामले की गहराई से जांच करने के आदेश मिलने के बाद लगातार सर्विलांस और खुफिया सूत्रों के माध्यम से आरोपियों के लोकेशन का पता लगाना शुरू कर दिया। दिल्ली पुलिस ने इस पूरे मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए एक फूल प्रूफ प्लान बनाया, जिसके तहत इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। 16 मई 2025 को दिल्ली पुलिस को यह जानकारी मिली की दोनों आरोपी हरियाणा के सोनीपत के गांव में छिपे हुए हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव की घेराबंदी की और उसके बाद दिल्ली पुलिस ने 17 मई को दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस के इस पूरे मामले में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह अपराध करने के बाद लगातार ठिकाने बदलते रहे और कई शहरों में नाम और पहचान छुपा कर रहे। दिल्ली पुलिस ने जब इस पूरे मामले में सख्ती से पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने कहा कि वह आर्थिक तंगी से परेशान थे। इसको लेकर उन्होंने धोखाधड़ी की योजना बनाई थी। वहीं इस मामले में आरोपी राजकुमार के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। दिल्ली पुलिस ने फिलहाल दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# कांग्रेस ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बयान पर खड़े किए सवाल



नई दिल्ली,। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के उस बयान पर सवाल खड़े किए जिसमें उन्होंने कहा कि 27 वर्षों में दिल्ली में कोई काम नहीं हुआ। यादव ने इस बयान को गैर-जिम्मेदाराना और भ्रम फैलाने वाला करार देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से बीजेपी की विफलताओं को छिपाने का प्रयास है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह बयान हूबहू बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए गए उस पुराने कथन की नकल है जिसमें कहा गया था कि ह्लदेश में 70 वर्षों में कोई विकास नहीं हुआ ह्व उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने 100 दिनों की असफलता को छुपाने के लिए इस प्रकार का बयान देकर दिल्ली की जनता को गुमराह करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा दिल्ली की बदहाली के लिए यदि कोई जिम्मेदार है तो वह आम आदमी पार्टी की 11 वर्षों की नाकाम सरकार है, साथ ही 2014 से केंद्र की सत्ता में बैठी बीजेपी सरकार भी बराबर की दोषी है ह्व उन्होंने यह भी जोड़ा कि कांग्रेस शासनकाल (1998झ2013) के दौरान जो विकास कार्य हुए, जैसे कि अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, सड़कें, फ्लाईओवर, डीटीसी में सीएनजी बसों का समावेश, 24 घंटे बिजली, हर घर तक पानी, प्रदूषण नियंत्रण, ग्रीन कवर का विस्तार, अनधिकृत कॉलोनियों में पानी और सीवर की लाइनें और दिल्ली मेट्रो का विस्तार, आज भी राजधानी की जीवन रेखा बने हुए हैं। यादव ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 100 दिनों में कौन-सा ऐसा कार्य किया है जो जनता को राहत दे? उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना जैसी पुरानी केंद्र सरकार की योजनाओं को छोड़ दिया जाए तो न कोई नई योजना शुरू की गई है, न कोई चुनावी वादा निभाया गया है। देवेन्द्र यादव ने रेखा गुप्ता पर आरोप लगाया कि वे केवल धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर वाहवाही लूट रही हैं और जनता के कल्याण से उनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लबीजेपी की कथित प्रतिबद्धता केवल अपनी जिम्मेदारियों से भागने और जुमलों में उलझाने की है। बीजेपी सरकार द्वारा हाल ही में घोषित जिला विकास कमेटियों पर टिप्पणी करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह कोई नई पहल नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लकांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार के कार्यकाल में भी ऐसी कमेटियां थीं, जिन्होंने दिल्ली के विकास में बड़ी भूमिका निभाई थी उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि यह कमेटियां केवल बीजेपी विधायकों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। तीन महीने तक इन कमेटियों के गठन और चेयरमैन की नियुक्ति में देरी को सरकार की प्रशासनिक विफलता बताया। साथ ही यह भी कहा कि इन कमेटियों की मासिक बैठक तक नहीं हो रही हैं और अधिकारियों से जवाबदेही की प्रक्रिया भी लचर है।

# दिल्ली विधानसभा के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली,। दिल्ली विधानसभा के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हुआ है, जो किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का सदन नहीं चाहेगा। साल 2024 में यहां की विधानसभा में सिर्फ एक ही बिल पास हुआ। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ। दिल्ली विधानसभा से जो एकमात्र बिल पास हुआ उसका नाम दिल्ली गुड्स एंड सर्विस टैक्स एक्ट, 2024 है। वहीं, औसतन अन्य राज्य साल 2024 में 17 बिल पास कराने में कामयाब रहे थे। जीएसटी बिल को विधानसभा में उसी दिन पास किया गया, जिस दिन उसे पेश किया गया था। ऐसा करने वाला दिल्ली 8वां राज्य बना। दिल्ली से पहले बिहार, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुडुचेरी ने ऐसा किया था। साल 2024 में 70 सदस्यों वाली दिल्ली विधानसभा में 62 विधायक आम आदमी पार्टी के थे। बाकी बचे 8 विधायक बीजेपी के थे। राज्य कानूनों की वार्षिक समीक्षा 2024 शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी का विधानसभा सत्र, तमिलनाडु के साथ, बिना सत्र स्थगित किए सबसे लंबे समय तक चला था। स्थगित करने का मतलब है विधानसभा का सत्र समाप्त करना। दिल्ली का विधानसभा सत्र पिछले साल फरवरी से दिसंबर तक चला था। दिल्ली विधानसभा की 25 बैठकें हुई थी। औसतन ये बैठक 20 थी। सबसे ज्यादा बैठकें ओडिशा विधानसभा में हुई थी। यहां की संख्या 42 थी, जबकि केरल 38 बैठकों के साथ दूसरे नंबर पर रहा। देशभर में विधानसभाओं की औसत बैठक के दिन भी 2017 के 28 से घटकर 2024 में 20 रह गए। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली का जीएसटी विधेयक देश भर के उन 60 प्रतिशत विधेयकों में से एक था, जिन्हें एक महीने के भीतर राज्यपाल की मंजूरी मिल गई थी। 2024 में पारित होने वाले विधेयकों में से 18 प्रतिशत को तीन महीने से अधिक समय के बाद मंजूरी मिली (इसमें अप्रैल 2025 तक मंजूरी का इंतजार कर रहे विधेयक भी शामिल हैं) ।दिल्ली में इस साल यानी 2025 की शुरूआत में विधानसभा के चुनाव हुए। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को इस चुनाव में शिकस्त मिली। बीजेपी ने जीत का सूखा खत्म करते हुए यहां पर सरकार बनाई। 1998 के बाद वो सत्ता में आई। बीजेपी नेतृत्व ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की सत्ता सौंपी। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद वो दिल्ली की चौथी महिला सीएम हैं। इस चुनाव में बीजेपी को 48 और आप को 22 सीटों पर जीतें मिली थी।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/पी–वे/एनडीएलएस के खंड में 2025–26 के ट्रैक का वार्षिक संचालन और रखरखाव। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 1,29,71,931.87 (रुपये एक करोड़ उनतीस लाख इकहत्तर हजार नौ सौ इकत्तीस और सतासी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,14,900/– (रूपये दो लाख चौदह हजार नौ सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | ₹ 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.06.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-210-32 |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128–W/280/ई–निविदा सूचना/07–2025–26/W–3 दिनांक: 19.05.2025
1471/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 21 मई, 2025

## भाजपा द्वारा लगाए गए नगर निगम के कमिश्नर ने जबरदस्ती दिल्ली की जनता पर यूजर चार्ज थोपा : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि जब दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी का बहुमत था, तब नगर निगम के सदन की बैठक का आयोजन किया गया और उसमें सदन का बजट पेश हुआ और पारित हुआ। उस समय पर आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद द्वारा एक विशेष मांग उस बैठक में रखी गई थी, कि दिल्ली में 100 गज तक के सभी मकानों पर हाउस टैक्स माफ कर दिया जाए और 500 गज तक के सभी मकान पर हाउस टैक्स आधा कर दिया जाए, और उस मांग को बजट के अंदर सम्मिलित किया गया। उन्होंने कहा क्योंकि केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नगर निगम में अपने मन मुताबिक व्यक्ति को नगर निगम के कमिश्नर के पद पर बैठाया हुआ है, जिसके चलते नगर निगम के




कमिश्नर ने इस मांग को आज तक अमल में नहीं लाया था। बल्कि दिल्ली की जनता के ऊपर यूजर चार्ज के नाम पर एक ऐसा टैक्स थोप दिया, कि मान लीजिए यदि आपकी संपत्ति कर ढाई हजार रुपए है, तो यह यूजर चार्ज उस ढाई हजार रुपए से भी अधिक बन रहा था और यह यूजर चार्ज नगर निगम के कमिश्नर द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (कूड़ा उठाने) के नाम पर दिल्ली की जनता पर थोपा गया। सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया की आम आदमी पार्टी की नगर निगम में सरकार बनने से पहले जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार नगर निगम में थी, उस समय पर यह यूजर चार्ज की पॉलिसी को भाजपा की सरकार ने अनुमति दी थी, परंतु तब उसको अमल में नहीं लाया गया था। लेकिन जब आम आदमी पार्टी की नगर निगम में सरकार बनी तो भाजपा के चहिते एमसीडी कमिश्नर साहब ने भाजपा के द्वारा उनके कार्यकाल में बनाई गई यूजर चार्ज वाली पॉलिसी को जबरदस्ती लागू करके दिल्ली की जनता पर थोप दिया। उन्होंने बताया कि कल इस संबंध में आम आदमी पार्टी के नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग जी ने आम आदमी पार्टी के सभी निगम पार्षदों के साथ मौजूदा भाजपा के मेयर का घेराव किया और यह मांग रखी, कि यूजर चार्ज के नाम पर दिल्ली की जनता से जो मनमानी वसूली की जा रही है, जल्द से जल्द इस यूजर चार्ज को हटाया जाए। वहीं प्रेस वार्ता में मौजूद आम आदमी पार्टी के नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने पत्रकारों को बताया की यूजर चार्ज के नाम पर जो दिल्ली की जनता से भारतीय जनता पार्टी मनमानी टैक्स वसूल रही है, यदि किसी व्यक्ति की संपत्ति कर का ढाई हजार रुपए बनता है तो यह यूजर चार्ज लगभग 5000 बनता है। अर्थात उस व्यक्ति को संपत्ति कर ढाई हजार रुपए के साथ-साथ लगभग 5000 यूजर चार्ज के नाम पर अतिरिक्त देने होंगे। अंकुश नारंग ने कहा कि यह एक पॉलिसी का मामला था, वित्त से संबंधित मामला था। यूजर चार्ज को लागू करने से पहले उसे नगर निगम के सदन में प्रस्तुत करना जरूरी था। परंतु बीजेपी के चहीते कमिश्नर साहब ने इसे मनमाने तरीके से बिना सदन में प्रस्तुत किए लागू कर दिया। क्योंकि उन्हें मालूम था, कि अगर यह प्रस्ताव सदन में रखा जाएगा तो आम आदमी पार्टी सत्ता में है, इसे लागू नहीं होने देगी इसका विरोध करेगी। अंकुश नारंग ने कहा कि आज भी दिल्ली में अधिकांश जगह ऐसी है जहां पर नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा घरों के बाहर से कूड़ा नहीं उठाया जाता है। इन घरों में रहने वाले लोग प्राइवेट व्यक्ति से कूड़ा उठवाते हैं और उसे अपनी जेब से पैसा देते हैं। जगह-जगह पर आज भी कॉलोनियों में कूड़े के ढलाओ मौजूद हैं, लोग उस कूड़े की बदबू में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा जब इन लोगों के घर के बाहर से नगर निगम कूड़ा उठाती ही नहीं है, कूड़े की समस्या का समाधान हुआ ही नहीं है, तो इनसे यूजर चार्ज किस आधार पर लिया जा रहा है? अंकुश नारंग ने पत्रकारों को बताया की इस संबंध में मैंने 6 मई को मेयर साहब को एक पत्र लिखकर इस यूजर चार्ज को खत्म करने की मांग की थी, परंतु आज तक मेयर साहब की ओर से कोई जवाब हमें प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स और यूजर चार्ज आज दिल्ली में सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इस संबंध में हमने 21 मई को होने वाली नगर निगम के सदन की बैठक के लिए एक प्रस्ताव यूजर चार्ज और हाउस टैक्स पर चर्चा के लिए लगाया, परंतु नगर निगम की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी ने हमारे इस प्रस्ताव को भी सदन की बैठक के एजेंडे में नहीं लिया। उन्होंने बताया कि यही कारण था कि हमने कल मेयर साहब का घेराव किया और यूजर चार्ज हटाने के संबंध में दोबारा से उन्हें एक मेमोरेंडम दिया। अंकुश नारंग ने कहा जब तक भारतीय जनता पार्टी इस यूजर चार्ज नमक वसूली को बंद नहीं करती और हाउस टैक्स माफ नहीं करती, तब तक सड़क से लेकर और नगर निगम के सदन तक आम आदमी पार्टी के सभी निगम पार्षद इसका विरोध करते रहेंगे।

## पुलिस ने चैकिंग के दौरान शातिर बदमाशों को पकड़ा, अवैध हथियार भी किएं बरामद



प्रातः किरण संवाददाता

मंडी धनौरा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में संदिग्ध वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने शक के आधार पर तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवकों के पास से दो 315 बोर के अवैध तमंचे 315 बोर के 4 जिंदा कारतूस व एक फर्जी नंबर प्लेट लगी फ्रांकस कार बरामद हुई। थाने लाकर पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम अनवर पुत्र अकबर निवासी मौहल्ला मुफ्ती सराय थाना चांदपुर जनपद बिजनौर दानिश पुत्र निजामुद्दीन निवासी मौहल्ला गिरी थाना लोनी जनपद गाजियाबाद व शाहनवाज पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम हटवा पट्टी थाना डिडोली जनपद अमरोहा बताया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों आरोपियों को चैकिंग के दौरान पकड़ा गया है तीनों आरोपी शातिर किस्म के हैं जिसमें से अनवर व दानिश के खिलाफ अलग अलग जनपदों में संगीन धाराओं में दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस तीसरे आरोपी शाहनवाज के अपराधिक इतिहास की जांच में जुटी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे को निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने दी जन्मदिन की बधाई



मसवासी। उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे के जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत मसवासी के लिए वर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने उनके निवास पर जाकर उनको पगड़ी एवं पटका पहनाकर कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनकी दीर्घायु की कामना की एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर उन्होंने जन्मदिन की बधाई एवं जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, चंद्रपाल सैनी, बबलू शर्मा आदि शामिल रहे।

## पंडित गिरवर सिंह कौशिक की 87वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण मनोज जैन

नई दिल्ली। शाहदरा के वेस्ट ज्योति नगर में प्रसिद्ध समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी और 1962, 1965 व 1971 के युद्धों में देश सेवा करने वाले पंडित गिरवर सिंह कौशिक की 87वीं जयंती के अवसर पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं आम जनता ने भारी संख्या में भाग लिया और पंडित कौशिक जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उन्हें एक ऐसा व्यक्ति बताया जो सदैव दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे




और जिसके पास जो भी पहुंचता था, वह कभी निराश नहीं लौटता था। कार्यक्रम का संचालन उनके सुपुत्र, युवा नेता राजीव कौशिक ने किया। उन्होंने कहा, “मैं जहां भी हूं, वह अपने पिता के आशीर्वाद से हूं। उन्होंने हमें जो संस्कार दिए, उन्हीं पर चलने का प्रयास करता हूं। मैं उनके जैसा तो नहीं बन सकता, लेकिन यदि थोड़ा भी उनके पदचिन्हों पर चल सका तो अपने को धन्य समझूंगा।” उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दिल्ली नगर निगम के पूर्व अतिरिक्त आयुक्त अमित शर्मा, विधायक सुरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, पूर्व पार्षद कुमारी रिंकू, जेके फाउंडेशन प्रमुख विनोद जैन, बलबीर नगर विकास परिषद अध्यक्ष मुकेश गौड़, मुकेश यादव, कुलदीप भाटी, संजीव उपाध्याय सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। सभी ने पंडित गिरवर कौशिक जी की स्मृति में वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## दिल्ली में 2 जून को होंगे एमसीडी की वार्ड समिति के चुनाव

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सभी 12 जोन की वार्ड समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद और प्रत्येक वार्ड समिति से स्थायी समिति के कुल 12 सदस्यों के चुनाव 2 जून को होंगे। इस संबंध में निगम सचिव कार्यालय ने सोमवार को नोटिस जारी किया। अधिकारियों के अनुसार, नोटिस के दस से 15 दिन के अंदर चुनाव संपन्न करना अनिवार्य होता है। अब इस नोटिस के बाद वार्ड समिति से स्थायी समिति के सदस्य चुने जाने के बाद निगम की सबसे ताकतवर समिति, स्थायी समिति का भी जल्द गठन होने की उम्मीद है। इससे पहले भारत पाकिस्तान के तनाव के कारण 22 मई को निगम सचिव कार्यलय की ओर से वार्ड समिति के चुनाव कराने की तिथि को टाल दिया गया था। स्थायी समिति के कुल 18 सदस्य होते हैं। इनमें से छह सदस्य सदन से चुने जाते हैं। बाकी 12 सदस्य वार्ड समिति से चुने जाते हैं।6 सदस्यों को वर्ष 2023 फरवरी में सदन में चुना गया था, जिसमें भाजपा और आम आदमी पार्टी के तीन-तीन सदस्य चुने गए थे। हालांकि, भाजपा के मुंडका से पार्षद गजेंद्र दराल भी सदन से स्थायी समिति के सदस्य चुने गए थे। लेकिन उनके मुंडका विधानसभा से विधायक बनने के बाद अब स्थायी समिति के एक सदस्य पद खाली हो गया है। इसके लिए फिर से जल्द चुनाव होंगे। वार्ड समितियों के चुनाव के बाद निगम की अन्य महत्वपूर्ण 14 समितियों जैसे भवन निर्माण, शिक्षा से जुड़ी समितियों के गठन और स्थायी समिति के गठन का रास्ता भी साफ हो जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में “आप” के 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में इन समितियों में भी भाजपा की जीत तय मानी जा रही है।

## यूजर सरचार्ज पर लगी रोक से उद्योगजगत को मिली राहत, उद्योग संगठनों ने जताया मुख्यमंत्री और निगम प्रशासन का आभार

प्रातः किरण मनोज जैन

दिल्ली नगर निगम द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में लगाए गए यूजर सरचार्ज की वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के फैसले को लेकर दिल्ली के उद्योगजगत में भारी संतोष व्यक्त किया गया है। दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, ईस्ट दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन, झिलमिल फ्रेंड्स कॉलोनी CETP सोसाइटी, झिलमिल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (ए व बी ब्लॉक) और पटपड़गंज एफ.आई.ई. एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने इसे जनहित में लिया गया एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया है। संगठनों ने मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, महापौर श्री राजा इकबाल सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अश्वनी कुमार और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा का आभार प्रकट किया है। उद्योग संगठनों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना और संवाद के लगाए गए इस यूजर सरचार्ज से विशेष रूप से छोटे और मध्यम दर्जे के उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया था, जिससे उनकी उत्पादन लागत और प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति पर नकारात्मक असर पड़ा। लंबे समय से संगठनों ने प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया, ज्ञापन सौंपे और अधिकारियों से निरंतर संवाद किया। संगठनों का मानना है कि यह फैसला उनके एकजुट प्रयासों की सफलता का प्रतीक है और इससे औद्योगिक गतिविधियों को पुनः गति मिलेगी। डॉ. अनिल गुप्ता, चेयरमैन, दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों की समस्याओं को सुनना और उस पर ठोस कार्रवाई करना विकास की दिशा में एक अहम कदम है। वहीं विनीत जैन, महासचिव, फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन ने कहा कि हमने हर मंच पर इस मुद्दे को उठाया और यह राहत दिल्ली के उद्योगों के लिए एक नई शुरूआत साबित होगी। उद्योग संगठनों का यह भी कहना है कि यह निर्णय टरटए सेक्टर को यह विश्वास दिलाता है कि सरकार और निगम प्रशासन उनके साथ खड़ा है।

## प्रोफेसर अली खान के कई ठिकानों की ली तलाशी मोबाइल और लैपटॉप जब्त

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपित अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को दो दिन के रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस आरोपित को यूनिवर्सिटी के साथ ही उनके दिल्ली स्थित कई ठिकानों पर लेकर पहुंची। यहां पर पुलिस ने तलाशी ली। आरोपित का मोबाइल और लैपटाप भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। आरोपित को उनके लखनऊ स्थित घर पर लेकर जाया जाएगा। इसके बाद उसे मंगलवार दो बजे तक कोर्ट में फिर से पेश किया जाना है। आरोपित प्रोफेसर की ओर से सोमवार रात को सुनवाई के दौरान तर्क दिया गया कि पोस्ट करने को लेकर उनकी कोई गलत मंशा नहीं थी। वह यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल रिलेशन पढ़ाते हैं, उसी भाव से पोस्ट लिखी गई थी। सांप्रदायिकता को लेकर उनका कोई गलत विचार नहीं है। वह सर्वधर्म में विश्वास करते हैं। उनकी मां खुद हिंदू हैं। हालांकि कोर्ट ने प्रो. अली खान महमूदाबाद को दो दिन के रिमांड पर भेजा है।

## एमसीडी में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और भाजपा में गठबंधन के आसार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। एमसीडी में आप से अलग हुए 15 पार्षदों की इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और भाजपा के बीच वार्ड समितियों के चुनाव के लिए गठबंधन होने की संभावना है। उनके बीच खासकर रोहिणी, पश्चिमी और दक्षिणी जोन की वार्ड समितियों के चुनावों को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। भाजपा और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के बीच गठबंधन होने पर आप के लिए दूसरा बड़ा झटका होगा, क्योंकि वह तीन वार्ड समिति से बेदखल हो सकती है। रोहिणी, पश्चिमी और दक्षिणी जोन ऐसे हैं जहां 15 पार्षदों के पार्टी छोड़ने से आप का बहुमत या तो कमजोर हो गया है या फिर पूरी तरह खत्म हो चुका है। तीन जोन में से दो में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और एक में भाजपा के चुनाव लड़ने की संभावना है। रोहिणी जोन में आम आदमी पार्टी का बहुमत नहीं रहा। यहां कांग्रेस के दो पार्षदों के हाथ में सत्ता की चाबी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस पार्षदों के भाजपा के बजाय इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को समर्थन देने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इसलिए भाजपा इस वार्ड समिति को इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को दे सकती है। दक्षिणी जोन में आम आदमी पार्टी बहुमत खो चुकी है। यहां उसके पास केवल 10 पार्षद बचे हैं, जबकि भाजपा और अन्य दलों के पार्षदों की संख्या भी 10 ही है। गत वर्ष इसी जोन में भाजपा ने आप के कुछ पार्षदों से क्रॉस वोटिंग करा कर समिति में अपनी स्थिति मजबूत की थी। इस बार भी भाजपा को इसी रणनीति से लाभ मिलने की संभावना है। इस वार्ड समिति को भाजपा अपने पास रखने के पक्ष में है, वहीं इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को भी भाजपा की मांग पर कोई आपत्ति नहीं बताई जा रही है। पश्चिमी जोन की वार्ड समिति में आम आदमी पार्टी को मामूली बढ़त है। यहां आप के पास बहुमत का आंकड़ा जरूर है, लेकिन यह बढ़त केवल एक पार्षद की है। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का दावा है कि वह आप के पार्षदों में तोड़फोड़ कर समीकरण बदल सकती है और वह वार्ड समिति पर दावा प्रस्तुत कर रही है।

## दिल्ली में बर्बाद हो रहे सरकारी स्कूल बाउंसर तक लगा दिए : केजरीवाल



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी की छात्र विंग लॉन्च की है। इस विंग का नाम एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स रखा गया है। इस मौके पर केजरीवाल ने बीजेपी और कांग्रेस को जमकर टारगेट किया। बीजेपी पर हमला करते हुए केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में सरकारी स्कूल बर्बाद हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी अब अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है, साथ ही युवाओं के बीच में पकड़ को मजबूत करने के लिए पार्टी ने अब एक अहम कदम उठाया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की छात्र विंग को लॉन्च किया। केजरीवाल ने छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स लॉन्च की। स्टूडेंट विंग लॉन्च करने के दौरान अरविंद केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और अवध ओझा भी मौजूद रहे। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा, मुझे खुशी है कि आज आम आदमी पार्टी का स्टूडेंट विंग, एएसएपी लॉन्च हो रहा है। अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स क्या है? आज हमारे देश में बहुत समस्याएं हैं। खाने को नहीं है, 75 साल बाद भी सड़कें, अस्पताल नहीं है, कोई खुश नहीं है, इन सभी समस्याओं की जड़ आज की राजनीति है।

## तेजी से बढ़ रहा है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का जनाधार : डॉ दयाराम

प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की एक जन चौपाल ग्राम पंचायत असगरीपुर ब्लॉक जोया विधानसभा क्षेत्र अमरोहा व ग्राम पंचायत पपसरा में संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रवक्ता डॉ0 दयाराम भार्गव रहे। उनके साथ में मेरठ मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान खटीक, मंत्री प्रतिनिधि मानसिंह फौजी, मंडल उपाध्यक्ष मेरठ राजपाल सिंह मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद रहे।जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में जिला कमेटी ने मुख्य अतिथियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ0 दयाराम भार्गव ने बोलते हुए कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का जनाधार बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है। आने वाले पंचायत चुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सभी सीटों पर जिला पंचायत प्रत्याशी



उतारेगी।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने हमेशा गरीब, कमजोर और वंचित समाज की लड़ाई लड़ने का काम किया है।एनडीए सरकार ने जो जातिवाद जनगणना करने का निर्णय लिया है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी विगत 20 वर्षों से यह मांग करती चली आ रही है माननीय मोदी जी का एनडीए सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार जनहित के कार्य बहुत ही अच्छी प्रकार से कर रही है। पंचायत राज विभाग द्वारा अब ग्राम पंचायत केंद्र पर ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड संशोधन, परिवार रजिस्टर की नकल आदि अब सब ग्राम सभा पर भी उपलब्ध होगी। जनता को अब तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। चाहे उसमें पंचायत राज विभाग द्वारा जीरो पॉवर्टी योजना हो या अन्य कार्य गरीब कमजोर वंचित समाज को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इनके अलावा मेरठ मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान खटीक मंत्री प्रतिनिधि, राजपाल सिंह मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद, जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने भी पार्टी की मजबूती पर जोर देते हुए अपने विचार रखें। इस दौरान इस्लामुद्दीन इदरीसी, जसवीर सिंह चौहान, पदम सिंह, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र राणा, चंद्रपाल सिंह, नरेंद्र कुमार राणा, मोहम्मद नाजिम, राहुल गुप्ता, लोकेश शर्मा, शेखर, सुरजीत सिंह, पंकज कुमार, मोहम्मद हाशिम, नूरे मुजस्सिम सौरभ नौटियाल मोहम्मद गुफरान मोहम्मद गुफरान मुकेश अहमद हुसैन नजारत अली सवेरा प्रधान जुबेर अहमद साजिद रियाजुल हसन इरशाद अहमद फैजान तारिक मोहम्मद पाशा साकिब साकिब अल हसन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला प्रतिरक्षण अधिकारी,डीआईओ ने किया सी.एच.सी. में कोल्ड चैन का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

स्योहारा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी/डीआईओ डॉ के. पी. सिंह के द्वारा सीएचसी स्योहारा में कोल्ड चैन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कोल्ड चैन रूम में सभी कुछ दुरुस्त मिला।आई ओ वीर सिंह को जरूरी दिशा निर्देश भी दिये।मंगलवार को बिजनौर से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिसमें नवनियुक्त जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.के. पी. सिंह और यू.एन.डी .पी. से वी.सी. सी.एम राजीव कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पर कोल्ड चैन रूम और वैक्सीन रखरखाव का निरीक्षण किया गया। टीम ने उनके रखरखाव तथा एक्सपायरी डेट और



स्टॉक रजिस्टर आदि की जांच की। साथ ही निर्देश दिए कि वैक्सीन की एक्सपायरी डेट पर विशेष ध्यान दिया जाए और कोई भी एक्सपायरी वैक्सीन बच्चों को न लगाई जाए। निरीक्षण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी बिजनौर डॉ के. पी. सिंह ने बताया कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए उपलब्ध वैक्सीन की गुणवत्ता और कोल्ड चेन प्रबंधन को दुरुस्त करना था। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार किया जा सके। निरीक्षण के दौरान छोटी मोटी कमियां भी पाई गई जिनको तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वैक्सीन सही तापमान पर सुरक्षित रखी जाएं और उनके रिकॉर्ड सही ढंग से अपडेट किए जाएं। सभी रिपोर्ट प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट की जाए। टीकाकरण की रिपोर्ट भी उसी दिन यूं विन पोर्टल पर फीडिंग की जाए। इस दौरान आई.ओ. वीर सिंह, ए. आर.ओ. आलोक कुमार, हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, डी ओ राशि,अनम, डॉ. राकेश कुमार, फार्मासिस्ट योगेश कुमार, हरीश कुमार ,प्रदीप रावत एएनएम अनीता धीरेन्द्र सिंह प्रदीप कुमार, सुजौदीन आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली: फर्जी ट्रेडिंग ऐप से निवेशकों से 48 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली,। बाहरी उत्तरी दिल्ली में कई निवेशकों से 48 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में 29 वर्षीय व्यक्ति को महाराष्ट्र में पकड़ा गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हाराष्ट्र के पालघर के वनगांव से गिरफ्तार किए गए आरोपी जितेंद्र शर्मा ने खुद को एक वित्तीय सेवा कंपनी का प्रतिनिधि बताकर पीड़ितों को एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप्लीकेशन के जरिए फंसाया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा,शर्मा एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में काम करता था और कमीशन के बदले में धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए अपनी कंपनी के बैंक खाते उपलब्ध कराता था। उन्होंने कहा कि उसके बैंक खाते राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज 46 शिकायतों से जुड़े थे। विनय सिंघल नाम के शख्स द्वारा की गयी शिकायत के बाद 17 मार्च को मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान तीन समान शिकायतें सामने आईं जिसमें नकली ट्रेडिंग ऐप्लिकेशन के माध्यम से धन अंतरित करने में धोखाधड़ी का पता चला। शिकायतकर्ता को एक खास ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया और उच्च मुनाफे का झूठा वादा किया गया। उन्होंने कहा कि इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने और धोखाधड़ी से प्राप्त धन की वसूली के प्रयास जारी हैं।

## नमो भारत के हजारों यात्रियों की टेंशन खत्म फिर से अशोक नगर तक दौड़ने लगी ट्रेन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। नमो भारत ट्रेन में सफर करने वालों के लिए जरूरी खबर है। बीते आई तेज आंधी-तूफान ने अशोक नगर स्टेशन को भारी नुकसान पहुंचाया था। स्टेशन की छत पर लगी टिन-शेड भी आंधी में उड़ गए थे। इसी नुकसान के चलते दो दिन से अशोक नगर तक ट्रेन का संचालन बंद था। लेकिन अब मंगलवार से अशोक नगर तक नमो भारत का संचालन शुरू हो गया है। नुकसान हुआ। न्यू अशोक नगर में चार माह 12 दिन पहले खुले नमो भारत स्टेशन के शेड से अधिकतर टिन उखड़ कर लटक गए, कुछ कागज की तरह उड़कर दूर जा गिरे। इस घटना में लोग बाल-बाल बचे। इसके बाद इस स्टेशन से नमो भारत ट्रेन सेवा अगले आदेश तक बंद कर दी गई है। जिस तरह से टिन उखड़े हैं, इसे लेकर लोग नमो भारत स्टेशन बनाने वाली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और उसके लिए निर्माण करने वाली कंपनी पर सवाल उठा रहे हैं। आरोप लगा रहे हैं कि टिन ठीक से कसे नहीं गए, इस कारण इतना कुछ हुआ। स्थानीय लोगों ने यहां तक आरोप लगाया कि पिछले दिनों भी आंधी में इसके कुछ टिन उखड़ गए थे। एनसीआरटीसी की ओर से इस मामले में जांच की जा रही है। इसी तरह बाड़ा हिंदू राव अस्पताल में कई पेड़ और शाखाएं टूट गईं और अस्पताल परिसर के चारों ओर लगे टिन शेड उखड़ गए। वहीं, मोतिया खान चौक के पास हरि मंदिर स्कूल की दीवार गिरने से पांच गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित रहा था। आंधी व वर्षा रुकने के बाद एनडीएमसी इलाके में 19 स्थानों पर पेड़ व उसके हिस्से गिरने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। इसमें अशोका रोड बंगला साहिब, जनपथ रोड, कनॉट प्लेस के इनर सर्किल, कृष्णा मेनन मार्ग पर गृहमंत्री अमित शाह के आवास के गेट नंबर एक पर पेड़ गिरा था।

## शशि थरूर का जिक्र कर मनोज तिवारी का कांग्रेस पर निशाना

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत सरकार सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेज रही है। वहीं इस डेलिगेशन में शामिल कांग्रेस नेता शशि थरूर को लेकर जमकर सियासत हो रही है। वहीं इस पर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि शशि थरूर को लेकर कांग्रेस का रुख काफी दुखद है। आश्चर्य की बात यह है कि क्या शशि थरूर कांग्रेस पार्टी के नहीं हैं? क्या कांग्रेस के लोग शशि थरूर को कांग्रेसी नहीं मानते? शशि थरूर अच्छे वक्ता हैं। कांग्रेस को तो खुश होना चाहिए लेकिन कांग्रेस के अंदर ही कई कांग्रेस है। यह बहुत दुखद है कि कांग्रेस इसे अच्छी तरह से नहीं ले रही है। वहीं मनोज तिवारी के अलावा इस मुद्दे पर दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि क्या शशि थरूर भारतीय नहीं हैं, क्या शशि थरूर पाकिस्तान से आए हैं। अगर शशि थरूर संसद में बैठते हैं, तो क्या उन्हें भारत के लोगों ने नहीं चुना है। जब हमारे देश के 140 करोड़ लोगों में से किसी को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा जाता है, तो यह सम्मान की बात होनी चाहिए। और अगर वह कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो यह कांग्रेस के लिए और भी बड़ा सम्मान है। कांग्रेस को गंदी राजनीति नहीं करना चाहिए। यह वक्त राजनीति करने का नहीं है। बता दें कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर को केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद के खिलाफ भारत के जीरो टॉलरेंस संदेश को दुनिया तक ले जाने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। वहीं इस पर कांग्रेस का मानना है कि थरूर को इसमें शामिल होने के लिए हां करने के लिए एक बार कांग्रेस से बात कर लेनी चाहिए थी

## संक्षिप्त खबरें

### नीरा उत्पादक सह विक्री केंद्र का उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक ने किया

मुंगेर। असरगंज प्रखंड के चैरगांव पंचायत अंतर्गत ममई गांव में मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना अंतर्गत किरण जीविका महिला ग्राम संगठन में नीरा उत्पादक सह विक्री केंद्र का उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक जीविका, गुरुदेव एवं गौतम कुमार प्रखंड परियोजना प्रबंधक द्वारा किया गया। साथ ही आज ही नीरा टैपर, स्टाफ, कैडर एवं ग्राम संगठन के लीडर का प्रशिक्षण बिहार सरकार द्वारा 8 रु. प्रति लीटर की दर से छेदक को एवं 3 रु प्रति लीटर पेड़ मालिक को प्रोत्साहन राशि के रूप से दिए जाने के बारे में बताया गया। नीरा उत्पादन, नीरा से बनने वाले उत्पाद एवं उसके उपयोगिता और महत्व पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजित विमल सिंह (जीविकोपार्जन विशेषज्ञ) द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला कार्यालय से पूजा चंद्रा (नॉनफार्म प्रबंधक), स्वेता (वाई पी फार्म), शिवेश (वाईपीआईएबी), एवं प्रखंड कार्यालय से सामुदायिक समन्वयक कुमारी साक्षी, रजाकर भारती एवं सौरभ कुमार उपस्थित रहे।

# संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ के तैयारियों की सीएम नीतीश कुमार ने की समीक्षा बैठक : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर मंगलवार 20 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उच्च-स्तरीय समीक्षा की गई। इस दौरान सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक भी जुड़े। वहीं इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में जमुई के जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक श्री मदन आनंद के नेतृत्व में संबंधित विभागों के पदाधिकारी के साथ एन आई सी, जमुई के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में शामिल हुई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि मानसून के आगमन के पहले सभी आवश्यक तैयारी समय से पूरी कर लें और आपदा प्रबंधन विभाग लगातार इसका अनुश्रवण भी करे। उन्होंने कहा कि लोगों की दवाएं, पशुओं की दवा, सांप काटने की दवा, कुत्ता काटने की दवा, ब्लीचिंग पाउडर, डायरिया की दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखें। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ और सुखाड़ दोनों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग के अधिकारी और जिलाधिकारी पूरी तरह अलर्ट रहें। आपदा प्रबंधन विभाग इस बात को ध्यान में रखें कि और क्या-क्या करने की जरूरत है ताकि लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी नदियों को आपस में जोड़ने की कार्ययोजना बनाएं। नदियों के गाद की उड़ाही एवं शिल्ट हटाने को लेकर तेजी से कार्य करें। इससे बाढ़ का खतरा भी कम रहेगा और नदियों की जल संग्रहण क्षमता भी बढ़ेगी। साथ ही सिंचाई कार्य में भी अधिक सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर पर नजर रखें और पेयजल का इंतजाम रखें। हर घर नल का जल योजना से लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसे पूरी तरह मेंटेन रखें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित इलाकों का सटीक आकलन करवाएं। प्रभावित परिवारों की सूची बनाते समय यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी वास्तविक हकदार लाभ से वंचित न हो। मुख्यमंत्री ने हिदायत देते हुए कहा कि बाढ़ से सुरक्षा हेतु जिन जिलों में बाढ़ आश्रय स्थल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है, वहां तेजी से यह कार्य पूरा कराएं। पिछले वर्ष सामुदायिक रसोईघर का संचालन बेहतर ढंग से किया गया था। इस वर्ष भी बाढ़ की स्थिति में सामुदायिक रसोईघर का संचालन बेहतर ढंग से होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि जिलाधिकारी अपने-अपने जिलों के क्षेत्रों में जाएं और स्थिति का आकलन करें तथा उसके अनुसार सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण रखें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में आपदा की स्थिति में किए गए कार्यों को भी ध्यान में रखते हुए आपदा से निपटने हेतु कार्य योजना बनाएं। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जल संरक्षण को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसलिए इसकी भी सतत निगरानी करें और इसे बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि निजी मकानों में भी लोगों को छतवर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष गर्मी ज्यादा है। इसे ध्यान में रखते हुये सभी प्रकार की तैयारी रखें और लोगों को सचेत करें। आग लगने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, उससे बचाव के लिए त्वरित कार्रवाई करें। लू से बचाव के लिए भी सभी व्यवस्था रखें और लोगों को अलर्ट करें। हर चीज पर नजर रखनी है और पूरी तरह से सतर्क रहना है। मुस्तैदी के साथ सभी लोग लगे रहेंगे तो आपदा की स्थिति में लोगों को राहत मिलेगी। मौके पर जिलाधिकारी महोदया ने समीक्षा बैठक के उपरांत उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिए गये देय दायित्वों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक जमुई, अपर समाहर्ता जमुई समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं जिले स्तरीय पदाधिकारी गण उपस्थित है।

# 50,000 का ईनामी प्रवीण कुमार चढ़ा पुलिस के हत्थे

## जिले के विभिन्न थानों में 13 काण्ड दर्ज



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिला टाउन थाना क्षेत्र के फरारी अभियुक्त एवं 50,000 का ईनामी प्रवीण कुमार को जमुई पुलिस ने धर दबोचा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने बताया कि अपराध की दुनिया का बेताज बादशाह 26 वर्षीय प्रवीण कुमार पिता जलधर यादव साकिन अमारी, थाना खैरा,जिला जमुई को एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में टाउन थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार ने जमुई बोधवान तालाब लव-कुश गैस एजेंसी के पास से गिरफ्तार कर लिया है इस छापामारी दल में एसडीपीओ सतीश सुमन के साथ टाउन थाना के पुलिस इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार, पीटीसी रामनारायण यादव,जिला आसूचना ईकाई टीम के साथ जमुई थाना के पुलिस बल शामिल थे। प्रवीण कुमार का अपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है इनका मुख्य पेशा डकैती करना है । जिसमें नये नये लोगों को शामिल करके जिले के जमुई, खैरा,सिकन्दरा, सोनो, चन्द्र मण्डी, एवं बरहट थाना क्षेत्र में 13 मामले इनके विरुद्ध दर्ज है।

# औषधि नियंत्रण अधिकारियों एवं केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के बीच संयुक्त बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा कोसी प्रमंडल के औषधि नियंत्रण अधिकारियों एवं सहरसा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के बीच संयुक्त बैठक धर्मशाला रोड स्थित भीमसरिया धर्मशाला, सहरसा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राकेश नंदन सिंह, उप औषधि नियंत्रक, कोसी प्रमंडल ने की। बैठक में कोसी प्रमंडल के सभी सहायक औषधि नियंत्रक एवं औषधि निरीक्षक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। औषधि निरीक्षक सत्येंद्र कुमार एवं सुरेंद्र राम सुपौल ने भी उपस्थित व्यापारियों को संबोधित किया और उनकी शंकाओं का समाधान किया। बैठक का माहौल अत्यंत संवादात्मक रहा। दवा विक्रेताओं ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर अधिकारियों द्वारा दिया गया। बैठक में बिना क्रय बिल के दवा कारोबार पर सख्त प्रतिबंध की आवश्यकता पर बल दिया गया। नकली दवाओं का प्रवेश प्रायः बिना बिल के लेन-देन के माध्यम से होता है। ऐसे मामलों में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस रद्दीकरण एवं कानूनी कार्रवाई तक शामिल है ।संशोधित नियमों के तहत 300 ब्रांड्स पर क्यूआर कोड अनिवार्य कर दिया गया है। यह कोड




प्राथमिक पैक पर होना चाहिए, और यदि जगह की कमी हो तो द्वितीयक पैक पर। निरीक्षण के दौरान बिना क्यूआर कोड पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसका उद्देश्य दवाओं की प्रामाणिकता सुनिश्चित करना है। कोडीन युक्त कफ सिरप और अन्य अभ्यस्त खेती दवाओं के नशे हेतु दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की गई। ऐसे अवैध व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर ड्रग्स कानून एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह पाया गया कि कुछ व्यापारी थोक लाइसेंस लेकर खुदरा कारोबार कर रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। स्पष्ट किया गया कि जो खुदरा करना चाहते हैं उन्हें खुदरा लाइसेंस लेना अनिवार्य है। उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस रद्द किया जाएगा और अभियोजन चलाया जाएगा। वही बिना लाइसेंस वाले गोदामों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। कोई भी दवा अनधिकृत स्थल पर संग्रहीत नहीं होनी चाहिए। पकड़े जाने पर सभी दवाएं जब्त की जाएंगी, फर्म का लाइसेंस रद्द किया जाएगा एवं अभियोजन दायर किया जाएगा। चिकित्सकों को दवा आपूर्ति केवल उनके लिखित आदेश एवं पंजीकरण संख्या के साथ ही की जाए। केवल पंजीकरण संख्या बताकर दवा लेने की अनुमति नहीं होगी। बैठक के अंत में उप औषधि नियंत्रक द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि औषधि कानूनों का पालन न केवल कानूनी बाध्यता है, बल्कि यह जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु अत्यंत आवश्यक है। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में सहरसा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। प्रमुख प्रतिभागियों में ओम खेमका, कैलाश पचरिया, सुधीर कुमार सिंह, राघव प्रसाद सिंह अध्यक्ष, हरिनंदन यादव सचिव, खगेंद्र मुन्ना, संजय झा, अजीत डोकानियां, चतुर्भुज केसरी शामिल थे। वही उप औषधि नियंत्रक राकेश नंदन सिंह, उप औषधि नियंत्रक, सहायक औषधि नियंत्रक, राजेश प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, सहायक औषधि नियंत्रक, सुपौल एवं मधेपुरा। सत्येंद्र कुमार, कुमार संजय, पंकज कुमार भारती, शशि रंजन, खुशी कुमारी, निर्भय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र राम, सरफराज, पूजा कुमारी, औषधि निरीक्षिका सहित अन्य मौजूद रहे।

# आलमनगर विधानसभा में 63 साल में मात्र चार विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) बिहार का आलमनगर विधानसभा सीट मधेपुरा लोकसभा के तहत आता है। 1951 में आलमनगर सीट अस्तित्व में आया था। आलमनगर सीट से 1951 में सोशलिस्ट पार्टी के कैंडिडेट तनुकलाल यादव ने जीत हासिल किया था। वहीं 1957 और 1962 में कांग्रेसी कैंडिडेट यदुनंदन झा ने आलमनगर में जीत का परचम लहरा दिया था। आलमनगर का किला मजबूत है। यहां की जनता जिसे मौका देती है उसे काफी मौका देती है। खूब भरोसा करती है। हां, भरोसा टूटने के बाद फिर मौका नहीं देती। यहां 74 साल में मात्र पांच लोग ही विधायक बने हैं। वर्तमान विधायक नरेंद्र नारायण यादव लगातार सात बार से विधायक हैं। वे लगातार 30 सालों से चुनाव जीतते आ रहे हैं। 1995 से वे ही क्षेत्र का नेतृत्व करते आ रहे हैं। इससे पहले जनता पार्टी के बीरेंद्र प्रताप सिंह चार बार लगातार विधायक बने। यही स्थिति विद्याकर कवि और यदुनंदन झा की भी रही है। सबसे अधिक बार विधायक बनने का मौका वर्तमान विधायक नरेंद्र नारायण यादव को ही मिला है। वे इस समय बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष भी हैं। इस बार टिकट मिलने पर आठवीं वार चुनाव लड़ेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला और आलमनगर विधानसभा सीट पर जेडीयू के नरेंद्र नारायण यादव ने 28680 वोटों के अंतर से आरजेडी प्रत्याशी नबीन कुमार को करारी शिकस्त दी। इस चुनाव में नरेंद्र नारायण यादव को कुल 102517 वोट मिले जबकि नबीन कुमार को कुल 73837 वोट मिले। आंकड़े बताते हैं कि इस सीट पर यादव, मुस्लिम और निषाद निर्णायक संख्या में हैं। हालांकि राजपूत, ब्राह्मण, कोइरी, कुर्मी, रविदास, पासवान भी प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

# झल्लु बाबु सभागार जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आहुत की गई साप्ताहिक समन्व्य सह समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा जिला मुख्यालय स्थित झल्लु बाबु सभागार, मधेपुरा में सोमवार को जिला पदाधिकारी, मधेपुरा तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्व्य सह समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई। बैठक में अपर समाहर्त्ता, मधेपुरा अरूण कुमार सिंह, अपर समाहर्त्ता (आ0) मुकेष कुमार सिंह, लोक षिकायत निवारण पदाधिकारी, मधेपुरा मो. तारिक, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, मधेपुरा अमन कुमार के साथ साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम माननीय उच्च न्यायालय पटना में दायर एमजेसी, एलपीए एवं सीडब्ल्यूजेसी की विभागवार समीक्षा की गई एवं सभी संबंधित विभागों को नियमानुसार प्रतिषपथ दायर करने हेतु निदेष दिया गया। मुख्यमंत्री जनता दरबार, सी.पी ग्राम, आयुक्त कार्यालय में लंबित परिवाद एवं जिला जनता दरबार में प्राप्त परिवाद की विभागवार समीक्षा की गई एवं त्वरित निश्पादित करने का निदेष दिया गया। इसके पश्चात मुख्य सचिव महोदय के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के लंबित मामलों की समीक्ष की गई। यथा पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु अवषेश भूमि को चिन्हित करने का निदेष दिया गया। सावित्री बाई फुले विद्यालय निर्माण हेतु भूमि खोजने का निदेष दिया गया एवं अन्य लंबित मामलों को यथाषीघ्र निश्पादित करने का निदेष दिया गया। मौके पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिया गया निर्देश




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, स्थानीय विकास भवन, सहरसा में विजय कुमार मंडल, मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग सह प्रभारी मंत्री, सहरसा एवं अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के अथक प्रयासों के कारण बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इसमें प्रत्येक विभाग की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने निर्धारित कर्तव्यों का समर्पण भाव से निर्वहन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मंत्री द्वारा सभी संबंधित कार्यालयों को जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्यक, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ठोस कदम उठाने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों का समेकित विकास सुनिश्चित करना है। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कई विभागों द्वारा अपेक्षित अनुपालन नहीं किया गया है। इसमें शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, बुडको, पंचायती राज, लघु जल संसाधन, ग्रामीण कार्य विभाग, पीएचईडी, एलइओ, श्रम संसाधन, एवं राजस्व विभाग प्रमुख हैं। प्रभारी मंत्री ने सभी कार्यालयों को निर्देश दिया कि जनहित के किसी भी जांच बिंदु पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सम्मिलित किया जाए। साथ ही, श्रम संसाधन विभाग को लाभुकों की सूची आगामी 15 दिनों के भीतर सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। बुडको को नगरीय क्षेत्र में नल-जल योजना के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग, सहरसा के कार्यपालक अभियंता सहित कुछ अन्य पदाधिकारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए, जिनसे कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया है।

# स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार 7 माह की बच्ची समेत चार घायल सदर अस्पताल में इलाज जारी



प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। सोमवार के दिन बरियारपुर खड़गपुर मुख्य मार्ग के फोर लाइन के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों को जोरदार टक्कर मार दी। पीड़ित परिवार अपनी मासूम बच्ची को मुंगेर में डॉक्टर से दिखाकर वापस लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो बहुत तेज रफ्तार में आ रही थी और फोर लाइन के मोड पर नियंत्रण खो बैठी उसी समय एक बाइक पर सवार बाप बेटा बहू और एक । महीने की मासूम बच्ची घर लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार स्कार्पियो ने अचानक बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक दूर तक फिसलती चली गई और सभी सड़क पर गिर पड़े घायलों की पहचान शामपुर थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी सुनील मंडल छोटू कुमार संगीता कुमारी और 7 वर्षीय बच्ची राधिका कुमारी के रूप में हुई है चारों ही गंभीर रूप से घायल हो गए । बरियारपुर पुलिस ने सभी को सदर अस्पताल लाया। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

# पूर्णिया सांसद पप्पू यादव मृतक के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना, बच्चों की पढ़ाई का उठाया जिम्मा



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र पुरैनी अंतर्गत कुरसंडी पंचायत के वासुदेवपुर गांव में बीते दिनों हुए लक्ष्मीकांत चौधरी के पुत्र अजीत कुमार चौधरी की निर्मम हत्या के उपरांत पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मृतक के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। तत्पश्चात उन्होंने इस दर्दनाक घटना में शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर न सिर्फ अपनी गहरी शोक प्रकट की, बल्कि परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है लेकिन इस दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं। वहीं सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मृतक के दोनों पुत्र-पुत्रियां के पढ़ाई का जिम्मा उठाया। मौके पर सर्वेश्वर सिंह, राजेश रोशन, शहादत परदेसी, रामचंद्र पंडित सुशील यादव, लड्डू यादव, मिथिलेश यादव, दुर्गा यादव, पमपम सिंह, इम्तियाज आलम, मनीष कुमार, राहुल यादव, शंकर सिंह, सुशील चौधरी, अंजनी चौधरी, पोलेंद्र सिंह, मुखिया कुंदन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के लिए संजीवनी बूटी : जिलाधिकारी




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा शुरू किया गया महिला संवाद कार्यक्रम पूरे जिले में जोर-शोर से संचालित हो रहा है। मंगलवार से जिले के आठ प्रखंड के 22 गाँव में कार्यक्रम का संचालन सुबह-शाम दोनों पालियों में शुरू हुआ, जबकि बरहट एवं गिद्धौर प्रखंड के सभी गांवों में महिला संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुओ इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को न केवल योजनाओं की जानकारी मिल रही है, बल्कि वे अपनी समस्याओं और आकांक्षाओं को सामने रखकर समाधान की दिशा में सशक्त कदम भी उठा रही हैं। गौरतलब है कि 18 अप्रैल से जिले के सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम आरम्भ हुआ था, जिसमें अभी तक कुल 715 जीविका ग्राम संगठनों में सफलता पूर्वक संवाद का आयोजन किया जा चुका है। 15 हजार से ज्यादा आकांक्षाएं मोबाइल एप की दर्ज की जा चुकी है मंगलवार 20 मई से खैरा, झाझा एवं सोनो प्रखंड के चार गाँव में कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जबकि लक्ष्मीपुर, सिकंदरा, ई.अलीगंज, जमुई सदर एवं चकाई प्रखंड के दो गाँव में सुबह-शाम दो पालियों में कार्यक्रम का संचालन जारी है ज्ञात हो की महिला संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना एवं सामूहिक समस्याओं व आकाँक्षाओं एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सूचीबद्ध कर समाधान की दिशा में कार्य करना है . जिले में महिला संवाद कार्यक्रम का संचालन 11 डिजिटल जागरूकता रथ के माध्यम से किया जा रहा है ।

## 11 जून तक चलने वाला महिला संवाद कार्यक्रम में हर दिन जुड़ रही है महिलाएं

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय । अब झिझक नहीं है, संकोच भी नहीं है और ना ही है पुरानी दकियानूसी सोच। सदियों पुराने दायरे से निकलकर ग्रामीण परिवेश की महिलाओं के पास अगर कुछ है तो सुनहरे भविष्य के निर्माण हेतु इच्छाएं, आकांक्षाएं एवं अपनी सरकार से उम्मीद ' यह सब महिला संवाद कार्यक्रम में परिलक्षित है । आधी आबादी से संवाद स्थापित करते हुए उनकी आकांक्षाओं को समझने उनकी समस्याओं का समाधान और उनकी मांग को पूरा करने हेतु गंभीर मंथन महिला संवाद में जारी है। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं उनके गाँव के विकास में उनकीभी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए महिला संवाद आयोजित है। महिला संवाद महिलाओं की आकांक्षा और उनके विचारों को साझा करने का एक प्रभावी मंच बन गया है। यह मंच महिलाओं को अपने आसपास की समस्यायों से संबंधित सामाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है। महिला संवाद के माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक हो रही हैं और एक-दूसरे को प्रेरित करती हैं। यह न केवल महिलाओं के विचारों को समाज तक पहुँचाने का कार्य करता है, बल्कि उनके सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभिन्न विषयों पर खुली बातचीत और विचार-विमर्श महिलाओं को आत्मविश्वास से भरता है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। महिला संवाद कार्यक्रमों से महिलाओं में सामाजिक गतिविधियों से जागरूकता बढ़ी है। कार्यक्रमों में दहेज प्रथा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए सामूहिक शपथ दिलाई जा रही है, साथ ही नशा मुक्त समाज के निर्माण और घरेलू हिंसा की रोकथाम के प्रति संकल्प लिया जा रहा है।

## महिला सशक्तिकरण में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर



सहरसा बिहार सरकार की पहल और महिलाओं के प्रयासों ने राज्य को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है। सरकार द्वारा महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए उठाए जा रहे कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रहे हैं। इसका जीवंत उदाहरण महिला संवाद कार्यक्रमों में देखने को मिल रहा है, जहाँ हर दिन हजारों महिलाएँ अपने अनुभव साझा कर रही हैं और अपनी सफलता की कहानियां बता रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। सलखुआ प्रखंड के सितुआहा पंचायत की गीता देवी ने बताया कि उन्होंने बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट योजना का लाभ उठाकर अपने बेटे को उच्च शिक्षा के लिए बाहर भेजा। इस तरह, महिलाएं न केवल अपने जीवन को बदल रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के विकास में भी योगदान दे रही हैं। जिले के सभी प्रखंडों में हर दिन 24 स्थानों पर आयोजित इन संवाद कार्यक्रमों में महिलाएं अपनी समस्याएं और आकांक्षाएं खुलकर रख रही हैं। वे अपने गाँवों में नल-जल योजना के तहत गुणवत्तायुक्त पानी की आपूर्ति, सामुदायिक पुस्तकालय, खेल मैदान, विवाह भवन, और अनाज भंडारण गृह जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रही हैं। महिलाओं का यह दृष्टिकोण न केवल उनके गाँवों, बल्कि पूरे राज्य के विकास के लिए नए आयाम सुझा रहा है। महिला संवाद के माध्यम से सरकार महिलाओं से सीधा संवाद कर उनके विचार और आवश्यकताओं को समझ रही है। इससे नई नीतियों के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाकर उनकी आवाज को नीति निर्माण का हिस्सा बना रही है। महिला संवाद कार्यक्रम की सफलता इस बात से स्पष्ट है कि महिलाओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए त्वरित कदम उठा रही है।

# 7 सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोप गुट का पांच दिवसीय हड़ताल शुरू

- जमालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 100 आशा के हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ (गोप गुट) के हजारों आशा दीदीयों ने अपनी 7 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार से हड़ताल पर चले गए है। यह हड़ताल 24 मई तक जारी रहेगा। जमालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत करीब 10 पंचायतों में प्रसव सहित अन्य सेवाएं भी ठप हो गयी है।

करीब 100 आशा दीदियों ने जमालपुर पीएचसी परिसर में सरकार की नीतियों के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के नेतृत्व जमालपुर संघ अध्यक्षा रीता सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में आशा संघ ने करीब 32 दिवसीय हड़ताल पर थे, सरकार ने हमारी मांगों में आशा कार्यकर्तओं फैसिलिट्रेटरों को एक हजार मासिक वेतन की जगह 2500 करने की मंजूरी दी, लेकिन 2 साल बीतने के बाद भी अबतक मासिक वेतन नहीं बढ़ाया गया है।

उन्होंने सरकार से बढ़ी हुई राशि के साथ दस हजार राशि मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमलोगों का 6 माह का बकाया मानदेय भुगतान किया जाय, इसके अलावा बीते वर्ष का भी भुगतान हो। वहीं 65 वर्ष में रिटायरमेंट हो, रिटायरमेंट पर 10 लाख रुपये दिया जाय, सभी आशा कार्यकताओं को केंद्र व राज्य सरकारें आपसी तालमेल बैठकर 21 हजार मानदेय भुगतान किया जाय, हेल्थ व वेलवेट सेंटर से जुड़ी आशाओं को देय राशि का भुगतान पोर्टल माध्यम से किया जाय और इसमें फेसिलिट्रेट को भी जोड़ा जाय सहित अन्य मांगे पुरजोर तरीके व प्रदर्शन के साथ रखी।

# अमरीका का आतंक के खिलाफ जंग या दोहरा रवैया?


जितेन्द्र कुमार सिन्हा



आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर सबसे मुखर देशों में माने जाने वाले अमरीका की छवि एक बार फिर विवादों में है। आतंकवाद के खात्मे के संकल्प के साथ सत्ता में लौटे डोनाल्ड ट्रंप की सरकार की एक हालिया नियुक्ति ने दुनियाभर में सवालों का तूफान खड़ा हो गया है। पत्रकार लॉरा लूमर के खुलासे के अनुसार, ट्रंप प्रशासन के तहत बनाए गए एक धार्मिक स्वतंत्रता आयोग में ऐसे दो व्यक्तियों को शामिल किया गया है, जिनका सीधा संबंध इस्लामी आतंकी संगठनों से रहा है। इनमें से एक, इस्माइल रॉयर, न केवल लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा रहा है, बल्कि वह जम्मू-कश्मीर की आतंकी गतिविधियों में भी संलिप्त था। लॉरा लूमर, जो खुद ट्रंप समर्थक रही हैं, ने सोशल मीडिया और अपने शोध के माध्यम से यह सनसनीखेज खुलासा किया है कि दो पूर्व जिहादी, इस्माइल रॉयर और शेख हमजा यूसुफ को व्हाइट हाउस के धार्मिक स्वतंत्रता सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया है। लूमर ने दावा किया है कि इन दोनों का अतीत अमेरिका सरकार की वेबसाइट पर दर्ज है और इन पर आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ने, उन्हें समर्थन देने, हथियारों और विस्फोटकों के प्रशिक्षण देने के गंभीर आरोप हैं। इस्माइल रॉयर का असली नाम रान्डेल टोड रॉयर था। उसने 1992 में इस्लाम अपनाया था और इसके बाद उसने इस्माइल नाम रखा। उसने पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के ट्रेनिंग कैंप में ट्रेनिंग ली और जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में भाग लिया। 2003 में उस पर अल-कायदा और लश्कर-ए-तैयबा को सहायता देने के आरोप लगे। 2004 में उसने खतरनाक हथियारों और विस्फोटकों के इस्तेमाल में मदद करने के अपराध को स्वीकार किया और 20 साल की सजा हुई। हालांकि, 13 साल बाद उसे रिहा कर दिया गया। उसकी रिहाई के बाद वह धार्मिक स्वतंत्रता और शांति की बात करने वाले संगठनों से जुड़ गया। मिडिल ईस्ट फोरम के साथ एक बातचीत में रॉयर ने 2023 के इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उसे लश्कर-ए-तैयबा पसंद था, क्योंकि उसका रुख सऊदी इमामों की ओर झुका हुआ था। उसने बताया कि उसने मस्जिदों में युवाओं को कश्मीर जाकर लश्कर के कैंप में ट्रेनिंग लेने को प्रेरित किया। कैलिफोर्निया के ज़ैतुना कॉलेज के सह-संस्थापक शेख हमजा यूसुफ को अमेरिका में इस्लामी अध्ययन के क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति माना जाता है। लेकिन इसके पीछे कई विवादित कड़ियाँ हैं। शेख हमजा यूसुफ पर इस्लामिक जिहादियों, हमास और मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे प्रतिबंधित संगठनों से संबंध होने के आरोप लगे हैं। 9/11 से दो दिन पहले उन्होंने एक ऐसे फंडरेजर इवेंट में भाषण दिया, जो जमील अल-अमीन के लिए आयोजित था। जमील पर एक पुलिस अधिकारी की हत्या का मुकदमा चल रहा था। आज शेख हमजा यूसुफ बर्कले स्थित सेंटर फॉर इस्लामिक स्टडीज के सलाहकार हैं। वे धार्मिक स्वतंत्रता और संवाद को बढ़ावा देने की बातें करते हैं, लेकिन उनका अतीत आज भी संदेह और आलोचना की नजरों में है। व्हाइट हाउस के अनुसार, इस्माइल रॉयर अब इस्लाम एंड रिलीजियस फ्रीडम एक्शन टीम के डायरेक्टर हैं। उन्होंने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर धार्मिक सहिष्णुता और संवाद को बढ़ावा दिया है। वहीं, शेख हमजा यूसुफ को भी धार्मिक मामलों में सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या कभी आतंकवाद में लिप्त रह चुके लोग वाकई बदल सकते हैं? और अगर बदल भी गए हैं, तो क्या उन्हें अमेरिका जैसे राष्ट्र की नीतियों में भागीदार बनाना सही है?

# चीन की हरकतों का सच

**कुंठित तानाशाह अपनी विचलित मानसिकता को संतुष्ट करने के लिए अकसर ऐसी ही हरकतें करते हैं। चीन की यह कुंठा इसलिए जागृत हुई, क्योंकि भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद करने के लिए ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलें दागीं तो चीन द्वारा पाकिस्तान को दी गई प्रतिरक्षा प्रणाली खोखली साबित हुई। इससे चीन के घटिया हथियारों की पोल डिजिटल साक्ष्यों के साथ पूरी दुनिया के सामने सार्वजनिक हो गई। परिणामस्वरूप उसके आयुध बाजार को जबरदस्त झटका लग गया। मिसाइल निर्माण करने वाली चीनी कंपनियों के शेयर जमीन पर आ गए। चीन की यह बचकानी हरकत है कि जब भी भारत कोई बड़ा काम करता है, तो चीन पूर्वोत्तर क्षेत्र के इस भारतीय प्रांत में ग्रामों, नगरों, नदियों और पहाड़ों के नाम चीनी भाषा मंदारिन में रख देता है और फिर बाकायदा आधिकारिक बयान अपनी सरकारी वेबसाइट ह्लग्लोबल टाइम्सह्व पर कर देता है।**





प्रमोद भार्गव

(लेखक)

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में अपने बोकस हथियारों का हश्र देखने के बाद बौखलाए चीन ने युद्धविराम से पहले अपनी आत्मतुष्टि के लिए अरुणाचल प्रदेश के 27 स्थलों को चीनी नाम दे दिए। इनमें रहवासी बस्तियों समेत नदियां और पहाड़ शामिल हैं। चीन अरुणाचल में ऐसी हरकतें पहले भी कर चुका है। कुंठित तानाशाह अपनी विचलित मानसिकता को संतुष्ट करने के लिए अकसर ऐसी ही हरकतें करते हैं। चीन की यह कुंठा इसलिए जागृत हुई, क्योंकि भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद करने के लिए ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलें दागीं तो चीन द्वारा पाकिस्तान को दी गई प्रतिरक्षा प्रणाली खोखली साबित हुई। इससे चीन के घटिया हथियारों की पोल डिजिटल साक्ष्यों के साथ पूरी दुनिया के सामने सार्वजनिक हो गई। परिणामस्वरूप उसके आयुध बाजार को जबरदस्त झटका लग गया। मिसाइल निर्माण करने वाली चीनी कंपनियों के शेयर जमीन पर आ गए। चीन की यह बचकानी हरकत है कि जब भी भारत कोई बड़ा काम करता है, तो चीन पूर्वोत्तर क्षेत्र के इस भारतीय प्रांत में ग्रामों, नगरों, नदियों और पहाड़ों के नाम चीनी भाषा मंदारिन में रख देता है और फिर बाकायदा आधिकारिक बयान अपनी सरकारी वेबसाइट ह्लग्लोबल टाइम्सह्व पर कर देता है। चीन के प्रपंच की यह आदत आभासी या छद्म युद्ध छेड़ने जैसी बार-बार सामने आती रही है, लेकिन वह अपनी आदत से बाज नहीं आता है। इस हरकत के सामने आने के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि ह्लहमने देखा है कि चीन ने अरुणाचल के कुछ स्थलों के नाम बदलने का खोखला एवं निरर्थक काम किया है। अपने पारंपरिक सैद्धांतिक नीति को जारी रखते हुए हम इस तरह की कोशिशों को सिरे से खारिज करते हैं।ह्व नाम बदलने की थोथी प्रक्रिया से जमीन पर हकीकत नहीं बदल जाती। अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा। चीन ने ऐसी ही हरकत अरुणाचल प्रदेश में तब की थी जब 9 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस प्रदेश की 13000 फीट की ऊंचाई पर निर्मित की गई सेला सुरंग का उद्घाटन करने पहुंचे थे। तब अरुणाचल के 30 स्थानों को नए नाम देने की हरकत की थी। डोकलाम विवाद के बाद से ऐसी हरकतें लगातार सामने आती रही हैं। 2017 में जब दलाई लामा अरुणाचल पहुंचे थे, तब भी चीन ने नाम बदले थे। इन नामों की सूची चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में भी प्रकाशित की जाती है। चीनी नागरिक मामलों का मंत्रालय इन सूचियों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी डालता है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान रहता है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना अनैतिक दावा जताता है। जबकि चीन भली-भांति जानता है कि नाम बदलने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। चीन ऐसी हरकत 2017, 2021, 2023, 2024 और अब 2025 में कर रहा है। चीन ये नाम मंदारिन, तिब्बती या फिर पिनयिन भाषाओं में देता है। चीन जब भी भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुतबा स्थापित हो रहा होता है, तब रुतबे को आहत करने की हीनभावना से यह हरकत करता है। भारत ने जब 9-10 सितंबर 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया था, तब इस सम्मेलन की एक बैठक अरुणाचल में भी संपन्न हुई थी। तब भी चीन ने अरुणाचल में खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हरकत दिखाई थी। इस सम्मेलन में चीन शामिल नहीं हुआ था। चीन ने अरुणाचल क्षेत्र में अवैधानिक रूप से गांव बसाने के भी प्रयास किए हैं। चीन अपने मानचित्रों में भी अरुणाचल को अपना बताने की कोशिश करता रहा है। चीन की ये सब हरकतें उसकी विस्तारवादी नीति की कुटिल एवं नापाक इच्छाएं दशार्ती हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो साफ है, कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया तो चीन और तुर्किये खुले रूप में पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आए थे। यही नहीं, चीन ने पाकिस्तान को वायु सुरक्षा प्रणाली और ड्रोण दिए थे। लेकिन भारतीय मिसाइलों ने सुरक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तानी सेना ने ड्रोनों के माध्यम से जो मिसाइलें भारतीय क्षेत्र में दागी, उन्हें वायु सैनिकों द्वारा छोड़ी गई ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों ने आसमान में ही नाकाम कर दिया था। चीन की पाकिस्तान के पक्ष में सीधी उपस्थिति के चलते भारत ने चीन के सरकारी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स और सरकारी एजेंसी शिन्हुआ के एक्स खाते भारत में बंद कर दिए हैं। ग्लोबल टाइम्स ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई मनगढ़ंत खबरें दीं और झूठे दावे भी किए थे। सरकार ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब हाल ही में भारत सरकार ने पाकिस्तान के कई एक्स हैंडल के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की है। साथ ही भारत ने तुर्किये के साथ भी अनेक व्यापार समझौते तोड़ते हुए पर्यटकों के वहां जाने पर रोक लगा दी। चीन की हमेशा ही कुटिल निगाह वास्तविक नियंत्रण रेखा को लांघने की भी रही है। चीन ने 15 जून 2020 को लद्दाख के पश्चिमी क्षेत्र गलवान घाटी में सीमा उल्लंघन का प्रयास किया था। जिसके चलते भारत और चीन की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें करीब 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। चीन के भी बड़ी संख्या में सैनिक हताहत हुए थे। लंबे समय तक सैन्य गतिरोध बने रहने के बाद चीन नियंत्रण रेखा से पीछे हटने को मजबूर हुआ था। यहां मार खाने के बावजूद चीन का अरुणाचल में हस्तक्षेप का प्रयास निरंतर बना हुआ है। 1962 के युद्ध के समय चीन ने भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में अपने सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी तवांग के मार्ग से असम तक पहुंचाई थी। भारत, चीन की इस चालाकी से अच्छी तरह से परिचित है। अतएव पिछले एक दशक में समूचे अरुणाचल प्रदेश में ढांचागत विकास को बहुत तेज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विकास को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। चीन के लिए यह विकास और भारत सरकार का दोटूक जवाब परेशानी का सबब बन रहा है। अरुणाचल प्रदेश से लगे सीमाई इलाकों में 63 सडकें भारत सरकार बना रही है। इनमें से कई सडकें व पुल तैयार होने के साथ आवागमन के लिए भी खोल दिए गए हैं। नतीजतन भारतीय सैनिकों की सीमा तक पहुंच आसान हो गई है। सनद रहे कि 1962 में सडकें नहीं होने के कारण

# आतंकवाद के खिलाफ एकता और भाजपा का पाखंड

**लेकिन, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की आंतरिक दिक्कतों का फायदा उठाने की कोशिश में, मोदी सरकार ने इन मिशनों के भेजे जाने के पूरे विचार में ही पलीता लगा दिया है। मैं यह देखकर प्रसन्न हूं कि कई दक्षिणपंथी टिप्पणीकार कर्नल सोफिया कुरैशी की सराहना कर रहे हैं, लेकिन शायद उन्हें उतनी ही शिद्दत से यह मांग भी करनी चाहिए कि भीड़ हिंसा के शिकार, बिना कानूनी प्रक्रिया के मकानों पर बुलडोजर चलवाए जाने और भाजपा की नफरत की राजनीति के शिकार अन्य लोगों को भी, समान रूप से एक भारतीय नागरिक के रूप में न्याय और सुरक्षा दी जाए। दो महिला अफसरों का प्रैस कान्फ्रेंस करना दीखने में एक महत्वपूर्ण दृश्य हो सकता है, लेकिन जब तक यह नजारा जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव में तब्दील न हो, तब तक यह केवल एक ह्लदृश्य राजनीतिह्ल (ऑप्टिक्स) ही रहेगा**



shutterstock.com - 2579734345



राजेंद्र शर्मा

लेखक,

विदेश सेवा के अधिकारियों के मुकाबले, इन सांसदों/राजनीतिक नेताओं का वजन विदेशी मोर्चे पर भी इसीलिए अधिक माना जा रहा है कि वे अपनी राजनीतिक पार्टियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भारतीय जनता की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की आंतरिक दिक्कतों का फायदा उठाने की कोशिश में, मोदी सरकार ने इन मिशनों के भेजे जाने के पूरे विचार में ही पलीता लगा दिया है। मैं यह देखकर प्रसन्न हूं कि कई दक्षिणपंथी टिप्पणीकार कर्नल सोफिया कुरैशी की सराहना कर रहे हैं, लेकिन शायद उन्हें उतनी ही शिद्दत से यह मांग भी करनी चाहिए कि भीड़ हिंसा के शिकार, बिना कानूनी प्रक्रिया के मकानों पर बुलडोजर चलवाए जाने और भाजपा की नफरत की राजनीति के शिकार अन्य लोगों को भी, समान रूप से एक भारतीय नागरिक के रूप में न्याय और सुरक्षा दी जाए। दो महिला अफसरों का प्रैस कान्फ्रेंस करना दीखने में एक महत्वपूर्ण दृश्य हो सकता है, लेकिन जब तक यह नजारा जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव में तब्दील न हो, तब तक यह केवल एक ह्लदृश्य राजनीतिह्ल (ऑप्टिक्स) ही रहेगा–एक छलावा। अशोका विश्वविद्यालय के इतिहास तथा राजनीति विभाग के प्रोफेसर तथा राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. अली खान महमूदाबाद की ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित अपेक्षाकृत लंबी फेसबुक पोस्ट की शायद यही पंक्तियां हैं, जिनके लिए न सिर्फ उनको हड़बड़ी में हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, उन्हें अन्य अनेक धाराओं के अलावा राजद्रोह के दो-दो आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। हजारों की संख्या में अकादमिकों और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकताओं ने प्रोफेसर अली खान की गिरफ्तारी को सरासर अनुचित तथा मनमानी बताते हुए, इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन बताने के साथ ही, जिस तरह कुछ विस्तार से उनकी टिप्पणी में कुछ भी, किसी भी नजर से आपत्तिजनक होने मात्र का खंडन किया है, उससे पूरी तरह से सहमत होने के चलते, हम यहां उसे दोहराना आवश्यक नहीं समझते हैं। हम यहां सिर्फ इतना ध्यान दिलाना चाहेंगे कि प्रो. अली इस टिप्पणी में जिस छलावे या पाखंड से बचे जाने का ताकाजा कर रहे थे, उनकी गिरफ्तारी आतंकवाद के विरुद्ध राष्ट्र को एकजुट करने के इस चुनौतीपूर्ण समय में भी सत्ताधारी संघ-भाजपा के उसी पाखंड का सहारा लेने का, एक और सबूत पेश कर रही थी। प्रो. अली की गिरफ्तारी इस पाखंड को इसलिए और किसी उदाहरण से ज्यादा मुखरता से उजागर करती है कि ठीक इसी समय पर, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री, कुंवर विजय शाह के मामले में, उसी संघ-भाजपा की सरकार, इससे ठीक उल्टा ही आचरण प्रदर्शित कर रही थी। प्रो. अली के विपरीत, भाजपायी मंत्री के खिलाफ, किसी भी नजर से क्यों न देखा जाए, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सचेत रूप से भारतीय कार्रवाई का चेहरा बनायी गयी, कर्नल सोफिया कुरैशी के घनघोर अपमान का मामला बनता है। और शुद्ध सांप्रदायिक आधार पर यानी उनके मुसलमान होने के लिए ही, उनका ऐसा अपमान करने का मामला बनता है। इसके बावजूद, जैसा कि सभी जानते हैं भाजपायी मंत्री के खिलाफ, न तो भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार ने कोई कार्रवाई करने की जरूरत समझी और न ही संघ-भाजपा परिवार ने। यहां तक कि इस मामले पर चारों ओर शोर मचने के बाद, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर बैंच ने स्वतः संज्ञान लेकर, मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बहुत ही सख्त आदेश भी जारी कर दिए। इसके बाद मजबूरी में आखिरी घंटे पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज तो की लेकिन, इतनी लचर एफआईआर कि हाई कोर्ट की बैंच को अगले दिन फिर से सरकार को सिर्फ फटकार ही नहीं लगानी पड़ी, यह आदेश भी जारी करना पड़ा कि आगे अदालत इस मामले की निगरानी करेगी। इसके बाद भी, भाजपायी राज्य सरकार ने साफ कर दिया है कि वह दोषी मंत्री की गिरफ्तारी नहीं करने जा रही है। और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विजय शाह की गिरफ्तारी की किसी भी संभावना से इंकार ठीक उस समय किया जा रहा था, जब उसी संघ-भाजपा की हरियाणा सरकार, प्रो. अली खान की दिल्ली से गिरफ्तारी की तैयारी कर रही थी। बेशक, पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हत्याएं की थीं। और जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार की ओर से एक पत्रकार वार्ता में, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रेखांकित भी किया था, इसके पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना था। उनका यह कहना भी बहुत हद तक सही था कि देश ने, आतंकवादियों के इन मंसूबों को विफल कर दिया था। पर बहुत हद तक ही। बेशक, आतंकवादियों की इस दरिंदगी के खिलाफ आम तौर पर पूरा देश एकजुट था। जम्मू-कश्मीर ने और देश के अल्पसंख्यकों ने खासतौर पर, इस दरिंदगी के लिए अपने नाम के इस्तेमाल को बलपूर्वक ठुकराया था। देश व जनता की इस व्यापक एकता की अभिव्यक्ति, सर्वदलीय बैठक के जरिए आतंकवाद और उसके प्रश्रयदाताओं के खिलाफ, पूरी तरह से एकजुट संदेश में भी हुई थी। लेकिन, इसके समानांतर एक क्षीण किंतु सत्तातंत्र का संरक्षण प्राप्त होने से उग्र धारा, विभाजन पैदा करने की भी थी। यह धारा, आतंकवादियों की करतूतों के बहाने से खासतौर पर कश्मीरी मुसलमानों को और आम तौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को हमलों का निशाना बनाए जाने की थी। जाहिर है कि भौतिक हमलों से कई गुना बड़ा था, वैचारिक-भावनात्मक हमलों का दायरा, और ये हमले सत्ता परिवार के आईटी सेल द्वारा संचालित ताने-बाने के जरिए किए जा रहे थे। बहरहाल, शासन की ओर से किसी रोक-टोक के अभाव में भौतिक हमलों का सिलसिला भी, आपरेशन सिंदूर के शुरू होने तक जारी ही था। एसोसिएशन ऑफ प्रोटैक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) द्वारा 22 अप्रैल से 8 मई के बीच, देश के 20 राज्यों में 180 से ज्यादा सांप्रदायिक घटनाओं का जो विवरण एकत्रित किया गया है, उसके अनुसार इनमें 106 घटनाएं पहलगाम के आतंकवादी हमले से संबंधित थीं और इनकी चपेट में कम से कम 316 लोग आए थे। इनमें 39 हमले की, 19 तोड़-फोड़ की और 42 मुसलमानों को तंग किए जाने की घटनाएं थीं। यह दिखाता है

## सेना की वर्दी पर राजनीति की छींटाकशी

सियासत अब बयानबाजी की रस्साकशी में उलझी वह बेतुकी नुमाइश बन गई है, जहाँ तर्क, गरिमा और शालीनता का वध सार्वजनिक मंचों पर खुलेआम होता है और तालियाँ बजती हैं, जैसे कोई हास्य का प्रहसन चल रहा हो। मध्यप्रदेश सरकार में जनजातीय कार्य मंत्री एवं भोपाल गैस त्रासदी व लोक परिसंपत्ति मंत्री विजय शाह ने हाल ही में महू में ऐसा ही एक राजनीतिक तमाशा पेश किया जिसमें न सेना की गरिमा बची, न महिलाओं की मयार्दा, न संविधान की आत्मा। उन्होंने मंच से गरजते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों को जवाब देने के लिए उनकी बहन को भेजा। जरा रुकिए, सोचिए, यह मंत्री हैं। यह वही मंत्रालय है, जहाँ से हमें उम्मीद होती है कि आदिवासी समाज के संवेदनशील मुद्दों पर शालीन, जागरूक और विचारशील नेतृत्व मिलेगा। लेकिन जब वही कुर्सी किसी ह्लजुबानी जिहादह्ल के योद्धा के हवाले हो जाए, तो मंत्रालय की गरिमा भी बयानबाजी की भेंट चढ़ जाती है। बयान सुनकर पहले तो लगा कि शायद मंत्रीजी ने किसी फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है, लेकिन फिर समझ आया कि यह तो राष्ट्रवाद का नया संस्करण है, जिसमें बहादुर महिला सैन्य अधिकारी को भी लिंग के कटघरे में खड़ा कर दिया गया है। क्या सेना की कोई महिला अधिकारी अब एक ह्लप्रतिशोध की बहनह्ल बनकर परोसी जाएगी? क्या उसका पराक्रम, उसकी वर्दी, उसका प्रशिक्षण सब केवल इसीलिए था कि उसे एक पुरुषवादी राजनीतिक कल्पना का औजार बना दिया जाए? यह बयान न सिर्फ अशालीन है, बल्कि सैन्य मयार्दाओं का मखौल उड़ाने वाला भी है। क्या मंत्रीजी को यह ज्ञान है कि सेना का हर अभियान गोपनीय रणनीति, अनुशासन और प्रशिक्षण की उपज होता है, न कि घरेलू झगड़े की तरह ह्लकिसकी बहन किसके घर गईह्व वाले मौहल्ले के विमर्श पर आधारित? और यदि उनकी भाषा इतनी ही ह्लवीर रसह्ल में डूबी हुई है, तो उन्हें संस्कृति मंत्री क्यों नहीं बना दिया जाता, जहाँ वे महाभारत और रामायण की पुनर्रचना कर सकें? इस देश में नारी को देवी का रूप कहा जाता है, लेकिन जब वही महिला किसी पद या शक्ति की भूमिका में आती है, तो उसके अस्तित्व को भी उसके लिंग से जोड़कर ही परिभाषित किया जाता है। विजय शाह का बयान इस विकृति की जीवंत मिसाल है। उन्होंने सेना की महिला अधिकारी को न सिर्फ ह्लकिसी की बहनह्ल कहा, बल्कि उसे ह्लयौनिक प्रतीकह्ल के तौर पर इस्तेमाल किया, जिससे बदला लिया गया। यह सिर्फ अश्लीलता नहीं, यह वैचारिक दरिद्रता है। और सबसे विडंबनापूर्ण बात यह है कि यह सब उस व्यक्ति ने कहा है जो राज्य सरकार का एक जिम्मेदार मंत्री है। लेकिन असली सवाल सिर्फ मंत्री की जुबान का नहीं है, बल्कि उस व्यवस्था का है जो ऐसी जुबानों को बढ़ावा देती है। ऐसे वक्तव्यों पर पार्टी की ओर से कोई सार्वजनिक आलोचना नहीं होती। कोई नेता मंच से यह नहीं कहता कि ह्लशब्द वापस लो, यह मयार्दा नहींह्व क्या यह चुप्पी संकेत है कि ये विचार पार्टी के भीतर स्वीकार्य हैं? या फिर हम अब उस दौर में आ गए हं जहाँ विचारधारा की लड़ाई नहीं, बयानबाजी की प्रतियोगिता चल रही है? सोचिए, कर्नल सोफिया जैसी अधिकारी जिन्होंने अपनी काबिलियत से सेना में स्थान पाया, अब एक राजनीतिक बयान में सिर्फ किसी की बहन बनकर रह जाएँ, तो क्या यह उस ह्लन्यू इंडियाह्ल का चेहरा है जिसे हम गर्व से देखते हैं? क्या स्त्री सशक्तिकरण अब केवल नारे बनकर रह जाएंगे, और मंच पर ह्लनग्न प्रतिशोधह्ल के कल्पना-चित्रों से जनता का मनोरंजन होगा? राजनीति अब विचारों की लड़ाई नहीं रही। अब यह शब्दों की तलवारबाजी बन गई है, जिसमें जितनी भड़काऊ भाषा, उतनी तालियाँ। विजय शाह ने कोई चूक नहीं की उन्होंने पूरी तैयारी से बोला। और उनके शब्द सिर्फ उन्हें नहीं, पूरी व्यवस्था को बेनकाब करते हैं। बयानबाजी का यह खेल लोकतंत्र को धीरे-धीरे एक हास्य-व्यंग्य में बदल रहा है, जहाँ हर गंभीर बात भी तमाशा बनकर रह जाती है।

जब नेतृत्व भाषा की गरिमा नहीं संभाल सकता, तब जनता को खुद तय करना होगा कि वोट बयान वीरों को देना है या ज़िम्मेदार प्रतिनिधियों को। नहीं तो आने वाले कल में शायद संसद भी किसी स्टैंडअप कॉमेडी शो का विस्तार लगने लगे। और तब हमें कोई बताएगा कि हमने ह्लउनकी बहनह्ल से बदला लिया मगर यह नहीं बताएगा कि हमारी चेतना कब की मारी जा चुकी है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीरपैंती रेलवे स्टेशन का भव्य कायाकल्प

भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हाल ही में बिहार के भागलपुर जिले में स्थित पीरपैंती रेलवे स्टेशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। एनएसजी-5 श्रेणी में वगीर्कृत पीरपैंती स्टेशन, पूर्व रेलवे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहाँ यात्रियों की बढ़ती माँगों को पूरा करने के लिए आधुनिक बुनियादी ढाँचे को अपग्रेड करना जरूरी था। पुनर्विकास की प्रमुख विशेषताएँ अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले चरण के अंतर्गत, पीरपैंती स्टेशन के लिए 18.93 करोड़ के पुनर्विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इस व्यापक कार्य योजना में सिविल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नलिंग और दूरसंचार (एस एंड टी), साइनेज, लिफ्टों की स्थापना और रूफ प्लाजा के साथ 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का विकास शामिल है। इसके अतिरिक्त, स्टेशन की कार्यक्षमता और दृश्य सौंदर्य को बढ़ाने के लिए अलग-अलग आगमन और प्रस्थान ब्लॉक, पैदल यात्री मार्ग, आकर्षक




मूर्तियां, मानक आंतरिक सज्जा और सौंदर्यपूर्ण प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक अग्रभाग (फसाड) को भी शामिल किया गया है। पुनर्विकास के तहत निम्नलिखित प्रमुख सुविधाएँ प्रदान की गई हैं: सौंदर्यपूर्ण प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक अग्रभाग का निर्माण। प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय, एक आरक्षित लाउंज, एक कार्यकारी लाउंज और एक महिला प्रतीक्षालय का विकास। कंकोर्स क्षेत्र और आगमन खंड का पूर्ण निर्माण। यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए परिसंचारी क्षेत्र का विकास गतिशील यात्री सूचना के लिए बड़े आकार की इनडोर और आउटडोर वीडियो दीवारों की स्थापना। स्टेशन नेविगेशन को सुव्यवस्थित करने के लिए व्यापक साइनेज का कार्यान्वयन। सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांगजन-अनुरूप बुनियादी ढाँचे का प्रावधान। स्टेशन का डिजाइन और इंटीरियर स्थानीय कला और आस-पास के ऐतिहासिक स्मारकों से प्रेरित है, जो आधुनिक वास्तुकला को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ता है। यह मिश्रण पीरपैंती स्टेशन को एक अलग पहचान प्रदान करता है, जो बिहार की समृद्ध परंपराओं को दशार्ता है। पीरपैंती रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से यात्री अनुभव को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।



बिहार के गोपालगंज जिले का एक कस्बा है। यह जिला मुख्यालय से 06 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। धार्मिक रूप से थावे का अपना एक विशिष्ट स्थान है। यहॉ पर मॉ दुर्गा का एक भव्य मंदिर है। इस मंदिर में पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का आगमन होता है तथा नवरात्रि के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु यहां आकर पूजा-अर्चना करते है। थावे जं. स्टेशन : यह बिहार राज्य में पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन का प्रमुख जं. स्टेशन है, यहॉ पर सीवान, छपरा कचहरी एवं कप्तानगंज से लाइनें आकर मिलती है। यह स्टेशन सीधी ट्रेन सेवा के माध्यम से लखनऊ, गोरखपुर, पटना, टाटानगर आदि नगरों से जुड़ा हुआ है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा थावे जं. के महत्व को देखते हुए भारतीय रेल द्वारा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रू. 11.75 करोड़ की लागत से आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त स्टेशन भवन विकसित किया गया है। 400 वर्ग मीटर में स्टेशन भवन तथा फसाड में सुधार का कार्य पूर्ण कर स्टेशन भवन को आकर्षक स्वरूप दिया गया है। यात्रियों को धूप एवं वर्षा से बचाव हेतु तीनों प्लेटफॉर्मो पर 28 बे के यात्री छाजन का प्रावधान किया गया है। इसके तीनों प्लेटफॉर्मों के सतह में सुधार किया गया तथा प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर कोटा स्टोन लगाया गया है।

# प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयासों को विदेश मंत्रालय की स्वीकृति

## 17 मार्च 2025 को श्री रूडी ने लोकसभा में नियम 377 के तहत प्रवासी श्रमिकों का मुद्दा उठाया

खाड़ी देशों में श्रमिकों की मौत और शव लाने में देरी पर जताई चिंता, कल्याण कोष व द्विपक्षीय समझौतों को मजबूत करने की मांग, विदेश मंत्रालय ने प्रवासी योजनाओं पर विस्तृत जवाब दिया मृतकों के शव लाने में दूतावासों की भूमिका की पुष्टि, महिला श्रमिकों की सुरक्षा के लिए विशेष उपायों का उल्लेख, बिहार के हित में श्री रूडी के सतत प्रयासों की एक कड़ी सांसद कार्यालय के नियंत्रण कक्ष में रोजाना सहायता कॉल आते हैं। भोजपुर, सिवान, गोपालगंज, दरभंगा आदि जिलों के श्रमिकों को दी गई सहायता। कई मामलों में श्री रूडी ने स्वयं हस्तक्षेप कर राहत दिलवाई

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।। सारण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने बिहार के लाखों प्रवासी श्रमिकों की पीड़ा को संसद के पटल पर मजबूती से उठाया। 17 मार्च 2025 को लोकसभा में नियम 377 के तहत उन्होंने यह गंभीर मुद्दा रखा था कि कैसे खाड़ी देशों में काम करने वाले श्रमिक जो विशेष रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश से होते है वो अमानवीय परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं और अनेक मामलों में उनकी मौत के बाद शवों को स्वदेश नहीं भेजा जाता, जिससे उनके परिवारों को भीषण मानसिक और आर्थिक संकट झेलना पड़ता है। श्री रूडी ने बताया कि 2012 से 2018 के बीच खाड़ी देशों में 24,570 भारतीय श्रमिकों की मृत्यु हुई, जो कि प्रतिदिन औसतन 10 मौतें है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मृतकों के परिवारों के लिए एक विशेष कल्याण कोष स्थापित किया जाए और द्विपक्षीय समझौतों को सशक्त बनाया जाए जिससे श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें। इस पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा हाल ही में भेजे गए विस्तृत उत्तर में सरकार की ओर से इस विषय पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। विदेश मंत्री ने बताया कि भारतीय दूतावासों और उच्चायोगों में स्थापित भारतीय सामुदायिक कल्याण निधि के माध्यम से प्रवासी भारतीयों को संकट की स्थिति में सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें कानूनी सहायता, शव की वापसी, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, और आवश्यक स्थिति में जुर्माना अदा करना भी शामिल है।



इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा श्रमिक कल्याण समझौते, प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी समझौते, और सामाजिक सुरक्षा समझौते जैसे उपायों के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। खासकर महिला श्रमिकों और घरेलू कामगारों के लिए केवल राज्य सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से विदेश भेजे जाने की नीति और न्यूनतम आयु 30 वर्ष की शर्त भी लागू की गई है, ताकि उनका शोषण रोका जा सके। बिहार में प्रवासी श्रमिकों के संबंध में श्री रूडी के प्रयास लगातार सक्रिय और व्यावहारिक रहे हैं। उनके कार्यालय द्वारा संचालित नियंत्रण कक्ष में प्रतिदिन बिहार के विभिन्न जिलों, जैसे भोजपुर, सिवान, गोपालगंज, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, शिवहर, रोहतास आदि से सहायता हेतु कॉल प्राप्त होते हैं। विदेशों में फंसे श्रमिकों, वेतन विवाद, मृत्यु की स्थिति में शव लाने, महिला श्रमिकों की सुरक्षा जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाया जाता है। कई मामलों में तो श्री रूडी ने स्वयं पहल कर परिजनों को राहत दिलाई है। इसी प्रकार का मामला सिवान निवासी एक प्रवासी श्रमिक की दुबई में मृत्यु के बाद, श्री रूडी ने भारतीय दूतावास से समन्वय कर न केवल शव स्वदेश मँगवाया बल्कि आर्थिक सहायता भी दिलवाई। भोजपुर जिले के एक युवक की ओमान में मृत्यु होने पर, सांसद ने तत्परता से शव मँगवाने की प्रक्रिया को तेज किया। दरभंगा जिले के एक श्रमिक की कतर में कानूनी फँसावट पर कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई गई। गोपालगंज निवासी युवक की केरल के कोच्चि में दुर्घटना में मृत्यु पर सांसद ने स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर शव को हवाई मार्ग से परिजनों तक पहुँचाया। वैशाली, मधुबनी और रोहतास के भी कई मामलों में सांसद ने विदेश मंत्रालय, दूतावासों और राज्य सरकारों से समन्वय कर पीड़ित परिवारों को सहायता दिलवाई है।

## महिला संवाद कार्यक्रम से गूंज उठा सारण, कार्यक्रम में जुट रही है महिलाएं

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में जीविका सारण द्वारा जिले के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं की आवाज को मंच देने के लिए ह्रमहिला संवादह्व कार्यक्रम का आयोजन जोर-शोर से जारी है। इस पहल की शुरुआत 18 अप्रैल 2025 को जिलाधिकारी श्री अमन समीर (भा.प्रा.से.) ने जिला समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर की थी। इस अवसर पर 18 जागरूकता वाहन रवाना किए गए थे, जो इन दिनों गांव-गांव जाकर महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं विशेषकर महिला सशक्तिकरण से जुड़ी पहलों की जानकारी दे रहे हैं। वीडियो फिल्मों, लिफ्लेट्स और संवाद सत्रों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। साथ ही, वे स्वयं अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की कहानियां भी साझा कर रही हैं, जिससे अन्य महिलाएं भी प्रेरित हो रही हैं। आज जिले के 36 अलग-अलग स्थानों पर महिला संवाद का आयोजन हुआ, जहां महिलाओं ने खुलकर अपने गांव, पंचायत और प्रखंड से जुड़े विकास के मुद्दे और आकांक्षाएं साझा की। इन आयोजनों के माध्यम से अब तक कुल 30,581 आकांक्षाएं एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से संकलित की जा चुकी हैं। केवल आकांक्षाओं का संकलन ही नहीं, बल्कि महिला संवाद के दौरान सामने आई समस्याओं का त्वरित निष्पादन भी किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम की प्रासंगिकता और प्रभावशीलता और बढ़ गई है। इस अभियान के तहत मंगलवार तक कुल 1168 स्थलों पर महिला संवाद आयोजित हो चुका है, जबकि लहलादपुर और रिवीलगंज प्रखंड में इसका आयोजन 28 मई से प्रस्तावित है। पूरे कार्यक्रम की सतत निगरानी स्वयं जिलाधिकारी सारण द्वारा की जा रही है। अमनौर प्रखंड की गीता कुमारी ने महिला आरक्षण के लिए बिहार सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आरक्षण से महिलाओं को कम से कम 8 से 10 साल आगे बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि वह आज एक शिक्षिका हैं और सम्मानजनक जीवन जी रही हैं, जिसका श्रेय वे राज्य सरकार की नीतियों को देती हैं। वहीं, बनियापुर प्रखंड की महिलाओं ने जीविका द्वारा शुरू किए गए सामाजिक बदलाव की तारीफ करते हुए कहा कि जीविका ने महिलाओं को स्वर देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में हर संभव सहायता दी है। मांझी प्रखंड की महिलाओं ने स्थानीय स्तर पर कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता जताई, जबकि कुछ ने नल-जल योजना के खराब क्रियान्वयन को लेकर नाराजगी जाहिर की। कई महिलाओं ने नाली और सड़कों की खराब स्थिति की भी शिकायत की। महिला संवाद कार्यक्रम न केवल सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की आवाज को नीतिगत बदलावों तक पहुँचाने का सशक्त प्लेटफॉर्म भी बनता जा रहा है। सारण जिले में महिलाओं की भागीदारी और उत्साह इस बात का प्रमाण है कि वे अब न केवल जागरूक हैं, बल्कि विकास की राह पर मजबूती से कदम बढ़ा रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार बदलाव यात्रा को लेकर जसुपा ने की बैठक

लहलादपुरः बिहार बदलाव यात्रा को लेकर श्रीढोढ़नाथ मंदिर परिसर में जन सुराज पार्टी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार कुशवाहा के अध्यक्षता में हुई. बैठक में 22 मई 2025 को जन सुराज पार्टी के प्रणेता प्रशांत किशोर जी के आगमन को मद्देनजर तैयारियां की समीक्षा की गई. वक्ताओं ने कहा कि लहलादपुर प्रखंड में प्रशांत किशोर का भव्य स्वागत किया जायेगा. प्रखंड क्षेत्र के कटैया,चकदह, बनपुरा, बिहारी मोड़, ताजपुर टांड़, मिजार्पुर,धनेश छपरा, बसही,शोभीपुर, ताजपुर चटिया, सारण, लहलादपुर के ग्रामीणों का आशीर्वाद लेकर 2 बजे दिन में श्रीढोंढ़नाथ हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज के मैदान में आम सभा करेंगे. जिसमें हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भाग लेंगे. बैठक को विकास सिंह, डॉओ नगनारायण प्रसाद, ललित तिवारी, अशरफ रजा खान, दशरथ सिंह शांहशाह, बुटाई चौधरी आदि ने सम्बोधन किया.

### भाकपा के शाखा सम्मेलन में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में लामबंद होने का लिया गया प्रस्ताव

मढ़ौरा भाकपा उजड़ी सेंदुआरी के 15 वे शाखा सम्मेलन में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क के जरिए अभी से जनता के बीच लगने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। शाखा सम्मेलन आयमा शेखपुरा ओल्हनपुर में मंगलवार को जमादार राय की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई ।इसके पूर्व सम्मेलन स्थल पर उपस्थित सदस्यों ने भाकपा जिला सचिव रामबाबू सिंह के नेतृत्व में एक जुलूस निकाल कर ग्राम भ्रमण किया एवं जनसमस्याओं के निराकरण संबंधी नारे लगाए । तत्पश्चात सम्मेलन स्थल पर सर्वप्रथम का विष्णुदेव राम खेत मजदूर नेता ने झंडोत्तोलन किया । इसके बाद शहीद वेदी पर पुष्पांजलि किया गया । सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि आज नीतीश मोदी की जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आनेवाले चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए अभी से लग जाने की जरूरत है ।प्रो भूपेश भीम एवं प्रो रजाक हुसैन ने अभिनंदन किया ।शोक प्रस्ताव संजय कुमार सिंह ने पेश किया ।शाखा सचिव भारत राय ने प्रतिवेदन पेश किया । अगले सत्र के लिए सर्व सम्मति से भरत राय सचिव एवं संजीव कुमार सिंह तथा बिक्रमा महतो सहायक सचिव चुने गए । अंतरराष्ट्रीय गान के साथ सम्मेलन की कार्यवाही समाप्त की गई ।

### पुलिस ने तीन शराबी को गिरफ्तार कर भेजा व्यवहार न्यायालय

परसा। स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवो में शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन शराबियों को परसा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.तीनों गिरफ्तार शराबियों पर उत्पाद अधिनियम के तहत सनहा दर्ज करते हुए मंगलवार को भेजा छपरा व्यवहार न्यायालय. गिरफ्तार शराबियों में परसा थाना क्षेत्र के भिखारी छपरा गांव निवासी सुरेश महतो का पुत्र चंदन कुमार,चेतन परसा निवासी अहमद साईं का पुत्र मो समीम तथा डेरनी थाना क्षेत्र के खोजौली गांव निवासी भुटेली सिंह का पुत्र जितेंद्र सिंह बताया जाता है.

## रात के अंधेरे में अवैध खनन भंडारण से चल रहा है सप्लाई का गोरखधंधा

### पर्यावरण को भारी नुकसान, प्रशासन मौन



बगहा ।वाल्मीकिनगर स्थित वीटीआर सेफ्टी जोन में खनन कर किए गए पत्थर,बालू भंडारण से मांग के अनुसार रात के अंधेरे में चोरी छिपे सप्लाई की जा रही है। बतादें की वीटीआर के सेफ्टी जोन में कई जगह अवैध खनन कर पत्थर बालू का भंडारण किया गया है जहां से रात के अंधेरे में विभिन्न योजनाओं व निजी चल रहे कार्यों में ट्रैक्टर ट्रॉली से आपूर्ति की जा रही है। सूत्रों की माने तो ये अवैध खनन भंडारण बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य पथ हवाई अड्डा,कोतराहां,विजयपुर,भेरियानी सहित कई जगहों पर किया गया है ।ये सभी जहां भी आपूर्ति करनी होती है,इन्हें मुख्य सड़क मार्ग होकर ही आपूर्ति करना होता है।इस मार्ग पर पुलिस की गश्ती गाड़ी बराबर मूवमेंट्स करते रहती है ।इसके बावजूद खनन तस्करों की बलिहारी कहें कि पुलिस के आंखों में धूल झोंकर ये अवैध गोरखधंधा निर्बाध गति से चल रहा है। बतातें चलें कि वाल्मीकिनगर परिक्षेत्रों में आज भी बड़े बड़े गड्ढे अवैध खनन की गवाही दे रहे है ।पर्यावरण के जानकार बतातें हैं कि वीटीआर परिक्षेत्र में किसी भी खनन का पर्यावरण पर बुरा असर डालता है और इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे।

## मीना बाजार और आसपास के क्षेत्र में कुल 51.82 लाख की पांच योजनाएं पारित: गरिमा

- बेतिया राज कालीन इस ऐतिहासिक धरोहर को सुविधा संपन्न व और आकर्षक बनाने के लिए के प्रस्ताव को बोर्ड ने किया था पारित
- बीते अप्रैल माह में संपन्न नगर निगम बोर्ड की बैठक में पारित इन योजनाओं पर तत्काल कार्यान्वयन का महापौर ने दिया है आदेश

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर में मीना बाजार जैसे ऐतिहासिक धरोहर को सुविधा संपन्न और आकर्षक बनाने के लिए कुल 51.82 लाख लागत वाली पांच योजनाओं को नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित किया गया है। इसका विवरण बताते हुए श्रीमती सिकारिया ने बताया कि मीना बाजार के मीठा हट्टा और छोटा रमना मार्केट के चावल हट्टा में स्थित दो कुआं का जीर्णोद्धार शामिल है। वही मछलीहट्टा में भी एक सार्वजनिक मूत्रालय निर्माण कार्य सहित सभी पांच विकास योजनाओं को नगर निगम बोर्ड ने विगत अप्रैल माह में संपन्न बैठक में प्रशासनिक स्वीकृति दे दिया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया ने बताया कि बेतिया राजकालीन कुआं जीर्णोद्धार के अलावा कावेरी होटल रोड स्थित मूत्रालय का जीर्णोद्धार एवं मीना बाजार स्थित मछलीहट्टा शेड का जीर्णोद्धार कार्य कराया जाना शामिल है। वही नगर में मीना बाजार के समीपवर्ती ट्रैफिक चौक पर मूत्रालय निर्माण के साथ ही मीना बाजार के समीपवर्ती पुराने टांगा स्टैंड में शौचालय एवं मूत्रालय निर्माण कार्य कराए जाने को स्वीकृति दी गई है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि मीना बाजार में पानी टंकी से संतोष जी सोना चांदी दुकान तक सड़क निर्माण कार्य एवं लोहारपट्टी में प्रदीप जी की टॉफी दुकान से जंगली मिस्त्री के दुकान तक खस्ताहाल पीसीसी सड़क का नया निर्माण कराएं जाने को नगर निगम बोर्ड ने पारित किया है। इसके अलावा मीना बाजार परिसर में ही मीना बाजार मस्जिद से नीरज सोनार के दुकान तक नाला निर्माण कार्य को भी नगर निगम बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि मीना बाजार के सर्वांगीण विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूँ।

## वन विभाग ने पीड़ितों में मुआवजे की क्षतिपूर्ति राशि वितरण की




बगहा। वाल्मीकिनगर वन प्रमंडल 2 ने परिक्षेत्र के वैसे पीड़ितों के बीच क्षतिपूर्ति मुआवजे की राशि वितरित की जिनके फसल का नुकसान या मवेशियों की जानमाल वीटीआर के हिंसक जानवरों के द्वारा की गई है। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि जंगल कैम्प से सटे होटल विहार के हॉल में हुए एक कार्यक्रम के दौरान पीड़ितों को क्षतिपूर्ति मुआवजे की राशि बांटी गई है ।संतपुर सोहरिया निवासी मगरमच्छ हमला पीड़ित सुगंधा कुमारी,ई टाइप कॉलोनी निवासी रुकसाना तरन्नुम और एनपीसीसी निवासी मरियम खातून के तेंदुआ द्वारा इनके बकरी की मौत और ठाढ़ी निवासी मन्नू कुशवाहा को भी बकरी के मौत का मुआवजा दिया गया ।तादें की वीटीआर जंगलों से सटे किसान व मवेशी पलकों के फसल या मवेशियों को वीटीआर के जानवरों,बाघ,भालू,तेंदुआ हाथी,गेंडा आदि से फसलों को नुकसान या मवेशियों को पूर्व में मौत के घाट उतार दिया गया है ।वैसे पीड़ितों को आवेदन व साक्ष्य के साथ वन विभाग को इत्तला करने होते है,इसके बाद वनकर्मियों द्वारा आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य को आधार मानकर उल्लेखित घटनास्थल का मुआयना कर निर्धारित कटेगरी के अनुसार क्षतिपूर्ति राशि पूर्व से निर्धारित तय राशि स्वीकृत कर आवंटन के आधार पर पीड़ितों के बीच मुआवजे का चेक दिया जाता है।

## इनर व्हील क्लब ने जरूरतमंदों को लगाया कृत्रिम पैर

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। इनर व्हील क्लब आफ सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने कोलकाता स्थित महावीर सेवा सदन में एक प्रेरणादायक पहल के तहत जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया ।यह एक अंतर जिला संयुक्त परियोजना थी, जिसमें **District** 329 के 15 क्लबों और **District** 325 के 35 क्लबों ने मिलकर भाग लिया । इस सहयोगात्मक प्रयास के माध्यम से 17 जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम पैर प्रदान किए गए ताकि वे फिर से अपने पैरों पर खड़े हो सकें और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। यह परियोजना आपसी समन्वय और सामाजिक जिम्मेदारी का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस अवसर पर **IWD** 325 की ऊ अलकनंदा बक्सी, **IWD** 329 की ऊ इंद्राणी बसु मल्लिक, **IPIIW** संपादक एवं टट प्रभा रघुनंदन, **PIIWR** ललिता सेठ, **DT** निभा (**D3**25), ऊश्ड सीमा, **DS** अदिति (**D3**29) सहित सहभागी क्लबों के कई सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे। **IWC** की अध्यक्ष चंद्रा ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया । डिस्ट्रीक्ट चेयरमैन अलकनंदा बक्शी ने इस पहल में सहयोग देने वाले सभी क्लबों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इनर व्हील की यह संयुक्त पहल समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल है। वहीं दूसरी ओर इनर व्हील क्लब ऑफ सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने मां के सम्मान में हमारे घरों में काम करने वाली महिलाओं के साथ केक काटकर मदर्स डे मनाया और एक दूसरे को केक खिलाया ।इस सम्मान को पाकर वे बहुत खुश हुई और अध्यक्ष का धन्यवाद दिया । अध्यक्ष का कहना है कि मां का एक दिन नहीं बल्कि हर दिन मां का होता है, एक मां का बलिदान परिवार और समाज में अहम भूमिका निभाता है । इसकी जानकारी क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने दिया ।

## जेपीयू के प्रोफेसर राजेश नायक को मिलेगा मिल्खा सिंह सम्मान

- कैलाश गौतम अवार्ड से सम्मानित हुए अविनाश भारती

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर ।विगत रविवार को मुट्ठीगंज, प्रयागराज अवस्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज के भव्य सभागार में गुफ़्तगू पत्रिका का 23 वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर साहित्य, समाज, मीडिया, रंगमंच और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले देश के अलग-अलग प्रांतों से चुनिंदा विभूतियों को सम्मानित किया गया। वही सारण के प्रो राजेश नायक को मिल्खा सिंह सम्मान तो अविनाश कुमार भारती को गौतम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह गौरतलब है कि ये दोनों महान व्यक्ति छपरा के जयप्रकाश विश्वविद्यालय में प्रोफेसर है। एक तरफ हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट सेवा देने के लिए अविनाश भारती को कैलाश गौतम अवार्ड से अलंकृत किया गया। तो दूसरे तरफ खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो राजेश नायक को मिल्खा सिंह अवॉर्ड दिया गया । ज्ञात हो कि अविनाश भारती युवा गजलकार और गजल-आलोचक के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। अविनाश भारती हिन्दी गजल के ऊपर ही अपना शोध कार्य पूरा किया है। अब तक इनकी चार गजल-केंद्रित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। सदैव हिन्दी गजल की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध और समर्पित रहने वाले अविनाश भारती वर्तमान में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में सेवारत हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड और रंगमंच के जाने-माने अभिनेता राजेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने ही अविनाश भारती समेत अन्य हस्तियों को सम्मानित किया। अविनाश के सम्मानित होने पर वरिष्ठ गजलकार अनिरुद्ध सिन्हा, डॉ. भावना, डॉ. जियाउर रहमान जाफरी, संजीव प्रभाकर, विकास, डॉ. पंकज कर्ण, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सिद्धार्थ शंकर,प्रोफेसर अजय कुमार,डॉ चंदन कुमार श्रीवास्तव,डॉ प्रियंका कुमारी,डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव,दीप शिखा ,अभिषेक कुमार सिंह, राहुल शिवाय आदि साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है। वही जयप्रकाश विश्वविद्यालय का नाम प्रो राजेश नायक ने गौरवान्वित किया है। बताते चले कि डॉ. नायक जेपीयू के खेल निदेशक और इतिहास विभाग के प्राध्यापक है। प्रो राजेश नायक को सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था गुफ्तगू ने वर्ष 2025 का मिल्खा सिंह सम्मान 18 मई को प्रयागराज में आयोजित समारोह में दिया गया।

## लियो क्लब छपरा टाऊन के सदस्यों ने किया सदर अस्पताल में रक्तदान

### समाज के असली हीरो होते है रक्तदाता - मनीष कुमार मणि




प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।सामाजिक संगठन लायंस क्लब की युवा इकाई लियो क्लब छपरा टाऊन के सदस्यों के द्वारा छपरा सदर अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर लगा कर रक्तदान किया गया। लियो अध्यक्ष मनीष कुमार मणि ने कहा कि हमारे संस्था के एक सदस्य उज्ज्वल मिश्रा ने अपने जन्मदिन के मौके पर रक्तदान करने को कहा इस उत्सव मौके पर हमारी संस्था ने रक्तदान शिविर लगा कर रक्तदान किया, क्यों कि समाज में रक्तदाता ही एक सुपर हीरो की तरह होते है जो अपने रक्त से किसी के जान बचा सकते है। आज रक्तदान शिविर में इन्होंने किया रक्तदान नितेश प्रताप सिंह, उज्जवल मिश्रा, आशुतोष पाण्डेय, मनीष कुमार मणि इत्यादि। लायंस अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि लियो क्लब के युवा सदस्य हमेशा से सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते है चाहे वो रक्तदान हो या किसी की मदद करना, ह्ररक्तदान तो महादान हैह्व जो प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में दो बार या तीन बार करनी चाहिए इससे हमलोग कई गंभीर बीमारियों से बच भी सकते है। रक्तदान शिविर लायन गोविंद सोनी, अली अहमद, लियो अमित सोनी, आशीष सोनी, अनिल सोनी ने मिठाई खिला कर और जूस पिला कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया ।

## लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा गर्ल्स स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता पर कार्यशाला

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा ने शहर के गर्ल्स स्कूल, छपरा में किशोरियों के स्वास्थ्य एवं जागरूकता को केंद्र में रखते हुए मासिक धर्म स्वच्छता एवं एचपीवी टीकाकरण पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था–स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करना। मुख्य वक्ता डॉ. किरण ओझा ने संवादात्मक शैली में छात्राओं को मासिक धर्म, व्यक्तिगत स्वच्छता और एचपीवी वैक्सीनेशन के विषय में सरल एवं प्रभावी जानकारी प्रदान की। उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और सहज भाषा ने छात्राओं को खुलकर अपनी जिज्ञासाएँ व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ओझा का यह योगदान न केवल शैक्षिक था, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की एक सशक्त मिसाल भी बनी। लगभग 300 छात्राओं ने भाग लेकर इस कार्यशाला को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की संगीत शिक्षिका प्रियांका कुमारी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसने वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। विद्यालय के शिक्षक एवं कार्यक्रम के चेयरपर्सन लायन यशपाल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा मंच का प्रभावशाली संचालन किया। लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष लायन डॉ. विकाश कुमार सिंह ने किशोरियों के स्वास्थ्य सशक्तिकरण पर बल देते हुए क्लब की सेवा भावना को रेखांकित किया। उन्होंने छात्राओं से यह भी आग्रह किया कि वे आज प्राप्त की गई महत्वपूर्ण जानकारी को अन्य लाभार्थियों के साथ अवश्य साझा करें, क्योंकि यह जागरूकता ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकती है। क्लब के सचिव लायन राकेश मिश्रा ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे सामाजिक सरोकारों के प्रति सदैव तत्पर रहते हैं, और उनके संयोजन व समर्पण से ही कार्यक्रम की रूपरेखा को प्रभावी ढंग से अमलीजामा पहनाया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। लायंस क्लब ऑफ छपरा का यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य संवाद और किशोरियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

## जिला शतरंज प्रतियोगिता 24-25 मई को




प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में 32वीं जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 24-25 मई को सेंट्रल पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा ।इस प्रतियोगिता में सारण जिले का किसी उम्र का कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकता है ।इस प्रतियोगिता में 7 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी तथा दिव्यांग खिलाड़ियों का कोई प्रवेश शुल्क नहीं होगा । प्रतियोगिता के प्रथम 10 विजेताओं के साथ कुल 20 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा । संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित प्रथम चार खिलाड़ी, 1 जून से 5 जून तक शेखपुरा में आयोजित बिहार राज्य शतरंज प्रतियोगिता में सारण का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ के सचिव अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एक आयोजन समिति बनायी गई है जिसमें डॉ मनोज कुमार वर्मा संकल्प को आयोजन अध्यक्ष, अरविंद कुमार सिंह को आयोजन सचिव एवं यशपाल कुमार सिंह को आयोजन कोषाध्यक्ष, संजय कुमार को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है ।सुशील कुमार वर्मा, डॉ विकास कुमार सिंह, विक्की आनन्द एवं श्वेतांक राय पप्पू प्रतियोगिता निदेशक होंगे ।राष्ट्रीय निर्णायक कुमार शुभम प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक होंगे जबकि उपेंद्र कुमार सिन्हा, सनी कुमार सिंह, धनंजय कुमार, रणधीर कुमार सिंह,राजशेखर, रवि कुमार, सागर कुमार एवं आदित्य नंदन प्रतियोगिता के निर्णायक होंगे ।

## संक्षिप्त खबरें

### कटरा प्रखंड के राजस्व कर्मचारी निलंबित

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने कटरा अंचल के बर्री पंचायत के राजस्व कर्मचारी रंजीत कुमार को परिमार्जन के लिए अवैध राशि की मांग किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अंचल अधिकारी कटरा को आदेश दिया गया है कि राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध आरोप पत्र प्रपत्र 'क' गठित कर भूमि सुधार उपसमाहर्ता पूर्वी के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर भेजना सुनिश्चित करें ताकि उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। बताते चलें कि कटरा अंचल के राजस्व कर्मचारी का एक ऑडियो क्लिप वायरल पाये जाने पर इसकी जांच अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी द्वारा कराया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने जांचोपरांत प्रतिवेदित किया कि भूमि के परिमार्जन हेतु 18 अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन के निष्पादन के लिए आवेदक से अवैध राशि की मांग की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने त्वरित रूप से कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है।जिलाधिकारी ने कहा है कि सरकारी कामकाज पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जवाबदेही से करना है। सरकारी कार्य में अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनियमितता करनेवालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मधुबनी में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 68 लीटर शराब बरामद

मधुबनी नगर थाना पुलिस ने चावच्चा चौक के पास आज सुबह गश्त के दौरान शराब तस्करी का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक कार से 68 लीटर शराब बरामद कीया है। इसमें 24 लीटर विदेशी शराब और 44 लीटर बीयर शामिल है। जब्त शराब की कीमत लाखों में बताई जा रहा है।पुलिस ने कार में सवार एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान गदियानी निवासी सोनू राम के रूप में हुआ है। दूसरा तस्कर मौके से फरार हो गया। पूछताछ में सोनू ने बताया कि वह शराब की खेप गदियानी निवासी राजा साह को पहुंचाने जा रहा था।नगर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि राजा साह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लीया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस फरार तस्कर और अन्य शराब कारोबारियों की पहचान कर रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब कारोबार में शामिल किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा। शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है। पुलिस ने शराब और कार को जब्त कर लिया है। वही सोनू राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत 49 योजनाओं का किया गया शिलान्यास

दरभंगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत कुल 1002 करोड़ रुपये की लागत से 1327 योजनाओं का शिलान्यास एवं पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजनान्तर्गत ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन का आईसीसीसी से एकीकरण एवं स्वचालन योजना का उद्घाटन किया गया। इसी कड़ी में बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित दरभंगा जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत 24.77 करोड़ रुपए की लागत से 49 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, महापौर श्रीमती अंजुम आरा, उप महापौर नाजिया हसन, जिलाधिकारी राजीव रौशन,सहायक समाहर्ता के परीक्षित, उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद एवं अन्य संबंधित प्राधिकारी गण उपस्थित थे।

# विकासात्मक योजनाओं एवं राजस्व कार्यों को सहमत पूरा करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। सरकार की विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं तथा राजस्व संबंधी कार्यों को पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जवाबदेही से ससमय पूरा करें। सरकारी कार्य में कोताही, लापरवाही एवं अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके विपरीत आचरण करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ये बातें जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने जिला समन्वय समिति एवं राजस्व संबंधी कार्यों की समाहरणालय में अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में कही। बैठक में जिलाधिकारी ने सोलर लाइट के अधिष्ठापन की जांच प्रखंड स्तर के कर्मियों से कराने तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस आशय का प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सोलर लाइट कार्यरत अवस्था में रहे तथा इसकी लगातार मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें ताकि जनता को सोलर लाइट का लगातार लाभ मिलता रहे। जिलाधिकारी ने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल मुजफ्फरपुर एवं मोतीपुर को छूटे हुए टोलों के सभी घरों में जल्द पेय जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही नल जल से आच्छादित 5032 आंगनबाड़ी केन्द्रों की जांच कर सभी केंद्रों पर जलापूर्ति की सुचारु व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि मनरेगा के द्वारा 213 आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों का निर्माण होना है जिसमें 61 भवनों का निर्माण पूरा कर आईसीडीएस को हस्तगत करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने शेष भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के सबसे गरीब तबका के लिए आयोजित कार्यक्रम में कोई भी परिवार सरकारी लाभ से वंचित नहीं रहे इसका पूरा ध्यान रखने का सख्त निर्देश डीडब्ल्यूओ एवं बीडीओ को दिया।

उन्होंने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि शिविर में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी उपस्थित रहेंगे तथा शिविर में लाभुकों को स्वीकृति पत्र हस्तगत कराना तथा आवेदन पत्र का शीघ्र निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र के दो शिविरों का स्वयं निरीक्षण करेंगे। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ,मीनापुर से स्पष्टीकरण करते हुए वेतन स्थगित किया गया है। इसके अतिरिक्त कटरा एवं औराई के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से स्पष्टीकरण किया गया है। नल जल योजना के तहत अनुरक्षक का भुगतान लंबित रखने के कारण पारु, मरवन, मोतीपुर और गायघाट के प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण किया गया है। म्यूटेशन की समीक्षा करते हुए पाया गया कि जिला स्तर पर 93.08 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी सीओ, आरओ एवं राजस्व कर्मचारी को म्यूटेशन के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी से त्वरित कार्रवाई कर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत समानता की ओर अग्रसर : हुकुमदेव नारायण यादव




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा की पहली कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण चौधरी मन्ना के अध्यक्षता में आहूत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में कार्यकर्ता दरबार एवं पशु वध अधिनियम संबंधित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। शहर और इसके आसपास का दर्जनों सार्वजनिक स्थानों पर मुख्य सड़क के किनारे ,धार्मिक व शैक्षणिक स्थानों के इर्द-गिर्द खुले आम पशुवध किया जा रहा है। भाजपा जिला कार्यसमिति यह प्रस्ताव पारित की है कि बिना लाइसेंस प्राप्त कोई भी व्यक्ति या संस्था यदि इस प्रकार मांस बिक्री करता है तो जिला प्रशासन अभिलंब कठोर कानूनी कार्रवाई करें। सड़क के किनारे खुले में मांस बिक्री करने वाले पर अभिलंब कार्रवाई करें। किसी मंदिर अथवा धार्मिक स्थल के सामने मांस बिक्री पर रोक लगे। इसके साथ ही कार्यकर्ता दरबार संबंधी प्रस्ताव में जिला भाजपा की ओर से यह कहा गया कि जिले में एक दिन कार्यकर्ता दरबार का आयोजन होना चाहिए ताकि कार्यकर्ता को भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़े। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं सेक्टर प्रभारी राणा रणधीर सिंह ने संगठनात्मक विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा की सभी सभी कार्यकर्ता अपने-अपने गांव में संगठण को मजबूत करने का काम करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव जीत सकें। कार्यमिति की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म भूषण हुकुमदेव नारायण यादव ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी समग्र समाज की पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं को आह्वान किया कि आप गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों की चर्चा करें और नए लोगों खासकर नौजवान को संगठन से जोड़ने का काम करें। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया गया। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी,नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार, मधुबनी के सांसद डॉ अशोक यादव, दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर,राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, पिछड़ा एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि साहनी ने सम्बोधित किया।बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक एवं धन्यवाद ज्ञापन हायाघाट के विधायक रामचंद्र प्रसाद ने किया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी, हायाघाट के विधायक डॉ रामचंद्र प्रसाद ,केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा ,पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, पूर्व विधान पार्षद अर्जुन सहनी, पूर्व जिला अध्यक्ष जीवछ साहनी, डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू, डॉ प्रेम मोहन मिश्रा ,रंगनाथ ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निर्भय


## मिथिला के पाग का अपमान करना कांग्रेस की सोची समझी रणनीति : सांसद




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा । कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेताओं के द्वारा मिथिला की संस्कृति, मिथिला की विरासत तथा गरिमा को लगातार ठेस पहुंचाया जा रहा है । कांग्रेस के सांसद मुहम्मद जाबेद के द्वारा अपने सर से पाग को उतारकर नीचे करना इसका ज्वलंत उदाहरण है। दरभंगा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने कांग्रेस सांसद के इस बर्ताव को साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों का अपमान बताते हुए कहा कि अपने माथे पर पाग पहनने के बाद उसे उतारकर नीचे फेकना कहीं से भी उचित नहीं है क्योंकि पाग न केवल मिथिला की पहचान है बल्कि कविकोकिल विद्यापति बाबा नागार्जुन जैसे मिथिला विभूतियों की विरासत की एक कड़ी है जिसे आगे बढ़ाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी तथा इसके नेताओं की सोच को कुंठित मानसिकता का परिचायक बताते हुए कहा कि जिस पाग और मिथिला पेटिंग की चर्चा सम्मान के साथ देश के राष्ट्रपति तथा पीएम जैसे गणमान्यों के द्वारा गर्व से किया जाता है वैसे सम्मान के प्रतीक पाग को माथे पर पहनने के बाद उतारकर नीचे करना कही से भी उचित नहीं है। मिथिला क्षेत्र के लिए पाग की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि धार्मिक साधना से लेकर सामाजिक आयोजनों में लोग जिस पाग को आस्था के साथ अपने मस्तक पर धारण किया करते हैं उस पाग का इस तरह से अपमान निश्चित रूप से दुखद है।

## सात सूत्री मांग को लेकर आशा कार्यकताओं का धरना




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के समाहरणालय परिसर में मंगलवार को आशा कार्यकताओं ने अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओ के वेतन में बढ़ोतरी और बकाया मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग थी। आशा कार्यकताओं का कहना है कि वर्तमान में उन्हें मात्र 2500 रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जो बढ़ती महंगाई और उनके कार्यभार के अनुपात में बेहद कम है।धरने का नेतृत्व कर रही जिला आशा संघ अध्यक्ष ने प्रेस से बात करते हुए बताया कि पहले आशा कार्यकताओं को 1000 रुपये मासिक मानदेय मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 2500 रुपये किया गया है। लेकिन यह राशि भी अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार को अविलंब 10,000 रुपये मासिक वेतन देने का आदेश जारी करना चाहिए, ताकि आशा कार्यकर्ता सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें।इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे आशा कार्यकताओं को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई कार्यकताओं को भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और उनके बच्चों को स्कूलों से फीस न जमा होने के कारण निकाला जा रहा है। धरने में शामिल कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र स्वीकार नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को विवश होंगी। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की कि वह आशा कार्यकताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी सात सूत्री मांगों पर त्वरित निर्णय ले, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाली इस महत्वपूर्ण कड़ी को मजबूती मिल सके।धरने में सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं और उन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

## एंपावरमेंट आफ लर्नर्स इन द लाइट ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम पर हुआ सेमिनार का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा बीएनएमयू के विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र विभाग में एंपावरमेंट आफ लर्नर्स इन द लाइट ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. नरेश कुमार ने किया। सेमिनार की अध्यक्षता शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. चंद्र प्रकाश सिंह ने की। कार्यक्रम समन्वय सह विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार ने सेमिनार के विषय प्रकरण से परिचित कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विकसित करना भारतीय शिक्षा पद्धति के लिए एक युगांतरकारी कदम है। जिसने आज हमें भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृति, सभ्यता और नैतिकता के विभिन्न आयामों से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। आज की नवीन भारतीय शिक्षा संरचना और भारतीयता से जुड़े हुए विषयों के समावेशन ने हमारे अंदर आत्मविश्वास, आत्म गौरव और देशभक्ति का भाव बढ़ने का कार्य किया है। विभाग की डॉ. अंजू प्रभा, डॉ. रूपा कुमारी सहित अन्य ने




अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध और प्रभावशाली है। यदि हम प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति पर प्रकाश डालें तो पाते हैं कि प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था, ज्ञान आधारित होने के साथ-साथ कौशल आधारित भी रही, जो हमें जीवन उपयोगी ज्ञान प्रदान करती थी। परंतु मध्यकालीन शिक्षा नीतियों ने हमें थोड़ा सा भ्रमित कर दिया। इसके बाद हमारी शिक्षा व्यवस्था में कुछ कुरीतियां विकसित हो गई। परंतु भारत सरकार के सार्थक प्रयास से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अस्तित्व में आने से आज हम भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने में सफल हो रहे हैं। प्रो. चंद्र प्रकाश सिंह मानव जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व को बताया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में आध्यात्मिक मूल्य, दर्शन पर प्रकाश डाला। डॉ. अनिल कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा में वैदिक मूल्य एवं प्राचीन ज्ञान की महत्व पर प्रकाश डाला। प्रिंस फिरोज अहमद ने भारतीय ज्ञान परंपरा में चरित्र निर्माण पर बल दिया तथा शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण की बात कही। डॉ. राम सिंह यादव ने भारतीय ज्ञान परंपरा में वैदिक ज्ञान का महत्व कर्मवाद की प्रधानता तथा सक्षम एवं समग्र व्यक्तित्व निर्माण करते हुए शिक्षा, संस्कृति एवं योग दर्शन की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. माधुरी कुमारी ने अध्यापक शिक्षा की ऐतिहासिक परिदृश्य पर चर्चा किया। उन्होंने प्राचीन कालीन शिक्षण प्रशिक्षण प्रक्रिया, बौद्ध कालीन, मध्यकालीन, ब्रिटिश कालीन अध्यापक शिक्षा प्रशिक्षण, आधुनिक भारत में शिक्षा प्रशिक्षण पर बल देते हुए सीखने सिखाने की प्रक्रिया पर भी बल दिया, जो मनुष्य को एक सार्थक मानव बनता है। डॉ. शैलेश यादव ने भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान विज्ञान एवं दर्शन पर प्रकाश देते हुए वेद से लेकर नास्तिक, आस्तिक दर्शन को बताते हुए सर्वांगीण विकास की बातें की।


## युवक की निर्मम हत्या कर शव झाड़ी में फेंका, अभियुक्त की पहचान कर छापेमारी में जुटी पुलिस

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



नगर थाना क्षेत्र के अनुरूप टॉकीज के पास मंगलवार सुबह एक खाली पड़ी जमीन में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव झाड़ियों और कचरे के बीच पड़ा मिला। मृतक की पहचान राजनारायण शर्मा उर्फ चिना शर्मा के पुत्र महेश शर्मा (उम्र लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है। महेश कभी-कभी ई-रिक्शा चलाता था और होटल आदि में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि महेश का बीते सोमवार की किसी के साथ झगड़ा हुआ था और उसी ने हसुआ से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी व साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी हुई थी। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे चोट के निशान थे। घटनास्थल से करीब 20 मीटर की दूरी पर एक मकान की पिछली दीवार पर खून के छींटे पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वहीं पर महेश की हत्या की गई और फिर शव को घसीटकर झाड़ियों में फेंक दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना कपड़ा, हत्या में प्रयुक्त हसुआ और अन्य अहम साक्ष्य बरामद किए हैं। घटनास्थल को सील कर एफएसएल टीम से जांच कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक के माता-पिता और दो भाइयों की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक छोटा बेटा छोड़ गया है। उसका शव घर से महज 200 मीटर की दूरी पर मिला। घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंची एफएसएल टीम ने आसपास खून के धब्बे पाए। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह बात सामने आई कि सोमवार रात विवाद के क्रम में एक अन्य व्यक्ति द्वारा हसुआ से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई और शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की गई। मृतक के चाचा भाग्यनारायण शर्मा ने घटना की निष्पक्ष और गहराई से जांच की मांग की है। वहीं, स्थानीय लोगों के अनुसार महेश शांत स्वभाव का व्यक्ति था और उसकी किसी से कोई सीधी दुश्मनी नहीं थी। घटना से आक्रोशित कुछ महिलाओं ने मृतक की पत्नी ज्योति देवी के साथ हाथापाई का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति संभालते हुए उन्हें पूछताछ के लिए थाने ले जाया। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं, इस संबंध में सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस घटना में मृतक की पत्नी की कोई संलिप्तता सामने नहीं आयी है। पुलिस जांच में घटना कारित करने वाले अभियुक्त की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी में जुटी हुई है।

## हॉस्पिटल मैनेजर को 4000 रुपए घूस लेते हुए निगरानी विभाग की टीम ने पकड़ा



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विजिलेंस की टीम ने सोमवार की देर शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल के मैनेजर डॉ विश्वजीत रामानंद को चार हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनके ऊपर आरोप है कि शव वाहन चालक से उसकी सैलरी रिलीज करने की एवज में 1500 रुपए महीना ले रहे थे। इस संबंध में पीड़ित शव वाहन चालक जयराम सिंह ने बताया कि उन्हें काम करने पर 301 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मिलता है। वह हर महीने में सैलरी रिलीज करने के बदले 1500 रुपए घूस लेते थे। चार महीने का बकाया सैलरी निकालने के एवज में आरोपी मैनेजर ने उनसे छह हजार रुपए के डिमांड की थी। उन्हें 2000 रुपए पहले दिया गया था। इसकी शिकायत उन्होंने निगरानी विभाग से की थी। निगरानी विभाग के डीएसपी व एसआई की टीम ने उन्हें चार हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी हॉस्पिटल मैनेजर को निगरानी विभाग की टीम सर्किट हाउस ले गई और जहां से पूछताछ के बाद उसे अपने साथ ले गई। वहीं, इस संबंध में सदर अस्पताल के डीएस डॉ गिरीश कुमार ने बताया कि उन्हें इस संबंध में सूचना मिली है और वह जानकारी लेने का प्रयास कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने की बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं सभी अंचलाधिकारी के साथ बाढ पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपदा प्रबंधन विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश दिया।डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के तटबंधों की सुरक्षा एवं सुदृढ़ीकरण हेतु तटबंधों का निरीक्षण जल संसाधन विभाग के अभियंताओं के साथ करने तथा अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। इस दौरान शरण स्थली, सामुदायिक किचेन के संचालन की सभी व्यवस्था, सरकारी एवं निजी नाव की भौतिक स्थिति तथा निबंधन जांच करने, वर्षा मापक यंत्र की क्रियाशीलता की भी जांच करने का निर्देश दिया। बाढ़ राहत सामग्री का दर निर्धारण करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने गोताखोर और ,शरण स्थली की सूची तैयार कर भेजने को कहा।जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी तटबंधों का निरीक्षण करने तथा अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी तथा प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी को भी क्षेत्र भ्रमण कर उक्त आशय से संबंधित विषयों की जांच कर समुचित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में हेल्थ कैंप के संचालन, आवश्यक दवा की उपलब्धता आदि की व्यवस्था करने को कहा। जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशु चारा, पशु दवा आदि की उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया । समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के दोनों कार्यपालक अभियंता को पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था का आकलन करने तथा लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को अकार्यरत नलकूप को ठीक करने का निर्देश दिया गया।

## मधुबनी में 35 वर्षीय महिला का शव घर में मिला,पति मजदूरी के लिए बाहर, तीन बच्चों की थी मां, जांच जारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के बासोपट्टी थाना क्षेत्र के चानन गांव में आज सुबह एक महिला का शव उसके घर से मिला है। मृतका की पहचान संदीप शर्मा की पत्नी रिंकू देवी 35 के रूप में हुई है। महिला का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई स्थानीय लोगो की सूचना पर बासोपट्टी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंचा। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया है।मृतका के पति संदीप शर्मा मजदूरी के लिए बाहर रहते हैं। दंपति के तीन बच्चे है, जिनमें से एक होस्टल में रहकर पढ़ाई करता है। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।ग्रामीणों में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही हैं। कुछ लोग इसे आत्महत्या बता रहे है, तो कुछ साजिश की आशंका जता रहे है। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पारिवारिक तनाव भी एक संभावित कारण माना जा रहा है। वहीं, मृतका के परिजन मामले को लेकर कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणो का पता चल सकेगा पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुट चुके है।

## प्राकृतिक सौंदर्य ,चंचलता और नवीनता के कवि हैं पंत : चंद्रभूषण सिंह चंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सुमित्रानंद पंत प्रकृति की कोमल भावनाओं व अनुभूतियों के कवि हैं। इनकी कविताओं में सौंदर्य है,मादकता है,आह्लाद है,नवीनता है व चंचलता की गहराई है। साहित्य भवन कांटी में मंगलवार को आयोजित सुमित्रानंदन पंत की जयंती समारोह में अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने यह बातें कही। नूतन साहित्यकार परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में चंद्र ने कहा कि हिंदी साहित्य के आधुनिक युग के ऐसे बहुमुखी प्रतिभा वाले कवि हैं, जिन पर आधुनिक युग की अनेक विचारधाराओं का प्रभाव हैं। पंत की रचनाओं में नारी चेतना,गरीबी अभाव व ग्रामीण जीवन की विसंगतियों का मार्मिक चित्रण देखने को मिलता हैं। उनका लेखन इतना सशक्त व प्रभावशाली था,जिसकी वजह से वर्ष 1918 में महज 18 वर्ष की आयु में ही उन्होंने हिंदी साहित्य में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना ली थी। चंद्र ने कहा कि पंत ने अपनी कविताओं में भाषा व संवेदना के सूक्ष्म संबंधों को बखूबी दिखाया है। पंत को शब्द-शिल्पी कवि भी कहा जाता है। परशुराम सिंह ने कहा कि सुमित्रानंदन पंत के काव्य में प्रकृति का प्रमुख स्थान है। वे प्रकृति को एक सजीव और संवेदनशील पात्र के रूप में प्रस्तुत करते हैं। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि पंत अपने काव्य में अपनी भावनाओं और अनुभवों को व्यक्त करते हैं। जयंती समारोह में स्वराजलाल ठाकुर,पिनाकी झा,रामेश्वर महतो,नंदकिशोर ठाकुर,महेश कुमार,मनोज मिश्र प्रमुख थे।

## तारापुर विधानसभा के सभी प्रखंडों में खराब हुए हैंड पम्पों के मरम्मतिकरण करने के लिए सांसद ने लिखा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जमुई लोकसभा के सांसद अरुण भारती ने बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंडों में खराब पड़े हुए हैंडपंपों के मरम्मतिकरण अविलंब कराया जाए उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जिला मुंगेर के तारापुर विधानसभा के अंतर्गत प्रखंड तारापुर संग्रामपुर असरगंज हवेली खड़गपुर एवं टेटिया बंबर के आने वाले क्षेत्रों में खराब हुए हैंड पंपों के मरम्तिकरण करवाने के लिए आग्रह किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पीने के पानी के लिए हैंड पंपों के अतिरिक्त अन्य कोई सुविधा प्राप्त नहीं है वर्तमान में उपरोक्त सभी प्रखंडों के क्षेत्र के हैंड पंप काफी जर्जर अवस्था में है जिसके कारण ग्रामीणों को पानी की कीमत की वजह से पानी के लिए तरसना पड रहा है ग्रामीणों द्वारा एवं मुंगेर लोकजनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान द्वारा जिला लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को कई बार चापनल ठीक करने के लिए कहा गया है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अधिकारियों ने ग्रामीण को बताया कि चापाकल का पुराने पाइप सब जर्जर हो गए हैं जिससे ठीक करने के लिए पैसा नहीं है। जमुई सांसद ने कहा है कि जनहित में जिला मुंगेर के तारापुर विधानसभा के सभी प्रखंडों के ग्रामीणों के पानी की घर समस्या को देखते हुए इन सभी क्षेत्र के खराब पड़े हुए हैंड पंपों के बारामती कारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देने का को कहेंगे और कार्यवाही से मुझे भी अवगत कराएंगे संसद में अपने पत्र को जिला पदाधिकारी मुंगेर अवनीश कुमार सिंह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए भी प्रेषित किए हैं गौरतलाप है कि जमुई संसदीय क्षेत्र में पडने वाले तारापुर विधानसभा क्षेत्र में इन दोनों शुद्ध पानी की घोर किलत देखने को मिल रहा है जल नल योजना भी इस क्षेत्र में टायं टायं फीस साबित हुआ है।

## कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के अवसर पर लनामि विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो.उमेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संगोष्ठी आयोजित हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में विभागाध्यक्ष प्रो कुमार ने कहा कि सुमित्रानंदन पंत अल्मोड़ा में जन्में और उनका बचपन व शिक्षा दीक्षा प्रकृति की गोद में ही हुई ।इसलिए उनके कवि मन पर प्रकृति का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने मानवीय संवेदनाओं की काव्यात्मक अभिव्यक्ति के लिए भी प्रकृति का सहारा लिया है। दैनिक जीवन का जो दुःखझसुख, राग विराग है; उन सबकी अभिव्यक्ति के लिए उनके पास प्रकृति से जुड़ी उपमाएं हैं। उनके यहां प्रकृति का यह मानवीकरण कहीं से भी आरोपित प्रतीत नहीं होता, यह पंत जी के काव्य की बहुत बड़ी शक्ति है। डॉ सुरेन्द्र प्रसाद सुमन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पंत प्रकृति के सुकुमार कवि से आगे बढ़ कर यथार्थ और स्वप्न के बड़े कवि हैं। जीवन के राग विराग, प्राकृतिक सौन्दर्य से लेकर ग्रामीण जीवन का यथार्थ पंत के यहां मिलेगा। पंत की कविता में पलायन नहीं है। विभागीय शिक्षिका डॉ.मंजरी खरे ने कहा कि पंत के गद्य पर भी बात होनी चाहिए।



## रिटायरमेंट की चर्चाओं के बीच अजित कुमार ने की अगली फिल्म की घोषणा

तमिल सुपरस्टार अजित कुमार फिल्मों के साथ-साथ रेसिंग में भी काफी सक्रिय रहते हैं। कार रेसिंग के प्रति उनकी बढ़ती सक्रियता के कारण बीच में उनको लेकर ऐसी खबरें भी आईं कि वो फिल्मों से संन्यास लेने का सोच रहे हैं। हालांकि, इन चर्चाओं के बीच अब अजित कुमार ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। जिसके बाद उनके रिटायरमेंट की खबरें सिर्फ अफवाह साबित हुई हैं।

### अगले साल नई फिल्म लाने की तैयारी में अजित कुमार

द इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत अभिनेता ने बताया कि किस तरह से वो अपने दो पैशन सिनेमा और मोटरस्पोर्ट के बीच संतुलन बनाने की तैयारी कर रहे हैं। अभिनेता ने कहा, यूरोप में हमारा रेसिंग सीजन मार्च में शुरू होता है और अक्टूबर में समाप्त होता है। जनवरी में दुबई में होने वाली एक बार की रेस को छोड़कर। अगर मैं नवंबर से फरवरी के बीच एक फिल्म बना पाता हूं, तो मैं हर साल एक फिल्म रिलीज करूंगा। साथ ही अपने रेसिंग प्रोग्राम पर भी ध्यान केंद्रित करूंगा। मैं इस साल नवंबर में एक नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करूंगा, जो उम्मीद है कि अप्रैल या मई 2026 के आसपास रिलीज होगी। हालांकि अभी तक अजित कुमार की अगली फिल्म के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### अपने साथ काम करने वाले निर्माता-निर्देशकों का जताया आभार

इस दौरान अजित कुमार ने अपने इतने लंबे करियर में अपनी सफलता के लिए अपने साथ काम करने वाले निर्माताओं-निर्देशकों को श्रेय दिया। एक्टर ने कहा, मैं ऐसे फिल्म निर्माताओं-निर्देशकों के साथ काम करने पर खुद को भाग्यशाली मानता हूं जो मेरे लक्ष्यों को समझते हैं और उनका समर्थन करते हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर सफल हुई 'गुड बैड अग्ली'

अजित कुमार आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'गुड बैड अग्ली' में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। आदिक रविचंद्रन द्वारा निर्देशित फिल्म में तृष्णा कृष्णन, अर्जुन दास, सुनील, प्रभु, प्रसन्ना, कार्तिकेय देव और प्रिया प्रकाश वारियर प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।



# मौनी ने किया है जवानी तो इश्क होना है में अपने किरदार का खुलासा

**डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में मौनी रॉय नजर आएंगी। इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े और जिमी शेरगिल जैसे सितारे हैं। आज मौनी ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर डेविड धवन, वरुण धवन और पूरी टीम को शुक्रिया अदा किया है।**

### डेविड के साथ काम करने का सपना हुआ पूरा

मौनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, यदि आपमें से कोई जादू और सपने के सच होने के सिद्धांत को समझता है तो यह वही है। साथ काम करना। डेविड सर के साथ काम करना एक सपना था। उनकी फिल्में मेरे लिए फ्रेंड्स शो हैं। और वह और रोहित सर इस फिल्म के स्तंभ हैं। अब तक का सबसे अच्छा अनुभव।

मौनी ने आगे वरुण धवन को भी शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने लिखा है, वरुण, मैंने जिनके भी साथ काम किया है, उनमें आप सबसे ईमानदार, मेहनती, प्यारे और हैंडसम सुपरस्टार हैं। आप जो व्यक्ति हैं, वह आपके अभिनेता/डांसर होने पर भी भारी पड़ता है और मेरे लिए यह अच्छी बात है।

### पूजा हेगड़े ने की मौनी की मदद

मौनी ने पूजा हेगड़े के लिए लिखा है, पूजा, आप अंदर से बाहर तक खूबसूरत हैं और मैं कल उस सीन के लिए आपका सपोर्ट कभी नहीं भूलूंगी, जिसके लिए मैं तैयार नहीं थी। आपको चमत्कार करते देखना चाहती हूं। आप इसकी हकदार हैं। मौनी ने आगे लिखा, फरहाद सर इस फिल्म में सबसे दयालु होने और मेरी सबसे अधिक मदद करने के लिए धन्यवाद, आप सर्वश्रेष्ठ हैं।

### क्या है मौनी के किरदार का नाम?

मृणाल ठाकुर के लिए मौनी ने लिखा है, मेरी प्यारी मृणाल उफ्फ। आप इतनी शानदार हैं कि मेरे पास शब्द नहीं हैं। जब मैं आपसे पहली बार मिली थी तभी मुझे पता था कि आप सबसे बड़ी, सबसे अच्छी फिल्मों के लिए बनी हैं। आप इसी तररह लगी रहिए, कड़ी मेहनत करते रहिए और आकाश ही तुम्हारी सीमा है। जिमी शेरगिल के लिए मौनी ने लिखा है, वास्तव में वे एकमात्र गैंगस्टर है! सर, हम सभी आपसे प्यार करते हैं और सबसे ज्यादा। ठीक है... अब मेरा काम पूरा हो गया। मौनी ने आगे लिखाहै, वैसे इस फिल्म में मेरा नाम शम्मो है, मुझे लगता है आप सभी को वह पसंद आएगी।

## 'महारानी' सीरीज में छा गईं हुमा, अब फीस में फर्क को लेकर एक्ट्रेस ने उठाए जरूरी सवाल



एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अब तक 'महारानी' नाम की वेब सीरीज के तीन सीजन कर चुकी हैं, इसमें वह लीड रोल में नजर आती हैं। इस सीरीज में उनके काम को काफी सराहा गया। 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज में भी शामिल है। इतना सब होने के बावजूद भी हुमा कुरैशी को पुरुष कलाकारों के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है। इस अंतर पर वह सवाल उठाती हैं।

### हुमा ने फीस के अंतर पर बात की

हाल ही हुमा कुरैशी ने बातचीत में बताया कि सीरीज 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने के बावजूद भी उन्हें पुरुष अभिनेताओं के मुकाबले कम फीस मिलती है। फिल्मों में तो ऐसा होता है, ओटीटी पर भी यही सीन है। वह बताती हैं कि ओटीटी पर काम करने वाले नामी एक्टर्स को लगभग 45 करोड़ रुपये फीस मिलती है लेकिन एक्ट्रेसेस को इतनी फीस नहीं मिलती है। इस फीस के अंतर पर हुमा सवाल करती हैं।

### बदलाव की है उम्मीद

हुमा कुरैशी आगे कहती हैं, 'यह सब ऐसा ही।' लेकिन हुमा कुरैशी को उम्मीद है कि बातचीत करके, चर्चा करके इस स्थिति में बदलाव आएगा। हुमा कुरैशी की सीरीज 'महारानी' का चौथा सीजन भी जल्द आएगा, इसमें भी वह रानी भारती का रोल निभाएंगी।

### ओटीटी को सराहा भी

ओटीटी में फीस के अंतर की बात करने के अलावा हुमा कुरैशी ने इस प्लेटफॉर्म को सराहा भी है। हुमा का मानना है कि इस प्लेटफॉर्म ने जयदीप अहलावत, शेफाली शाह और उनके लिए नए दरवाजे खोले हैं। अब हुमा कुरैशी और ये एक्टर्स अच्छी कहानियों का हिस्सा बन रहे हैं।

## लस्ट स्टोरी 3 सीरीज में दिखाई देंगे राधिका और कोंकणा सेन

ल स्ट स्टोरी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक हैं। अब तक इसके 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का काफी प्यार मिला। लस्ट स्टोरी के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। खबर यह है कि लस्ट स्टोरी 3 के लिए राधिका आप्टे और कोंकणा सेन शर्मा ने पहली बार हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार... सीरीज के एक पार्ट में राधिका और कोंकणा नजर आएंगी। इस पार्ट का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करने वाले हैं। सीरीज की कहानी तैयार हो चुकी है और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसमें अभिषेक बनर्जी भी नजर आएंगे। बता दें कि राधिका पहले ही लस्ट स्टोरी के एक पार्ट में नजर आ चुकी हैं, वहीं लस्ट स्टोरी 2 के एक पार्ट का निर्देशन कोंकणा ने किया था। लस्ट स्टोरी को 15 जून 2018 को रिलीज किया गया था।







## शाहिद मोटिवेट तो करते ही हैं क्रिटिसाइज भी करते हैं

ईशान खट्टर ने अपने करियर की शुरुआत चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की, वह शाहिद कपूर की फिल्म 'वाह, लाइफ हो तो ऐसी (2005)' में नजर आए थे। फिर साल 2018 में हिंदी फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड में ईशान ने डेब्यू किया। इन दिनों वह अपनी एक फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर चर्चा में हैं। एक हालिया इंटरव्यू में ईशान खट्टर ने अपने करियर को लेकर बात की है, इस बातचीत में अपनी जिंदगी से जुड़े एक खास शख्स का जिक्र किया, जो उन्हें हमेशा सही सलाह देता है।

### कौन है वो खास शख्स

हाल ही में एनडीटीवी से की गई एक बातचीत में ईशान खट्टर बताते हैं कि भाई शाहिद कपूर से हमेशा सही सलाह मिली है। ईशान कहते हैं, ' भाई शाहिद का कहना है कि अपना सूरज खुद बनो, खुद अपनी एनर्जी का सोर्स बनो। किसी और की तरह चमकने की कोशिश मत करो। खुद पर भरोसा रखो।' यही सलाह ईशान को करियर में काम आ रही है।

### क्रिटिसाइज भी करते हैं शाहिद

आगे ईशान खट्टर बताते हैं कि भाई शाहिद कपूर मोटिवेट तो करते हैं कि वह उनके काम को क्रिटिसाइज भी करते हैं। शाहिद आसानी से तारीफ नहीं करते हैं। यही कारण है कि ईशान के लिए शाहिद कपूर की तारीफ बहुत मायने रखती है।

### कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंचेंगे ईशान

इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल चर्चा में हैं। ईशान भी इस इवेंट में पहुंचने वाले हैं। उनकी फिल्म 'होमबाउंड' का कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर होने वाला है। यह प्रीमियर 21 मई को होगा। फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया है।

### इस सीरीज में आए नजर

ईशान खट्टर के करियर फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वह वेब सीरीज 'रॉयल्स' में नजर आए थे। इसमें एक रॉयल फैमिली के मेंबर का रोल ईशान ने किया। इस सीरीज में ईशान के शर्टलेस सीन्स की काफी चर्चा रही है। इस वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर ईशान खट्टर के अपोजिट नजर आईं।



# एक्ट्रेस से निर्माता बनीं ये अभिनेत्रियां फिल्मों में दिखाया दमखम

**बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में कई अभिनेत्रियों ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता, बल्कि निर्माता बनकर भी इंडस्ट्री में नया मुकाम हासिल किया। आइए, ऐसी ही कुछ टैलेंटेड अभिनेत्रियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्रोडक्शन के क्षेत्र में कदम रखा।**

### नयनतारा

साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया। हाल ही में नयनतारा ने बतौर निर्माता फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी को लेकर एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, आओ प्यार में पड़ें, इस त्यौहार के मौसम में... प्यार के त्यौहार। इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन, एसजे सूर्या और कृति शेट्टी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण नयनतारा ने किया है।



### आलिया भट्ट

आलिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद आलिया ने कई सफल फिल्में दीं, जिनमें उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी कई फिल्में शामिल हैं। अभिनय के कुछ समय बाद आलिया ने फिल्म डार्लिंग्स के साथ बतौर निर्माता अपनी नई पारी की शुरूआत की। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन दोनों को खूब सराहा गया।



### करीना कपूर खान

करीना ने फिल्म रिफ्यूजी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद करीना ने क्रू, सिंघम अगेन, गोलमाल और भी कई बेहतरीन फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। एक्टिंग के साथ-साथ करीना ने फिल्म द बकिंघम मर्डर्स के साथ प्रोडक्शन में कदम रखा। इस थ्रिलर फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन की समझ को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### अनुष्का शर्मा

रब ने बना दी जोड़ी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनुष्का शर्मा ने बैंड बाजा बारात, पीके, संजू, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी कई सफल फिल्मों में अभिनय किया। इसके बाद अनुष्का ने बुलबुल जैसी शानदार फिल्म बनाकर प्रोडक्शन में अपनी खास जगह बनाई। हालांकि, यह फिल्म उतनी नहीं चली।



## लाल निशान पर खुला घरेलू शेयर बाजार

मुंबई, एजेंसी। इससे पहले बीते कारोबारी सत्र में लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बीएसई सेंसेक्स 1,200.18 अंक या 1.48 फीसदी उछलकर सात महीने के उच्चतम स्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ था।




## शेयर बाजार में नरमी के साथ क्लोजिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। शुक्रवार को सेंसेक्स 200.15 अंकों की गिरावट के साथ 82,330.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 42.30 अंकों की गिरावट के साथ 25,019.80 के स्तर पर समापन हुआ। आइए जानते हैं बाजार का हाल।

## सेंसेक्स 800 से अधिक अंक टूटा, निफ्टी 24,689 के स्तर पर

**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार, 20 मई को सेंसेक्स में 800 अंक से अधिक की गिरावट आई है, ये 81,215 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी भी 256 अंक लुढ़का है, ये 24,689 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार, 20 मई को सेंसेक्स में 800 अंक से अधिक की गिरावट आई है, ये 81,215 के



स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी भी 256 अंक लुढ़का है, ये 24,689 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी है। टाटा स्टील, इंफोसिस और टेक महिंद्रा 1त्र ऊपर हैं। पावर ग्रीड, और रिलायंस का शेयर 1 प्रतिशत गिरा है। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 200 अंक चढ़कर 37,700 पर और कोरिया का कोस्पी करीब 10 अंक ऊपर 2,610 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स करीब 300 अंक ऊपर है, 23,630 पर कारोबार कर रहा है। चीन का शंघाई कंपोजिट 13 अंक चढ़कर 3,380 पर है। 19 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 137 अंक चढ़कर 42,792 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट और फ्लैट 19,215 और 5,963 बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार, 19 मई को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 271 अंक नीचे 82,059 पर बंद हुआ। निफ्टी में 74 अंक की गिरावट रही, ये 24,945 पर बंद हुआ।

## भारत-यूएस ट्रेड डील को लेकर आया ये बड़ा अपडेट

### पीयूष गोयल की अमेरिकी मंत्री से मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वार्ता तेज हो गई है। इसी क्रम में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वॉशिंगटन में अपने अमेरिकी समकक्ष हावर्ड लुटनिक से मुलाकात की और समझौते के पहले चरण को शीघ्र अंतिम रूप देने पर चर्चा की।



गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण में तेजी लाने की दिशा में मंत्री हावर्ड लुटनिक के साथ सार्थक चर्चा हुई। यह उच्चस्तरीय बैठक 22 मई तक चलेगी, जिसमें दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था के तहत 'शीघ्र पारस्परिक लाभ' सुनिश्चित करने के प्रयासों पर विचार करेंगे। लक्ष्य है कि शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पहले चरण का समझौता पूरा कर लिया जाए। अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 26त्र अतिरिक्त शुल्क को अस्थायी रूप से 9 जुलाई तक निलंबित किया है। यह शुल्क इस्पात, एल्युमीनियम और ऑटो पार्ट्स जैसे उत्पादों पर लागू है। भारत और अमेरिका 90 दिनों की शुल्क विराम अवधि का लाभ उठाकर वार्ता को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

# चीन के फैसले से एशियाई शेयर चढ़े

## मूडीज के कदम से अमेरिका में चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जहां चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में कटौती की। वहीं अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटने से निवशकों में चिंता देखने को मिली।

चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में कटौती की, जिससे एशियाई शेयरों में उछाल आया। यह कदम चीन ने व्यापार युद्ध से बिगड़ी स्थिति से निपटने के लिए उठाया गया। चीन की कंटेम्परी एम्परेक्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (सीएटीएल), जो दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक बैटरी कंपनी है के शेयरों में तेजी आई। हांगकांग में कारोबार के दौरान सीएटीएल के शेयरों में 13 प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी ने इस साल दुनिया के सबसे बड़े आईपीओ में लगभग 4.6 अरब डॉलर जुटाए हैं। शंघाई के बाद छोटे शेयर बाजार शेन्जेन में सीएटीएल की शेयरों में दिन की शुरुआत में गिरावट के बाद 0.1 प्रतिशत की बढ़त हुई।

चीन के केंद्रीय बैंक ने सात महीनों में पहली बार प्रमुख ब्याज दरों में कटौती की है। इस कदम का निवेशकों ने स्वागत किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण निवेशक दबाव में है, चीन के इस फैसले से वह



थोड़ी राहत महसूस कर रहें है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने एक साल के ब्याज दर में कटौती की है। सभी नए रिफ्रेंस रेट के ब्याज और बकाया फ्लोटिंग ब्याज दरों को घटाकर 3.1 प्रतिशत से 3 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही पांच साल के ब्याज दरों को घटाकर 3.6 प्रतिशत से 3.5 प्रतिशत कर दिया गया है। चीन को चिंता है कि मांग में कमी होने के कारण मंहगाई के बजाए अपस्फीति की स्थिति पैदा हो सकती है। अर्थशास्त्री चीन से ऐसे ही कदम की उम्मीद कर रहे थे। सोमवार को जारी हुए डेटा के अनुसार ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था दबाव में है। साथ ही, खुदरा ब्रिकी और फैक्ट्री उत्पादन धीमा हो रहा है और संपत्ति निवेश में गिरावट जारी है। कैपिटल इकोनॉमिक्स की जिचुन हुआंग ने एक रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार की कटौती शायद इस साल की आखिरी कटौती नहीं होगी।

मंगलवार की सुबह हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.9 प्रतिशत बढ़कर 23,542.46 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.1 प्रतिशत का उछाल आया। टोक्यो में, निक्केई 225 0.5 प्रतिशत बढ़कर 37,685.09 पर पहुंच गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.6 प्रतिशत बढ़कर 8,343.30 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.1 प्रतिशत बढ़कर 2,606.58 पर पहुंच गया, जबकि ताइवान का ताइएक्स 0.4 प्रतिशत ऊपर रहा।

सोमवार को अमेरिकी शेयर, बॉन्ड और डॉलर के मूल्य में उतार-चढ़ाव दिखा। यह अस्थिरता मूडीस रेंटिंग्स की ओर से अमेरिका पर की गई टिप्पणी के कारण आई। मूडीज ने कहा है कि अमेरिकी सरकार अब शीर्ष-स्तरीय एएए रेटिंग की हकदार नहीं है।

# एपल ने फिर दिखाया भारत पर भरोसा

## झोंका अरबों का निवेश, ट्रंप की चेतावनी का नहीं हुआ असर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत में आईफोन उत्पादन पर आपत्ति जताने के बावजूद, एपल के सीईओ टिम कुक ने अपनी रणनीति में कोई बदलाव नहीं किया है। कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग साझेदार फॉक्सकॉन और होन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, जिसे फॉक्सकॉन के नाम से जाना जाता है) ने भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की घोषणा की है।

पिछले पांच दिनों में फॉक्सकॉन ने 1.48 अरब डॉलर (करीब 12,800 करोड़) का निवेश किया है, जबकि होन हाई ने भारत में .1.5 अरब डॉलर (12,500 करोड़ से अधिक) के निवेश की पुष्टि की है। दोनों कंपनियों ने





यह जानकारी अपनी स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी है।

फॉक्सकॉन ने यह निवेश अपनी सिंगापुर यूनिट के जरिए तमिलनाडु स्थित युजान टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में किया है। 14 मई से 19 मई के बीच किया गया यह निवेश एपल की भारत में आईफोन उत्पादन बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है।

दूसरी ओर, होन हाई ने अपने ताइवानी निवेशकों को सूचित किया है कि वह चीन से प्रोडक्शन शिफ्ट कर भारत में निर्माण बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। टिम कुक ने हाल में कहा कि जून तिमाही से अमेरिका में बिकने वाले अधिकांश आईफोन भारत में बने होंगे। चीन, जहां अब व्यापार और शुल्क को लेकर अनिश्चितता है, वहां अब मुख्य रूप से अन्य बाजारों के लिए निर्माण होगा। भारत में फॉक्सकॉन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन जैसे बड़े मैन्युफैक्चरिंग प्लेयर एपल के लिए काम कर रहे हैं। टाटा ग्रुप ने हाल ही में विस्ट्रॉन इंडिया का अधिग्रहण किया है और पेगाट्रॉन के भारतीय ऑपरेशंस को भी संभाल रहा है।

## म्यूचुअल फंड उद्योग ने छुआ नया शिखर, एयूएम 65.74 लाख करोड़ और एसआईपी निवेश में 45 प्रतिशत की छलांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2024-25 में म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम 23त्र बढ़कर 65.74 लाख करोड़ रुपये पहुंचा। मजबूत निवेश प्रवाह और बाजार वृद्धि के चलते यह रिकॉर्ड बना। एसआईपी निवेश में भी 45त्र उछाल आया, जिससे इसकी परिसंपत्तियां 13.35 लाख करोड़ और हिस्सेदारी 20.31त्र हो गई। म्यूचुअल फंड उद्योग की संपत्तियों (एयूएम) का आकार 2024-25 में सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 65.74 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। 2023-24 में एयूएम 53.40 लाख करोड़ था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, इक्विटी एवं डेट बाजारों में तेजी के बीच शुद्ध 8.15 लाख करोड़ के मजबूत प्रवाह और निवेश के बाजार मूल्य (एमटीएम) में वृद्धि से होने वाले लाभ के कारण एयूएम बढ़ा है।

संपत्ति आधार में तेज उछाल निवेशकों और म्यूचुअल फंड कंपनियों की बढ़ती संख्या में भी देखने को मिला है। इस अवधि में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या रिकॉर्ड 23.45 करोड़ पहुंच गई और निवेशक आधार भी करीब 5.67 करोड़ हो गया।

### हजारों खाताधारकों को तगड़ा झटका

# आरबीआई की सख्ती से बंद हुआ ये बैंक, ग्राहकों के पैसे फंसे

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के हजारों खाताधारकों के लिए सोमवार की शाम एक चौंकाने वाली खबर लेकर आई। भारतीय रिजर्व बैंक ने एचसीबीएल को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने यह सख्त कदम बैंक की खराब वित्तीय हालत और भविष्य की संभावनाओं के अभाव को देखते हुए उठाया है।

आरबीआई के मुताबिक, बैंक के पास न तो पर्याप्त पूंजी है और न ही मुनाफा कमाने की कोई ठोस संभावना। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत जरूरी शर्तों को पूरा करने में विफल रहने के कारण इस पर रोक लगाई गई है। रिजर्व बैंक ने साफ कहा है कि एचसीबीएल का संचालन आगे जारी रखना ग्राहकों और जमाकर्ताओं के हित में नहीं है।




लाइसेंस रद्द होने के साथ ही बैंक का सारा कामकाज ठप कर दिया गया है। अब ग्राहक न तो अपने खातों में पैसे जमा कर सकेंगे और न ही निकासी कर पाएंगे। हालांकि घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन के तहत 5 लाख रुपये तक की राशि बीमा कवर में सुरक्षित है।

बैंक के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 98.69त्र खाताधारक अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के योग्य हैं। 31 जनवरी 2025 तक छ्द्धष्टत्तष्ट पहले ही 21.24 करोड़ की बीमित राशि का भुगतान कर चुका है। आरबीआई ने उत्तर प्रदेश के को-ऑपरेटिव कमिश्नर और रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि बैंक को पूरी तरह बंद कर दिया जाए और एक लिक्विडेटर (परिसमापक) नियुक्त किया जाए, जो बैंक की संपत्तियों और दायित्वों को निपटाएगा। यह पहली बार नहीं है जब आरबीआई ने किसी सहकारी बैंक पर कार्रवाई की हो। अप्रैल 2025 में भी अहमदाबाद के कलर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक, औरंगाबाद के अजंता अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक और जालंधर के इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के लाइसेंस रद्द किए गए थे।

## शेयर बाजार में गिरावट के बीच छोटू शेयर ने मचाया धमाल, लगा अपर सर्किट

नई दिल्ली, एजेंसी। गिरते बाजार में जब बड़ी-बड़ी कंपनियों के शेयर फिसल रहे हैं, तब एक पेनी स्टॉक ने सभी को चौंका दिया है। कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर 5त्र के अपर सर्किट तक पहुंच गए। निवेशकों के चेहरे खिल उठे, क्योंकि यह उछाल एक अहम कारोबारी समझौते के बाद आया है, जिससे कंपनी को करोड़ों की आय होने की उम्मीद है। कंपनी का स्टॉक 6.60 रुपए पर खुला और कुछ ही समय में 5त्र के अपर सर्किट को छू गया। सोमवार को यह शेयर 6.33 रुपए पर बंद हुआ था। कैसर की सहायक कंपनी ज़िकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने वार्डविज़ार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी लिमिटेड के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर साइन किया है। वार्डविज़ार्ड भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनियों में से एक है। इस साझेदारी के तहत ज़िकॉन इंटरनेशनल वर्ष 2025-26 और 2026-27 में वार्डविज़ार्ड से कुल 7,500 इलेक्ट्रिक स्कूटर किराए पर लेगी।

## लियो ड्राईफ्रूट्स एंड स्पाइसेज़ ने जीता ईआईएच का ट्राइडेंट, ओबेरॉय और मुंबई फ्लाइट सर्विसेज कॉन्ट्रैक्ट!

**मुंबई, एजेंसी।** लियो ड्राइफ्रूट्स एंड स्पाइसेज ट्रेडिंग लिमिटेड जो प्रीमियम गुणवत्ता वाले मसाले, सूखे मेवे और ग्रॉसरी उत्पादों की सोर्सिंग, प्रोसेसिंग, ट्रेडिंग और मार्केटिंग में एक विश्वसनीय नाम है, ने लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए ईआईएच लिमिटेड के साथ एक अनुबंध हासिल किया है, जो भारत की प्रमुख लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी कंपनियों में से एक है। यह समझौता के तहत, लियो मुंबई में ट्राइडेंट होटल्स, ओबेरॉय होटल्स एंड रिजॉर्ट्स, और ओबेरॉय फ्लाइट सर्विसेज़ को अपनी विशिष्ट मसालों और सूखे मेवों की रेंज उपलब्ध कराएगा। यह अनुबंध लियो के प्रीमियम होटल सेगमेंट पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है और ताज होटल समूह से हाल ही में प्राप्त हुए उनके समझौतों पर आधारित है। जहाँ उत्पाद दरें निर्धारित हो चुकी हैं, वहीं आपूर्ति की मात्रा अनुबंध की अवधि के दौरान अलग-अलग क्रय आदेशों के माध्यम से तय की जाएगी। कंपनी अनुबंध की प्रभावी तिथि से पहले बारह महीनों में लगभग 3 करोड़ के कुल आदेशों की उम्मीद कर रही है। कौशिक शाह, लियो ड्राईफ्रूट्स एंड स्पाइसेज ट्रेडिंग लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ने कहा, हमें ईआईएच लिमिटेड द्वारा मुंबई के उनके ट्राइडेंट होटल्स, ओबेरॉय होटल्स एंड रिसॉर्ट्स और ओबेरॉय फ्लाइट सर्विसेज के लिए हमारे प्रीमियम मसाले और ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति करने के लिए चुना जाना सम्मान की बात है। यह अनुबंध लियो के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हमारे लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर ध्यान केंद्रित करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

## हिंदुजा परिवार ने लगातार चौथे वर्ष 2025 की यूके रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

**मुंबई, एजेंसी।** श्री गोपीचंद हिंदुजा, 110 वर्ष पुराने बहुराष्ट्रीय समूह हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन के नेतृत्व में हिंदुजा परिवार ने 35.3 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ लगातार चौथे वर्ष संडे टाइम्स रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले सबसे धनी व्यक्तियों और परिवारों की वार्षिक रैंकिंग है, जिसमें 2025 के संस्करण में 350 प्रविष्टियाँ शामिल हैं। वैश्विक चुनौतियों और नीतिगत बदलावों के बावजूद, हिंदुजा परिवार ने असाधारण व्यावसायिक दृढ़ता और वैश्विक नेतृत्व का प्रदर्शन जारी रखा है।

# इंडसइंड बैंक के 6 अधिकारियों के खिलाफ जांच

## कमियों को जानने के बाद भी स्टॉक बेचने का आरोप



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इंडसइंड बैंक के छह अधिकारियों की ओर से किए गए ट्रेड के समय की जांच कर रहा है, ताकि यह पता लग सके कि क्या इस बिक्री के जरिये बैंक के नियमों और आंतरिक आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। जांच अभी शुरुआती चरण में है।

सेबी इनसाइडर ट्रेडिंग मामले में इंडसइंड बैंक के छह अधिकारियों के खिलाफ जांच कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि इन अधिकारियों ने बैंक में अकाउंटिंग से जुड़ी खामियों के बारे में जानकारी होने के बावजूद स्टॉक ऑप्शन बेचे थे, जबकि बैंक में सार्वजनिक रूप से इनका खुलासा नहीं किया गया था।

मामले से जुड़े दो सूत्रों ने बताया, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इन छह अधिकारियों की ओर से किए गए ट्रेड के समय की जांच कर रहा है, ताकि यह पता लग सके कि क्या इस बिक्री के जरिये बैंक के नियमों और आंतरिक आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। जांच अभी शुरुआती चरण में है। हालांकि, सेबी ने अभी तक इन अधिकारियों एवं बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया है और न ही कोईजवाब मांगा है। इस मामले की फॉरेंसिक जांच करने वाली ऑडिट एवं सलाहकार फर्म ग्रांट थॉर्नटन ने खुलासा किया था कि बैंक के दो अधिकारिकों को अकाउंटिंग संबंधी चूक के बारे में जानकारी थी। इसके बाद भी उन्होंने सार्वजनिक किए जाने से पहले शेयरों में ट्रेडिंग की। सेबी ने बैंक ने रिपोर्ट की एक कॉपी मांगी है।

लगातार दो साल से शेयरधारिता विवरण साझा नहीं करने पर बाजार नियामक सेबी ने अदाणी समूह में निवेश करने वाले मॉरीशस के दो फंड्स को लाइसेंस रद्द करने और जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के बाद से भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अदाणी समूह और उसके 13 ऑफशोर निवेशकों की जांच कर रहा है। सेबी के 28 मार्च के एक दस्तावेज के मुताबिक, मॉरीशस के दो फंड्स एलारा इंडिया ऑपर्च्युनिटीज फंड्स और वेस्पेरा फंड को 2023 से अपने सभी शेयरधारकों के बारे में जानकारी देने को कहा जा रहा है।लेकिन, दोनों विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बिना किसी कारणअभी तक यह जानकारी मुहैया नहीं कराई है।

## अमेजन फैशन ने अपने जेन ज़ी ऑनलाइन स्टोर को सर्व के रूप में किया रीब्रांड

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेजन फैशन ने जेन ज़ी को खास तौर पर ध्यान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है. इस स्टोरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्टाइलिश स्वरूप में सर्व के नाम से पेश किया गया है। सर्व की बात करें तो इस शब्द का अर्थ खुद को पूरे कॉन्फिडेंस और स्टाइल के साथ पेश करना, वो भी इस अंदाज़ में कि लोग देख कर इंप्रेस हो जाएं। ये शब्द आज के जेन ज़ी की ज़ुबान में खूब इस्तेमाल होता है, और अब हर उम्र के लोग इसे अपनाने लगे हैं. ये शब्द फैशन, ब्यूटी और अपनी पहचान को खुलकर दिखाने वाले पूरे एटीट्यूड को दिखाता है, यानी ऐसा स्टाइल जो भीड़ में अलग नजर आए। 'सर्व' सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं. इसका मकसद है – फैशन और ब्यूटी के जरिए अपनी पहचान को बेझिझक दिखाना। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन ज़ी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है. वहीं चंडीगढ़, कोच्चि, पटना, नागपुर, जयपुर और सूरत जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों से शॉपिंग करने वालों की संख्या 4 गुना तक बढ़ी है. 'सर्व' आज के युवा ग्राहकों के लिए फैशन से जुड़ने का तरीका पूरी तरह से बदलने वाला है जहां स्टाइल सिर्फ ट्रेंड नहीं, खुद को एक्सप्रेस करने का जरिया बनता जा रहा है.

# जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक है: जस्टिस अभय एस ओका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अदालत में फैसला करते समय भी गलती हो सकती है। उन्होंने कहा कि जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बॉम्बे हाई कोर्ट के जज रहते हुए उनसे भी गलती हुई थी। साल 2016 में घरेलू हिंसा के एक मामले में उनसे सही बात समझने में गलती हो गई। जस्टिस ओका ने कहा कि जजों के लिए लगातार सीखने का सिलसिला चलता रहता है। जस्टिस ओका ने कहा कि यह मानते हुए कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत घरेलू हिंसा कानून की धारा 12 (1) के तहत दी गई याचिका को भी खारिज किया जा सकता है। हालांकि यह कानून कहता है कि कोई भी महिला भुगतान, मुआवजा या फिर अन्य राहत के लिए मजिस्ट्रेट का रुख कर सकती है। जस्टिस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाया था। वहीं जस्टिस ओका का विचार एकदम अलग था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि घरेलू हिंसा के खिलाफ कानून महिलाओं को न्याय देने के लिए बनाया गया है। ऐसे में धारा 482 के तहत अगर अर्जी खारिज करने की बात आती है तो हाई कोर्ट को गहनता से विचार करना चाहिए। जब तक यह नहीं स्पष्ट होता है कि केवल कानून का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है या फिर केस पूरी तरह से गलत है, इस तरह की याचिका को खारिज नहीं करना चाहिए।

बेंच की तरफ से फैसला लिखने वाले जस्टिस ओका ने कहा, इस फैसले के साथ यह बताना जरूरी है कि मैं 27 अक्टूबर 2016 को बॉम्बे हाई कोर्ट के एक फैसले में भी शामिल था जिसमें कहा गया था कि घरेलू हिंसा के कानून के सेक्शन 12 (1) के मामले में सीआरपीसी की धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा, मेरी इस बात पर हाई कोर्ट की पूरी बेंच सहमत नहीं थी। ऐसे में हमारा कर्तव्य था कि हम अपनी गलती को सुधारें।

जस्टिस ओका ने कहा कि उन्हें अपना फैसला सुधारना पड़ गया। उन्होंने कहा कि यह कहना कि घरेलू हिंसा के मामले में धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने का प्रावधान ही नहीं है, एक तरह से गलत था। ऐसे में यह लगता था कि मामला केवल सिविल नेचर का ही होगा। हालांकि परिस्थिति के अनुसार धारा 482 के तहत फैसला किया जा सकता था। यह विचार सुप्रीम कोर्ट की बात से भी अलग था। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा था कि यह कानून महिलाओं को न्याय देने के लिए हैं। ऐसे में हाई कोर्ट का फैसला पूरी तरह से सही साबित नहीं होता था। इसमें सुधार किया गया।

## नई तकनीक ने कानून के अध्ययन में ला दी क्रांति- जस्टिस ओका

जस्टिस ओका ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हजारों न्यायिक निर्णयों का देश की कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। टीएमसी लॉ कॉलेज की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, पिछले 30 वर्षों से महाराष्ट्र में जिला अदालत तक में मराठी में काम किया जा रहा है। जस्टिस ओका ने कहा कि नयी प्रौद्योगिकी ने कानूनी अध्ययन में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा, आज उपलब्ध सुविधाओं के साथ, कानून का अध्ययन करना, शोध करना, इसका अर्थ समझना और कम समय में कई निर्णयों को समझना बहुत आसान हो गया है। छात्रों को इनका प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए।

## सीएम भजनलाल शर्मा की बैठक में एसडीओ सस्पेंड एसडीएम और तहसीलदार पर गिरी गाज!



**जयपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर और एसपी सहित कई उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान रायपुर (ब्यावर) के एसडीओ गुलाब चंद वर्मा को भ्रष्टाचार की शिकायत के चलते तत्काल सस्पेंड कर दिया गया, वहीं रामसर (बाड़मेर) के एसडीएम अनिल कुमार जैन को एपीओ (अवैतनिक प्रतीक्षा आदेश) पर भेजा गया। साथ ही रायपुर (ब्यावर) तहसीलदार पुष्पेंद्र पंचाल और रामसर (बाड़मेर) तहसीलदार अशोक कुमार मेघवाल दोनों को एपीओ किया गया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें संज्ञान में आने के बाद बैठक के दौरान ही की गई, जिससे प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई। मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



### प्रोफेसर अली खान पर महिला आयोग का दावा- उनके परिवार का सदस्य पाकिस्तान में करता है फंडिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी पर महिला आयोग ने नए दावे किए हैं। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा ने इनके परिवार के एक सदस्य पाकिस्तान की किसी पार्टी को फंडिंग करते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में भाटिया ने कहा, इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने (प्रोफेसर खान) जो पोस्ट किया, उसका मायने निकालकर देखिए। क्या अंग्रेजी में लिखे हुए का हिंदी में मतलब बदल जाता है? क्या एक महिला का अपमान हिंदी में बोलने से अलग और इंग्लिश में बोलने से अलग हो जाता है? अगर किसी बेटी का अपमान हुआ है तो मैं ऐक्शन लूंगी। देश की बेटी का अपमान सहन नहीं किया जा सकता। मैं अपना दायित्व पूरी तरह से समझती हूं।

रेणु भाटिया ने कहा कि बॉर्डर से चंद किलोमीटर दूर बैठा यह व्यक्ति (प्रोफेसर खान) फ्रेम करने में लगा है। वो भी ऐसे समय जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा हो। हम सब यह देखने के लिए उत्सुक रहते हैं कि शाम को कब विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी आएंगी और ये बताएंगी कि युद्ध में क्या हुआ। आप इन बेटियों के लिए ऐसा बोल रहे हैं। आप उनकी सारी पोस्ट देखिए तो पता चलेगा कि वह किस तरह के व्यक्ति हैं। वह पहले भी ऐसी बातें कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मैंने पढ़ा कि इनके परिवार के एक सदस्य पाकिस्तान की किसी पार्टी को फंडिंग भी करते हैं। इससे इनकी सोच का पता चलता है। एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर, एक तरफ फंडिंग और एक तरफ देश की बेटी के लिए ऐसा बोलना। इन सबको मिलाकर देखिए तो पता चलेगा।

**यूनिवर्सिटी में चेकिंग को लेकर प्रदर्शन पर सवाल:** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष ने प्रोफेसर महमूदाबाद की ओर इशारा करते हुए कहा कि राजा बाबू आप अपने घर पर होंगे। हम नहीं मानते। किसी भी पार्टी के व्यक्ति या पुरुष को किसी महिला के बारे में हल्का बोलने की छूट नहीं है। जो भी कार्रवाई होगी, वो की जाएगी। मैंने अपने हरियाणा में यह किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैंने न्यूज में पढ़ा कि अशोका यूनिवर्सिटी में एक बार प्रोटेस्ट हुआ था और यह सिक्योरिटी को लेकर था। मैंने वाइस चांसलर और दूसरों से इस बारे पूछा तो पता चला कि उसमें भी अली खान शामिल थे। आखिर बच्चों ने चेकिंग के लिए प्रोटेस्ट क्यों किया? यूनिवर्सिटी में ऐसा क्या आता-जाता है कि बच्चे चेकिंग रोकना चाहते हैं? अगर ऐसा कुछ नहीं तो चेकिंग के खिलाफ प्रदर्शन क्यों किया गया? इसका जवाब दिया जाना चाहिए।

### क्या 65 की उम्र तक पढ़ाएंगे कॉलेज शिक्षक? हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने कॉलेज शिक्षकों की रिटायरमेंट उम्र को 60 वर्ष से 65 वर्ष तक बढ़ाने वाली याचिका पर नोटिस कर सरकार से जवाब मांगा। याचिकाकर्ता अशोक कुमार अग्रवाल की तरफ से उनके अधिवक्ता अक्षय दत्त शर्मा व सुप्रिय ने पैरवी की। अधिवक्ता अक्षय दत्त शर्मा ने बताया कि याचिका पर राज्य सरकार, विधि व उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, कॉलेज शिक्षा आयुक्त और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि क्यों न प्रदेश के कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष कर दी जाए। यह आदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह और न्यायाधीश आनंद शर्मा ने सोमवार को दिया। प्रार्थीपक्ष की ओर से अधिवक्ताओं सुप्रिय और अक्षय दत्त शर्मा ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार और यूजीसी की ओर से कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसे देश के अनेक राज्यों ने अपनाया है।

## महाराष्ट्र में नई कार लेना हुआ मुश्किल, राज्य सरकार ने बना दिया नया नियम



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में अब नई कार लेना और भी ज्यादा मुश्किल होने वाला है। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सोमवार को यह घोषणा की है कि जब तक खरीदार संबंधित नगर निकाय में पार्किंग स्थान का प्रमाण पत्र नहीं दे देता, तब तक उसके नाम पर नए वाहन का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। यह निर्णय मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र में बढ़ते पार्किंग संकट से निपटने के लिए लिया गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की नई पार्किंग नीति पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह घोषणा की गई है। बैठक के बाद मंत्री सरनाईक ने कहा, हम पार्किंग स्थल बनाने पर विचार कर रहे हैं। विकास नियमों का पालन किया जाना चाहिए और डेवलपर्स को फ्लैटों के साथ पार्किंग की जगह भी देनी चाहिए। अब जो नए खरीदार होंगे उनके पास यदि नगर निकाय से पार्किंग आवंटन प्रमाण पत्र नहीं है, तो उनके नाम से नए वाहनों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। मुंबई महानगर क्षेत्र में पार्किंग की जगह की भारी कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि शहरी विकास विभाग शहर के बड़े मनोरंजन स्थलों के नीचे पार्किंग प्लाजा के निर्माण की अनुमति देने पर काम कर रहा है। इसके अलावा सरनाईक ने पॉड टैक्सी नेटवर्क को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पॉड टैक्सी परियोजना पर एक डिजाइन मेरे सामने रखा गया था। मैंने वडोदरा का दौरा किया है, जो दुनिया की पहली पॉड–कार परियोजना की मेजबानी करने को तैयार है।

## सुक्खू सरकार की बड़ी सौगात- 1000 पशु मित्रों की भर्ती समेत कई कर्मियों का मानदेय बढ़ा, गौवंश चारे का अनुदान भी बढ़ा



**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य सचिवालय में हुई हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में पशु मित्र नीति-2025 को मंजूरी देते हुए पशुपालन विभाग में 1,000 मल्टी-टास्क वर्कर (पशु मित्र) की भर्ती को हरी झंडी दी गई। मंत्रिमंडल ने शिक्षा विभाग में स्कूल लाइब्रेरी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 100 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (लाइब्रेरी) के पद भरने की स्वीकृति दी गई है। वहीं राजस्व विभाग में भी 10 सीनियर असिस्टेंट और 15 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के पद सृजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर स्थित राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण में विभिन्न श्रेणियों के 5 पदों को भरने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आयुष विभाग में 5 आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती बैच आधार पर करने का भी फैसला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने गौसदनों में रखे गए गौवंश के लिए चारे की अनुदान राशि को 700 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति मवेशी प्रति माह करने का निर्णय लिया है, जिससे गोसेवा से जुड़ी संस्थाओं को राहत मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मियों के लिए राहत भरी घोषणा करते हुए कैबिनेट ने ऑपरेशन थिएटर सहायकों का मानदेय 17,820 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये और रेडियोग्राफर एवं एक्स-रे तकनीशियनों का मानदेय 13,100 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने की मंजूरी दी।

प्रवक्ता के मुताबिक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत निजी उद्यमियों को सीएसआर फंडिंग के माध्यम से जर्जर वन भूमि पर पौधारोपण करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे वन क्षेत्र में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि शहरी विकास को संतुलित रखने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश टाउन एंड कंट्री प्लानिंग नियमावली 2014 में संशोधन किया गया है। अब शिमला नगर निगम क्षेत्र में घाटी की ओर बनने वाले भवन सड़क स्तर से कम से कम एक मीटर नीचे होंगे।माता तारा देवी मंदिर के आसपास के वन क्षेत्र को शिमला विकास योजना के हरित क्षेत्र में शामिल करने का भी निर्णय लिया गया है जिससे इस धार्मिक स्थल के आसपास का क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से संरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अधिक अवसर देने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2023 के अंतर्गत ई-टैक्सियों की खरीद हेतु व्यापक दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे।

लोक निर्माण विभाग में डिज़ाइन विंग को सिविल विंग में विलय करने का निर्णय भी लिया गया है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक दक्ष एवं प्रभावी हो सके। इसके अलावा कुल्लू जिले के निरमंड विकास खंड में स्थित पशु औषधालय सराहन का नाम बदलकर बगा सराहन किया गया है।

## इंडियाना में पुलिस अधिकारी की हत्या के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा, घातक इंजेक्शन लगाकर दिया गया मृत्युदंड



**मिशिगन सिटी, एजेंसी।** अमेरिका के इंडियाना राज्य में एक व्यक्ति को वर्ष 2000 में एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी ठहराया गया। उसे मंगलवार को एक घातक इंजेक्शन देकर मृत्युदंड दे दिया गया। राज्य में 15 वर्षों में यह दूसरा ऐसा मामला है, जिसमें किसी को मृत्युदंड की सजा दी गई है। अमेरिका के इंडियाना राज्य में एक व्यक्ति को वर्ष 2000 में एक पुलिस अफसर की हत्या के मामले में मौत की सजा दी गई है। यह पिछले 15 सालों में इस राज्य में दी गई दूसरी मौत की सजा है। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान आरोपी बेंजामिन रिची और उसके साथियों ने इंडियाना के बीच ग्रोव शहर में एक कार चुराई थी। जब पुलिस अधिकारी टोनी ने रिची का पीछा किया, तब रिची ने उन पर चार गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि, 45 वर्षीय बेंजामिन रिची को साल 2002 में पुलिस अधिकारी बिल टोनी की हत्या के जुर्म में सजा सुनाई गई थी। बिल टोनी बीस ग्रोव पुलिस विभाग में काम करते थे और 31 साल के थे। वह दो बच्चों के पिता थे। इस घटना के बाद 22 साल बाद आरोपी बेंजामिन रिची को इंडियाना के मिशिगन सिटी में स्थित राज्य कारागार में मंगलवार आधी रात के बाद घातक इंजेक्शन लगाकर मृत्युदंड दिया गया।

रात 12¬46 बजे उसे मृत घोषित किया गया। वहीं मौत की सजा से पहले आरोपी रिची ने पैरोल बोर्ड (रिहाई बोर्ड) से कहा, मैंने अपनी और दूसरों की जिंदगियां बर्बाद कर दीं। उस रात के लिए मैं बेहद शर्मिंदा हूं। काश मैं अपने उस 20 साल के खुद को रोक पाता, जो किसी की सुनता ही नहीं था। मृत्युदंड से पहले रिची के वकीलों ने कोर्ट में यह दलील दी कि वह बचपन से मानसिक बीमारियों से पीड़ित था। उसकी मां ने गर्भावस्था के दौरान शराब और नशे का सेवन किया। रिची को फीटल अल्कोहल स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एफएएसडी) और बचपन में सीसे के जहर का सामना करना पड़ा था। साल 2005 में उसे बाइपोलर डिसऑर्डर (मिजाज बदलने की बीमारी) का भी इलाज हुआ था। रिची के वकीलों ने उसकी सजा माफ करने की अपील की थी। लेकिन इंडियाना के नए रिपब्लिकन गवर्नर माइक ब्रौन ने इसे ठुकरा दिया।

## रिवेंज पोर्न को लेकर अमेरिका में बना कानून, ट्रंप और मेलेनिया ने किए हस्ताक्षर



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलेनिया ट्रंप ने सोमवार को रिवेंज पोर्न को रोकने से संबंधित एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए। इस कानून के जरिए किसी व्यक्ति की सहमति के बिना उसकी निजी तस्वीरों, वीडियो या रिवेंज पोर्न को शेयर करने की हरकतों पर सजा दी जा सकेगी। इस बिल को पास करवाने के लिए मेलेनिया ट्रंप मार्च में सीनेट के सदस्यों से बात करके इस बिल के पक्ष में सहमति बनवाने में कामयाबी हासिल की थी। वाइट हाउस की तरफ से इस मुद्दे पर मीडिया को जवाब देते हुए प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि फर्स्ट लेडी मेलेनिया ट्रंप ने इस कानून को पास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह कानू किसी भी व्यक्ति की सहमति के बिना उसकी अंतरंग तस्वीरों, वीडियोज को इंटरनेट पर शेयर करना या शेयर करने की धमकी देने के संघीय अपराध बनाता है। एआई टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए इस बिल में डीप फेक को भी शामिल किया गया है। इस कानून के तहत शिकायत होने पर किसी भी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्म को संबंधित वीडियो या तस्वीर 48 घंटे के अंदर हटाना होगा। इसके अलावा डुप्लीकेट सामग्री को हटाने के लिए भी कदम उठाने होंगे। आपको बता दें कि अमेरिका में संघीय सरकार के फैसला लेने के पहले ही कई राज्य इस तरह के रिवेंज पोर्न पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। हालांकि ट्रंप प्रशासन का टेक इट डाउन एक्ट इंटरनेट कंपनियों के ऊपर एक दुर्लभ प्रतिबंध है। सीनेट की सर्वसम्मति से पारित हुए इस विधेयक को आलोचना का भी सामना करना पड़ा।

## हमसे जो हो सकता है, हम कर रहे, राष्ट्रपति ट्रंप ने व्लादिमीर पुतिन को बताया सज्जन व्यक्ति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हर सप्ताह पांच हजार युवा सैनिक मारे जा रहे हैं। ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध के लिए पिछली बाइडन सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि ये सब पिछली सरकार में हुआ और उन्होंने ये होने दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बात की, जिसमें युद्धविराम को लेकर चर्चा की गई। मंगलवार को केनेडी सेंटर बोर्ड डिनर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति की जमकर तारीफ की और उन्हें सज्जन व्यक्ति बताया। ट्रंप ने कहा कि एक दिन पहले ही मेरी एक सज्जन व्यक्ति जिनका नाम व्लादिमीर पुतिन है, उनसे बात हुई है। हमारे बीच अच्छी बातचीत हुई और बातचीत में थोड़ी बहुत तरक्की भी हुई है। रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हर सप्ताह पांच हजार युवा सैनिक मारे जा रहे हैं। ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध को नरसंहार बताया और कहा कि क्या आप यकीन कर सकते हैं? पांच हजार! ये आंकड़े और भी ज्यादा हो सकते हैं क्योंकि हमलों में आम नागरिक भी मारे जा रहे हैं। हम इसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं और जो हम कर सकते हैं कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि मैंने सैटेलाइट तस्वीरें देखी हैं, जिनमें तबाही दिखाई दे रही है। ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध के लिए पिछली बाइडन सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि ये सब पिछली सरकार में हुआ और उन्होंने ये होने दिया। ट्रंप ने कहा कि वैसे तो रूस–यूक्रेन युद्ध से अमेरिका का कोई वास्ता नहीं है फिर भी हम लड़ाई रुकवाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरह पश्चिम एशिया में चल रही लड़ाई भी अमेरिका की नहीं है, लेकिन फिर भी हम कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने अपने पश्चिम एशियाई दौरे को बेहद सफल बताया, जहां उन्होंने 1.5 खबर डॉलर के सौदे किए।

## दुनियाभर की जेलों में 23456 पाकिस्तानी कैद; दुष्कर्म हत्या-नशा और धोखाधड़ी के मामलों में हुई है सजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के 23,000 लोग दुनियाभर में दुष्कर्म, हत्या, मादक पदार्थों की तस्करी और धोखाधड़ी समेत विभिन्न अपराधों में जेल की सलाखों के पीछे बंद है। यह बात पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने नेशनल असेंबली को सूचित करते हुए बताई। उसने कहा, वर्तमान में 23,456 पाकिस्तानी नागरिक विदेशों में सलाखों के पीछे कैद हैं। इनमें से सबसे अधिक 12,156 कैदी सऊदी अरब में बंद हैं।

पाकिस्तान के डॉन अखबार ने यह जानकारी विदेश मंत्रालय के हवाले से जारी की है। डॉन ने बताया कि निचले सदन के प्रश्नकाल के दौरान विदेश मंत्रालय ने यह बयान दिया है। डॉन ने बताया, एक लिखित जवाब में मंत्रालय ने कहा कि यूएई में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा 5,292 पाकिस्तानी कैदी हैं। चीन में कैद 400 पाकिस्तानियों में से अधिकांश को ड्रग तस्करी, दुष्कर्म, डकैती, हत्या और जाली मुद्रा के मामलों में दोषी ठहराया गया है। बहरीन में कैद 450 पाकिस्तानियों को ड्रग तस्करी, ड्रग्स रखने और धोखाधड़ी के मामलों में दोषी ठहराया गया था। अफगानिस्तान ने 88 पाकिस्तानियों को निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने और सुरक्षा संबंधी अपराधों के लिए दोषी ठहराया है।



सऊदी अरब और यूएई को छोड़ दें तो पश्चिम एशिया के अन्य देशों में भी पाकिस्तानियों का ट्रैक रिकॉर्ड खराब बना हुआ है। यहां कतर में 338 और ओमान में 309 पाकिस्तानी नशा तस्करी, हत्या, डकैती और यौन उत्पीड़न में दोषी ठहराए गए हैं। मलयेशिया में ऐसे अपराधों के लिए 255 पाकिस्तानियों को दोषी ठहराया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने स्वीकार किया कि अन्य देश जहां पाकिस्तानियों को कैद किया गया, उनमें कनाडा में नौ, डेनमार्क में 27 शामिल हैं। मित्र देश तुर्किये में 147 कैदी और अजरबैजान में 16 में से 11 कैदी संगीन मामलों में दोषी साबित हुए हैं।

**पाकिस्तान में 50प्रतिशत मस्जिदें आतंकियों का अड्डा:** वहीं, जम्मू कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान व लद्दाख के लिए राष्ट्रीय समानता पार्टी के अध्यक्ष प्रोफेसर सज्जाद राजा ने पाकिस्तानी कब्जे वाले इलाके में जीवन की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया। ऑपरेशन सिंदूर पर बात करते हुए उन्होंने पाकिस्तान में आतंकवाद को समर्थन पर प्रकाश डाला। राजा ने कहा, ऑपरेशन ने आतंकी गुटों व पाकिस्तानी सेना को अधिक सतर्क बना दिया है। वह बोले, पाकिस्तान में 50प्रतिशत मस्जिदें आतंकवाद के लिए मोर्चे का काम कर रही हैं। प्रोफेसर सज्जाद राजा ने कहा, सेना खुद नहीं मरती। यह मरने के लिए कठपुतलियों को भेजती है, इसलिए वे डरे हुए नहीं हैं। अब वे निश्चित रूप से अधिक सतर्क होंगे क्योंकि उनका पर्दाफाश हो गया है। आतंकी शिविरों के अस्तित्व पर उन्होंने कहा, पीओजेके और पूरे पाकिस्तान में अभी भी कई आतंकी शिविर चल रहे हैं। वास्तव में, पाकिस्तान में लगभग 50प्रतिशत मस्जिदें आतंकवाद का मोर्चा बन गई हैं। यहां अभी भी लोगों को हमलों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। विकास की तुलना में आतंकवाद के प्रति पाकिस्तान के जुनून को समझाते हुए राजा ने कहा, देश में सेना की नीति अर्थव्यवस्था और समाज पर हावी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129

आईपीएल-2025

# लखनऊ समेत 5 टीमें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर



## मुंबई की टीम कैसे क्वालिफाई कर सकती है?

मुंबई की टीम के दो मैच बाकी हैं। उन्हें 21 मई को दिल्ली कैपिटल्स से मुंबई में और 26 मई को पंजाब किंग्स से जयपुर में भिड़ना है। इन दोनों मैचों में जीत मुंबई को प्लेऑफ में पहुंचा देगी। यहां तक कि मुंबई की दिल्ली पर जीत उन्हें प्लऑफ में पहुंचा देगी। अगर मुंबई की टीम दिल्ली को हरा देती है तो उनके 16 अंक हो जाएंगे। वहीं, दिल्ली के भी दो मुकाबले बचे हैं। हालांकि, मुंबई से हारने के बाद उनका सफर समाप्त हो जाएगा। आखिरी मुकाबला जीतने पर भी उनके 15 ही अंक हो पाएंगे और टीम मुंबई की बराबरी नहीं कर पाएगी। दिल्ली पर जीत के बाद अगर मुंबई की टीम अपने आखिरी मैच में पंजाब से हार भी जाती है तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। दिल्ली के खिलाफ हार मुंबई के समीकरण को बिगाड़ सकती है। फिर उन्हें पंजाब के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी, साथ ही यह मनाना होगा कि दिल्ली अपने आखिरी मैच में पंजाब से नहीं जीते। इस स्थिति में मुंबई के 16 और दिल्ली के 15 ही अंक रह जाएंगे और मुंबई की टीम क्वालिफाई कर जाएगी।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 अब दिलचस्प मोड़ तक पहुंच चुका है। प्लेऑफ के लिए जंग दिलचस्प हो चली है। अब तक तीन टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया है, जबकि पांच टीमें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स भी सनराइजर्स हैदराबाद से हारकर इस दौड़ से बाहर हो गई। अब सिर्फ दो टीमों के बीच चौथे स्थान के लिए टक्कर है। ये दो टीमें हैं मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स। अब मुंबई और दिल्ली के बीच 21 मई को होने वाला मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट होगा। अगर इस मैच में दिल्ली की टीम हारी तो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। उनके लिए जीत ही एकमात्र विकल्प होगा।

इससे पहले रविवार को डबल हेडर ने तीन टीमों के लिए प्लेऑफ का रास्ता साफ कर दिया। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। हालांकि, प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमों का फिलहाल पायदान तय नहीं है और यह आगे के कुछ मुकाबलों के बाद तय हो जाएगा। वहीं, प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली टीमों में लखनऊ के अलावा राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स शामिल हैं।

### गुजरात, पंजाब और बेंगलुरु ने कैसे किया क्वालिफाई?

17 मई को आरसीबी का कोलकाता के खिलाफ मुकाबला बारिश से धुल गया था। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले थे। इससे बेंगलुरु के 12 मैचों में 17 अंक हो गए थे। इसके बाद रविवार को गुजरात ने दिल्ली को और पंजाब ने राजस्थान को हराकर दो-दो अंक बटोरे। इससे गुजरात के 12 मैचों में 18 अंक और पंजाब के 12 मैचों में 17 अंक हो गए। इन तीनों टीमों के अभी दो-दो और मैच बाकी हैं। ऐसे में ये टीमें 20 अंक का आंकड़ा भी पार कर सकती हैं। अन्य टीमों में सिर्फ मुंबई ही है जो 17 अंक को पार सकती है। दिल्ली अधिकतम 17 अंक तक पहुंच सकती है। वहीं, लखनऊ अधिकतम 16 अंक तक पहुंच सकती है। ऐसे में आरसीबी और पंजाब ने क्वालिफाई कर लिया।

### बेंगलुरु, गुजरात और पंजाब ने बनाया रिकॉर्ड

बेंगलुरु ने पिछले छह सीजन में पांचवीं बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, गुजरात ने पिछले चार सीजन में तीसरी बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। हालांकि, यह पंजाब के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि टीम ने 11 वर्षों में पहली बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। टीम ओवरऑल तीसरी बार प्लेऑफ में पहुंची है। श्रेयस आईपीएल में पहले कप्तान बन गए हैं, जिसने तीन टीमों को प्लेऑफ में पहुंचाया है। पंजाब से पहले वह दिल्ली के कप्तान (2019, 2020) रहते हुए और 2024 में कोलकाता के कप्तान रहते हुए प्लेऑफ में पहुंच चुके हैं।

# ऋषभ पंत की अगुवाई वाली एलएसजी के आईपीएल 2025 से बाहर

## भावुक टीम मालिक ने शेयर किया दिल का दर्द




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के 61वें मैच में अभिषेक शर्मा के अर्धशतक और हेनरिक क्लासेन की 47 रनों की पारी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने सोशल मीडिया पर एक भावुक नोट साझा किया।

लखनऊ को खिताबी मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की दरकार थी लेकिन अभिषेक और क्लासेन ने इस पर पानी फेर दिया। लखनऊ ने मिशेल मार्श (65) और एडेन मार्करम (61) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत 205/7 का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास में पहली बार एकाना स्टेडियम में 200 से ज्यादा रनों का लक्ष्य हासिल किया जिसमें अभिषेक शर्मा ने महज 20 गेंदों पर 59 रनों की शानदार पारी (18 गेंदों पर अर्धशतक) खेली। क्लासेन की धमाकेदार पारी की बदौलत टीम ने 18.2 ओवर में 206/4 का स्कोर बनाते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने पर एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने सोशल मीडिया पर लिखा, सीजन का दूसरा भाग चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन इसमें बहुत कुछ है जिससे हम हिम्मत रख सकते हैं। जोश, प्रयास और उत्कृष्टता के क्षण हमें आगे बढ़ने के लिए बहुत कुछ देते हैं। दो मैच बचे हैं। आइए गर्व के साथ खेलें और मजबूती से खत्म करें। गौर हो कि लखनऊ हार के बाद 12 मैचों में 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर खिसक गई जबकि सनराइजर्स ने सीजन की चौथी जीत दर्ज करते हुए 9 अंक हासिल किए।

# पंत यह स्वीकार करने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका सत्र अच्छा नहीं रहा :मार्श

लखनऊ (एजेंसी)। ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत के बावजूद एक बेहतरीन मैच विजेता की अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और लखनऊ सुपर जाइंट्स के मिचेल मार्श ने टीम के आईपीएल से बाहर होने के बाद कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज यह स्वीकार करने वाला पहला व्यक्ति होगा कि इस लुभावनी टी20 लीग में उनका सत्र अच्छा नहीं रहा।

सुपर जाइंट्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जबकि उसके दो और मैच बचे हैं। सुपर जाइंट्स के कप्तान पंत ने 12 मैच में 135 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 100 से कम है। यह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पदार्पण करने के बाद से उनका सबसे खराब आईपीएल सत्र रहा है।

अब तक पांच अर्धशतक से 443 रन बनाने वाले मार्श ने संवाददाताओं से कहा, 'वह यह कहने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका सत्र वैसा नहीं रहा जैसा उन्हें पसंद होता लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं कि कभी-कभी क्रिकेट इसी तरह चलता है। मार्श ने उम्मीद जताई कि पंत सुपरजाइंट्स के आखिरी दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, हालांकि ये महज औपचारिकता के मुकाबले होंगे। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, बेहद कुशल और बेहद प्रतिभाशाली है इसलिए वह वापसी करेगा।

सत्र के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछे जाने पर मार्श ने कहा कि 14वें लीग मैच के खत्म होने के बाद सभी के प्रदर्शन की जांच की जा सकती है। मार्श ने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद इस सत्र के बाद आत्मचिंतन का समय आएगा। मेरा ध्यान बस अपनी टीम और अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने में योगदान देने की कोशिश करने पर है। जैसा कि मैंने कहा कि आईपीएल एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और इसमें जीत का अंतर बहुत कम होता है। उन्होंने कहा, 'हमने पूरे सत्र में कुछ करीबी मैच गंवाए जो अब हमें नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन हां, अब यह सब इस बारे में है कि हम जितना संभव हो सके इस सत्र को मजबूती से खत्म करें।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले सत्र में केवल आक्रमण करने के अपने सिद्धांत के



साथ टी20 बल्लेबाजी की नई परिभाषा लिखी थी लेकिन इस सत्र के दौरान यह कारगर नहीं रहा जहां टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि अभी उसके दो मैच बचे हुए हैं। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा, 'लोगों ने इस बारे में बात की है कि जाहिर तौर पर हम इस वर्ष आक्रामक होने की प्रतिष्ठा के साथ आए थे और फिर पहले मैच में हमने 280 रन बनाए। इस बात की चर्चा थी कि यह जारी रहेगा। मुझे लगता है कि हमारे लिए यह सिर्फ परिस्थितियों के बारे में सीखना और यह समझना है कि हम उन परिस्थितियों में कैसे खेलते हैं और कुछ बार हम लड़खड़ा गए।

इस पूर्व दिग्गज स्पिनर ने कहा कि टीम के लिए हालात से सामंजस्य बैठाना एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया। विटोरी ने कहा, 'शायद (हम) उतनी जल्दी सामंजस्य नहीं बैठा पाए जितना हम चाहते थे और ऐसा खेल खेला जो उन तरह के विकेटों के अनुकूल नहीं था इसलिए यह प्रमुख सीख है।

# हर्षल पटेल ने आईपीएल में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया, मलिंगा और बुमराह को छोड़ा पीछे

लखनऊ (एजेंसी)। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सोमवार को एकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एकमात्र विकेट लेकर 150 आईपीएल विकेट पूरे किए। हैदराबाद के ज्यादातर गेंदबाजों की तरह हर्षल भी महंगे साबित हुए। फिर भी वह कैश-रिच लीग के इतिहास में सबसे कम गेंदों में यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे।



हर्षल को खेल का अपना एकमात्र विकेट लेने के लिए 16वें ओवर तक इंतजार करना पड़ा। चौथी गेंद पर उन्होंने गति से रहित एक निर्दोष यॉर्कर को अंजाम देकर एडेन मार्करम को बोल्ड किया और 61 (38) के स्कोर पर क्रीज पर उनकी शानदार बल्लेबाजी का अंत किया। हर्षल ने चार ओवरों का पूरा कोटा फेंकने के बाद 1/49 के आंकड़े के साथ लौटे। हर्षल ने अपना 150वां आईपीएल विकेट मनाया और 2381 गेंदों में उपलब्धि हासिल की, जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज है।

चालाक तेज गेंदबाज ने लसिथ मलिंगा के 2444 के टैली को बेहतर रिकॉर्ड बनाया। इसी के साथ ही उन्होंने युजवेंद्र चहल (2543), ड्वेन ब्रावो (2656) और जसप्रीत बुमराह (2832) को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवाया। हालांकि, 2021 और 2024 के पर्पल कैप विजेता के ऐतिहासिक क्षण को मिशेल मार्श और एडेन मार्करम ने फीका कर दिया जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से एलएसजी को हराकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

# मुम्बई इंडियंस के प्लेऑफ में पहुंचने पर टीम में शामिल होंगे ये तीन धमाकेदार खिलाड़ी



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाईची मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी तौर पर टीम में जगह दी है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुम्बई इंडियंस ने बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपए, तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपए में अनुबंधित किया है। ये खिलाड़ी मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने पर टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे।

मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी। जैक्स 26 मई को मुम्बई इंडियंस का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ देंगे। वहीं रिकलटन और बॉश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे।

# आज प्लेऑफ के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगे मुंबई और दिल्ली

**मुंबई (एजेंसी)।** एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है।



दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ टीम की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है।

मुंबई इंडियंस (14 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) दोनों के पास प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है। लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। मुंबई की जीत से उनके 16 अंक हो जाएंगे और टीम अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम की पहुंच से बाहर हो जाएगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है। दोनों टीमों को अपने आखिरी मुकाबले पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं।

मुंबई इंडियंस की फॉर्म और गहराई उनके पक्ष में है। टीम को हालांकि लगभग दो सप्ताह पहले गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करीबी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लगातार छह जीत के बाद मुंबई को यह हार झेलनी पड़ी थी। जीत के साथ मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी लेकिन हार की स्थिति में उनका भाग्य 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर करेगा। महेला जयवर्धने के मार्गदर्शन में खेल रही टीम हालांकि दिल्ली को हराकर अगर-मगर पर विराम लगाना चाहेगी।

मुंबई के सुपरस्टार रोहित शर्मा पर सभी की नजरें होंगी क्योंकि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद यह उनका पहला मैच होगा। यह अनुभवी बल्लेबाज अपनी पूरी ताकत झोंकने और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए उत्सुक होगा। मुंबई की टीम अपने मौजूदा संयोजन का भी पूरा लाभ उठाना चाहेगी जिसमें रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश प्रमुख भूमिकाओं में हैं। प्लेऑफ से पहले ये दोनों दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होंगे।

सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे लेकिन मुंबई को तिलक वर्मा के लय हासिल करने की उम्मीद होगी। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज मौजूदा सत्र में प्रभाव छोड़ने में विफल रहा है और पिछले पांच मैच में तीन बार दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया। इस ब्रेक से जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे गेंदबाजों को जरूरी आराम और थकान से उबरने का मौका मिला होगा।

दिल्ली को गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में अपने शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (14 विकेट) की कमी खली जो आईपीएल के बहाल होने पर वापस नहीं लौटे। स्टार्क की गैरमौजूदगी में दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ पिछला मैच 10 विकेट से गंवाया। दिल्ली की टीम लोकेश राहुल (493 रन) के प्रदर्शन पर काफी निर्भर है जिन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ शानदार शतक बनाया था।

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हो गई लेकिन स्टार्क की जगह आए मुस्ताफिजुर रहमान ने शानदार गेंदबाजी की। दिल्ली ने आईपीएल की शुरुआत छह में से पांच मैच जीतकर की थी लेकिन दूसरे हाफ में उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा है। कुलदीप यादव (12 विकेट) ने एक छोर से नियंत्रण बनाया है लेकिन कप्तान अक्षर के लिए यह सत्र काफी हद तक निराशाजनक रहा है जिन्होंने अब तक 263 रन बनाने के अलावा सिर्फ पांच विकेट चटकाए हैं।

### टीमें

**मुंबई इंडियंस** – हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रेयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु कुमार, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान और जसप्रीत बुमराह।

**दिल्ली कैपिटल्स** – अक्षर पटेल (कप्तान), मुस्ताफिजुर रहमान, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**समय**–शाम 7.30 बजे।

# दिग्वेश-अभिषेक पर गिरी गाज, एक पर बैन तो दूसरे पर भारी जुर्माना, चलते मैच में हाथापाई करने चले थे

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को सोमवार को आईपीएल 2025 के मैच के दौरान हुई तीखी नोकझोंक के लिए सजा मिली है। दोनों खिलाड़ियों के बीच नोकझोंक इस कदर बढ़ गई थी कि हाथापाई तक पहुंच गए थे। लेकिन साथी खिलाड़ी बीच बचाव में आ गए और स्थिति संभल गई।



आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत एलएसजी स्पिनर का तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उनके दो डिमिट पॉइंट मिले जिसके परिणामस्वरूप उन पर एक मैच का बैन लग गया। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल के मुताबिक, यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत उनका तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उन्हें दो डिमेरिट अंक मिले हैं, इसके अलावा उन्होंने पहले तीन डिमेरिट अंक जमा किए थे 01 अप्रैल 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और 04 अप्रैल 2025 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक। चूंकि अब उनके पास इस सीजन में पांच डिमेरिट अंक हैं जिसके परिणामस्वरूप एक गेम का निलंबन बनता है, दिग्वेश अब एलएसजी के 22 मई 2025 को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए निलंबित रहेंगे।

# वैभव सूर्यवंशी के साथ मॉर्फ्ड फोटो देख भड़का प्रीति जिंटा का गुस्सा, अभिनेत्री ने लगाई फटकार

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल एक फेक फोटो को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फोटो में उन्हें राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को गले लगाते हुए दिखाया गया है। हालांकि, प्रीति ने इस फोटो को पूरी तरह से फर्जी बताया है और इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने इस वायरल फोटो को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने साफ किया कि यह तस्वीर मॉर्फ की गई है और इसके पीछे कुछ न्यूज चैनल्स का हाथ है। प्रीति ने एक्स पर लिखा, 'यह तस्वीर पूरी तरह से फर्जी और मॉर्फ की गई है। हैरानी की बात है कि अब न्यूज चैनल्स भी ऐसी फर्जी इमेज को न्यूज आइटम बनाकर परोस रहे हैं।

**प्रीति ने वैभव से मिलाया था हाथ** – दरअसल 18 मई को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए मैच के बाद अभिनेत्री ने खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी के साथ सिर्फ हाथ मिलाया था, जिसकी तस्वीर राजस्थान रॉयल्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर भी की गई लेकिन इस तस्वीर






को मॉर्फ करके इंटरनेट पर वायरल कर दिया गया। इस मैच में प्रीति की टीम पंजाब किंग्स ने जीत दर्ज करते हुए प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद प्रीति जिंटा मैदान पर बेहद एक्साइटेड नजर आईं और खिलाड़ियों को बधाई दी।

**सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी प्रतिक्रिया** – प्रीति के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की भी प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। कई यूजर्स ने एक्ट्रेस का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें इस मामले को कोर्ट तक ले जाना चाहिए। एक यूजर ने लिखा, 'ये मीडिया के कुछ हिस्सों की गिरती साख का उदाहरण है, बस व्यूज और टीआरपी के लिए किसी की छवि के साथ खेलना गलत है।' वहीं एक दूसरे यूजर ने सवाल उठाया कि आखिर यह खबर बनी क्यों? उन्होंने कहा कि अगर किसी से हाथ मिलाना भी खबर बन जाए और उस पर मॉर्फिंग की जाए, तो यह मीडिया की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल है।